राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# नवबिहार टाइम्स



झारखंड के दिवंगत मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू के अंतिम यात्रा के समय उपस्थित राज्यपाल, मुख्यमंत्री एवं अन्य

• बोकारो, सोमवार 7 सितम्बर 2026 • वर्ष : 10 • अंक : 113 • पृष्ठ : 12 • मूल्य : 3.00 रु. • RNI No. : JHAHIN2017/72655 • बोकारो, पटना व औरंगाबाद से प्रकाशित

# झारखंड के मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू का निधन, शोक की लहर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड मुक्ति मोर्चा के विधायक और हेमंत सरकार में उच्च शिक्षा मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू का आज असामयिक निधन हो गया। देर रात अचानक सीने में दर्द की शिकायत के बाद उन्हें स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया था जहां रविवार की सुबह उनका निधन हो गया। उनके निधन की खबर से झारखंड के राजनीतिक गलियारे में शोक की लहर दौड़ गई है। जानकारी के अनुसार मंत्री पिछले कई दिनों से गिरिडीह से बाहर थे और दो दिन पहले ही लौटे थे। शनिवार और रविवार की मध्यरात्रि वे हरसिंगरायडीह स्थित अपने घर पर थे, जहां अचानक उनके सीने में दर्द हुआ। दर्द की शिकायत पर उन्हें रात में ही गिरिडीह के एक निजी अस्पताल ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने जांच और इलाज शुरू किया लेकिन उन्हें बचाया नहीं जा सका। सुदिव्य कुमार सोनू के निधन पर झारखंड मुक्ति मोर्चा ने गहरी शोक संवेदना व्यक्त की है। पार्टी ने कहा कि झामुमो के सीनियर नेता और राज्य सरकार में मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू का निधन झारखंड के लिए एक अपूरणीय क्षति है। गिरिडीह से निर्वाचित विधायक सुदिव्य कुमार सोनू के पास शहरी विकास, पर्यटन, कला, संस्कृति, खेल और युवा मामलों जैसे अहम मंत्रालयों की ज़िम्मेदारी भी थी। झामुमो ने पार्टी के एक्स हैंडल पर जारी एक बयान में लिखा, झामुमो के समर्पित साथी और झारखंड सरकार में मंत्री सुदिव्य कुमार के असामयिक निधन से झारखंड मुक्ति मोर्चा परिवार स्तब्ध और दुखी है। उनका जाना पार्टी, सरकार और राज्य के लिए बड़ा धक्का है। सुदिव्य कुमार सोनू ने झामुमो के साथ सक्रिय राजनीति की और गिरिडीह में पार्टी संगठन को मजबूत करने में भूमिका निभाई। वे धीरे-धीरे पार्टी के प्रमुख स्थानीय नेताओं में शामिल हुए। उनकी पहचान सिर्फ चुनावी राजनीति तक सीमित नहीं रही बल्कि संगठन के स्तर पर भी वे सक्रिय रहे। बाद में पार्टी ने उन्हें गिरिडीह विधानसभा क्षेत्र से अपना उम्मीदवार बनाया। 2019 के झारखंड विधानसभा चुनाव में सुदिव्य कुमार सोनू ने गिरिडीह




सीट से झामुमो के टिकट पर चुनाव लड़ा और जीत दर्ज की। उन्होंने भाजपा के निर्भय कुमार शाहाबादी को हराया। इस जीत के साथ वे पहली बार विधानसभा पहुंचे और झारखंड की सक्रिय चुनावी राजनीति में उनका कद तेजी से बढ़ा। 2024 के विधानसभा चुनाव में भी सुदिव्य कुमार सोनू ने गिरिडीह से जीत हासिल की और लगातार दूसरी बार विधायक बने। इसके बाद हेमंत सोरेन के नेतृत्व वाली सरकार में उन्हें महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां मिलीं। उनके पास नगर विकास एवं आवास, उच्च एवं तकनीकी शिक्षा, पर्यटन, कला-संस्कृति, खेल और युवा कार्य जैसे विभाग रहे। इस तरह गिरिडीह के स्थानीय नेता से उनका राजनीतिक सफर राज्य सरकार के एक महत्वपूर्ण मंत्री तक पहुंचा। सोनू झामुमो के उन चुनिंदा नेताओं में से एक रहे, जब पार्टी के मुखिया हेमंत सोरेन 2024 में जेल गए तो भी उन्होंने पार्टी का साथ नहीं छोड़ा और पार्टी के काम को लगातार आगे बढ़ाते रहे। जब चंपई सोरेन जैसे बड़े नेताओं ने पार्टी के खिलाफ बिगूल फूंका तो भी सोनू पार्टी नेतृत्व के साथ खड़े रहे। इसका फायदा भी उन्हें मिला और जब 2024 के नवंबर में हेमंत दोबारा झारखंड की सत्ता में आए तो वह कैबिनेट मंत्री बनाए गए।

### राज्यपाल ने जताया शोक

झारखंड के राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने मंत्री सुदिव्य कुमार के निधन पर शोक जताया है। श्री गंगवार ने कहा कि राज्य के मंत्री सुदिव्य कुमार के असामयिक निधन का समाचार अत्यंत दुखद एवं हृदयविदारक है। उनका निधन राज्य के लिए एक अपूरणीय क्षति है। ईश्वर शोकाकुल परिजनों एवं समर्थकों को इस अपार दुःख को सहन करने की शक्ति प्रदान करें। सूबे के स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी में बताया कि आज सुबह-सुबह गिरिडीह पहुंचकर अपने साथी एवं भाई, मंत्री सुदिव्य के अंतिम दर्शन और श्रद्धांजलि में शामिल हुआ। आज मन बेहद व्यथित है। अपने भाई को खोने का दर्द शब्दों में बयां करना मुश्किल है। स्वास्थ्य मंत्री डॉ. अंसारी अपने साथी को खोने के गम में भावुक होकर रो पड़े। उन्होंने कहा कि हमने अपना एक भाई, अपना साथी और एक समर्पित जनसेवक खो दिया है। उनका असमय निधन हम सभी के लिए बहुत बड़ी क्षति है। झारखंड की राजनीति में भी उनकी कमी हमेशा महसूस होगी। उनके जैसा व्यक्तित्व और उनकी जगह शायद कभी पूरी नहीं हो पाएगी। ईश्वर दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान दें और उनके परिवार, समर्थकों एवं चाहने वालों को इस अपार दुख को सहने की शक्ति प्रदान करें।

## आप हमेशा याद आएंगे सोनू भैया : हेमंत सोरेन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने राज्य के कैबिनेट मंत्री और झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के वरिष्ठ नेता सुदिव्य कुमार सोनू के निधन पर गहरा दुख जताया है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने उन्हें सिर्फ वरिष्ठ राजनीतिक साथी नहीं बल्कि बड़े भाई के समान बताया और कहा कि उनका जाना उनके जीवन में ऐसी रिक्तता छोड़ गया है, जिसे शब्दों में व्यक्त करना संभव नहीं है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सोशल मीडिया पर भावुक संदेश साझा करते हुए कहा कि देर रात उन्हें अपने बड़े भाई और प्रिय सुदिव्य कुमार सोनू के निधन की दुखद खबर मिली। उन्होंने कहा कि इस खबर को स्वीकार कर पाना उनके लिए बेहद कठिन है। हेमंत सोरेन ने कहा कि सोनू उनके लिए सिर्फ वरिष्ठ साथी या राजनीतिक सहकर्मी नहीं थे बल्कि बड़े भाई की तरह थे। वे स्नेह देने वाले, मार्गदर्शन करने वाले और हर मुश्किल समय में मजबूती से साथ खड़े रहने वाले व्यक्ति थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि उनके साथ बिताए पल और उनसे मिली सीख हमेशा उनके साथ रहेंगी। मुख्यमंत्री ने अपने संदेश में सुदिव्य कुमार सोनू के झारखंड आंदोलन के दौर से जुड़े योगदान को भी याद किया। उन्होंने कहा कि सोनू भैया झारखंड आंदोलन के समय से ही स्मृति शेष बाबा दिशोम गुरुजी के साथ पूरी निष्ठा और मजबूती से खड़े रहे। हेमंत सोरेन ने कहा कि झारखंड मुक्ति मोर्चा के एक समर्पित सिपाही के रूप में सुदिव्य कुमार सोनू ने अपना पूरा जीवन झारखंड की अस्मिता, अधिकार और स्वाभिमान की लड़ाई को समर्पित किया। झारखंडियत के प्रति उनका समर्पण और उनकी जुझारू भावना हमेशा याद की जाएगी। मुख्यमंत्री ने अपने शोक संदेश में जीवन की क्षणभंगुरता का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि आज सोनू भैया को याद करते हुए मन बार-बार यही सोचता है कि जिंदगी कितनी क्षणभंगुर है। कल तक जो आवाज उनके बीच थी, आज वह सिर्फ स्मृतियों में रह गई है। हेमंत सोरेन ने कहा कि सुदिव्य कुमार सोनू का निधन उनके लिए व्यक्तिगत क्षति है और उनकी कमी हमेशा महसूस होगी। उन्होंने कहा कि सोनू के स्नेह, संघर्ष और झारखंड के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को वह जीवनभर अपने साथ लेकर चलेंगे। मुख्यमंत्री ने अपने संदेश के अंत में लिखा कि सोनू भैया उन्हें हमेशा याद आएंगे।

## अंतिम यात्रा में उमड़ा जनसैलाब, सीएम हेमंत ने दिया कंधा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गिरिडीह।** झारखंड सरकार के दिवंगत मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू का अंतिम संस्कार उसरी नदी स्थित हरसिंहरायडीह श्मशान घाट पर की गयी। राज्य सरकार के निर्णय के अनुसार उन्हें राजकीय सम्मान के साथ अंतिम विदाई दी गयी। इसके पूर्व उनकी अंतिम यात्रा में झारखंड के सीएम हेमंत सोरेन, गांडेय विधायक कल्पना सोरेन, वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर, कांग्रेस नेता बंधु तिर्की समेत हजारों की संख्या में झामुमो के कार्यकर्ता, उनके परिजन और स्थानीय निवासी शामिल हैं। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने उनके पार्थिव शरीर को कंधा देकर भावुक श्रद्धांजलि दी। दिवंगत मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू की शव यात्रा में जनसैलाब उमड़ पड़ा। अंतिम दर्शन के लिए बड़ी संख्या में लोग,



समर्थक, कार्यकर्ता और विभिन्न दलों के नेता पहुंचे। पूरे रास्ते लोगों ने नम आंखों से उन्हें श्रद्धांजलि दी। माहौल गमगीन रहा और लोगों ने उन्हें भावभीनी विदाई दी। झारखंड के दिवंगत मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू की अंतिम यात्रा में अंतिम यात्रा में हजारों लोगों की भीड़ उमड़ी। नेताओं, कार्यकर्ताओं और समर्थकों ने नम आंखों से उन्हें अंतिम विदाई दी। इसके पूर्व मुख्यमंत्री ने शोकाकुल परिजनों से मुलाकात कर संवेदना प्रकट की और इस कठिन घड़ी में परिवार के साथ खड़े रहने का भरोसा दिलाया। झारखंड सरकार की मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने भी दिवंगत मंत्री एवं गिरिडीह विधायक सुदिव्य कुमार सोनू के पार्थिव शरीर के अंतिम दर्शन कर उन्हें भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने शोकाकुल परिवार से मुलाकात कर इस गहरे दुःख की घड़ी में अपनी संवेदनाएं व्यक्त कीं। दीपिका पांडेय सिंह ने कहा कि सुदिव्य कुमार सोनू को इस तरह अंतिम विदाई देना मन को भीतर तक व्यथित कर गया। उनका निधन उनके लिए व्यक्तिगत और निजी क्षति है। उन्होंने ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति तथा शोकाकुल परिवार को इस अपार दुःख को सहने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की।

## दो दिनों का राजकीय शोक

**रांची(नबिटा ब्यूरो)।** झारखंड सरकार में मंत्री सुदिव्य कुमार के असामयिक निधन पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए राज्य सरकार ने उनके सम्मान के लिए दो दिवसीय राजकीय शोक की घोषणा की है। इस संबंध में मंत्रिमंडल सचिवालय एवं निगरानी विभाग (समन्वय) द्वारा आधिकारिक संकल्प जारी कर दिया गया है। मंत्रिमंडल सचिवालय के संकल्प के अनुसार 6 और 7 सितंबर को पूरे झारखंड में राजकीय शोक का पालन किया जाएगा। इस अवधि में राज्य के उन सभी सरकारी भवनों और संस्थानों पर राष्ट्रीय ध्वज (तिरंगा) आधा झुका रहेगा जहां यह नियमित रूप से फहराया जाता है। इसके साथ ही शोक की इस अवधि के दौरान राज्य भर में किसी भी प्रकार के आधिकारिक या राजकीय समारोह का आयोजन पूरी तरह से प्रतिबंधित रहेगा। दिवंगत मंत्री को श्रद्धांजलि देने और उनके सम्मान में राज्य सरकार ने सोमवार 7 सितंबर को झारखंड के सभी सरकारी कार्यालयों को बंद रखने का निर्णय लिया है। विशेष कार्य पदाधिकारी अखलेश कुमार सिन्हा के हस्ताक्षर से इस संबंध में सभी अपर मुख्य सचिवों, प्रधान सचिवों, विभागाध्यक्षों, प्रमंडलीय आयुक्तों, उपायुक्तों और पुलिस अधीक्षकों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी दिए गए हैं। कार्मिक एवं प्रशासनिक सुधार विभाग को अवकाश संबंधी औपचारिक आदेश जारी करने के लिए कहा गया है जिसकी प्रतिलिपि भारत सरकार के गृह मंत्रालय और झारखंड उच्च न्यायालय को भी प्रेषित कर दी गई है।

## संक्षिप्त समाचार

### रंगदारी नहीं देने पर जान से मारने की धमकी

**रांची(नबिटा ब्यूरो)।** राजधानी के अरगोड़ा थाना क्षेत्र के हरमू हाउसिंग कॉलोनी निवासी कारोबारी शशिकांत शर्मा उर्फ डब्लू शर्मा से वाट्सऐप कॉल के जरिए हर महीने एक लाख रुपये रंगदारी मांगने का मामला सामने आया है। रंगदारी नहीं देने पर उन्हें जान से मारने की धमकी दी गई है। मामले को लेकर शशिकांत शर्मा ने अरगोड़ा थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई है।

### दो पक्षों में विवाद के बाद कुएं में मिला युवक का शव

**मेदिनीनगर(नबिटा ब्यूरो)।** तरहसी थाना क्षेत्र के छेचानी गांव में शनिवार रात जन्माष्टमी मूर्ति विसर्जन के लिए निकले जुलूस के दौरान दो पक्षों में विवाद हो गया। आपसी विवाद के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। इसी दौरान चिल्हो गांव निवासी 25 वर्षीय चंदन साव की मौत हो गई। चंदन का शव गांव के ही एक कुएं से बरामद किया गया। घटना की सूचना मिलने पर तरहसी थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू की। पुलिस घटना के दौरान मौजूद लोगों से पूछताछ कर रही है।

### पिकअप की टक्कर से स्कूटी सवार की मौत

**मेदिनीनगर(नबिटा ब्यूरो)।** हैदरनगर-मोहम्मदगंज मुख्य पथ पर तेज रफ्तार पिकअप की टक्कर से स्कूटी सवार शंभू राम की मौत हो गई। यह घटना रविवार सुबह सबनवा गांव के समीप घटी। मृतक डाली गांव का रहने वाला था। जानकारी के अनुसार शंभू राम स्कूटी से जा रहे थे। इसी दौरान विपरीत दिशा से आ रहे अनियंत्रित पिकअप ने उनकी स्कूटी में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में स्कूटी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और शंभू राम ने मौके पर ही दम तोड़ दिया।

## शराब के नशे में पत्नी की गला दबाकर हत्या

**लातेहार(नबिटा ब्यूरो)।** शहर के मुख्य पथ पर बिजली ऑफिस के समीप शनिवार रात एक महिला का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। सूचना मिलते ही एसडीपीओ संदीप कुमार गुप्ता और थाना प्रभारी अशोक कुमार पासवान पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचकर जांच शुरू की। महिला का शव बिजली ऑफिस के पास होटल के कमरे से बरामद किया गया। पुलिस जांच के दौरान मृतका की पहचान हरखा गांव निवासी रविंद्र यादव की पत्नी के रूप में हुई। शुरुआती जांच में पता चला कि महिला और उसके पति के बीच किसी बात को लेकर विवाद हुआ था। विवाद के दौरान पति ने शराब के नशे में पत्नी की गला दबाकर हत्या कर दी। पुलिस ने आरोपी पति को गिरफ्तार कर लिया है। एसडीपीओ संदीप कुमार गुप्ता ने बताया कि महिला की उसके पति के साथ विवाद हुआ, जिसके बाद पति ने उसकी हत्या कर दी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## कंटेनर की ठोकर से कार सवार महिला की मौत, पांच घायल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रामगढ़।** जिले की चुटूपालू घाटी में रविवार को एक बार फिर भीषण सड़क हादसा हुआ। रांची से रामगढ़ की ओर आ रहा एक कंटेनर अनियंत्रित होकर आगे चल रही कार पर चढ़ गया। हादसे में कार सवार एक महिला की मौत हो गई जबकि पांच लोग घायल हो गए हैं। घायलों में रामगढ़ मुख्यालय डीएसपी अकरम रजा के परिवार के सदस्य भी शामिल हैं। जानकारी के अनुसार कंटेनर संख्या एनएल 01 एबी 8418 रांची से रामगढ़ की ओर आ रहा था। चुटूपालू घाटी में अचानक कंटेनर का ब्रेक फ़ेल हो गया। इसके बाद कंटेनर अनियंत्रित होकर आगे चल रही होंडा कार को अपनी चपेट में ले लिया। टक्कर इतनी जोरदार थी कि कार कंटेनर के नीचे बुरी तरह दब गई। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। सूचना मिलते ही रामगढ़ थाना की गश्ती टीम घटनास्थल पर पहुंची और राहत-बचाव कार्य शुरू कराया। कार कंटेनर के नीचे बुरी तरह फंसी हुई थी। पुलिस ने तत्काल हाइड्रा और क्रेन मंगवाकर रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू कराया। पुलिसकर्मियों ने काफी मशक्कत के बाद कंटेनर को हटाकर कार को बाहर निकाला। सब इंस्पेक्टर दीपक रजक और पंकज कुमार सिंह समेत पुलिस टीम ने कार में फंसे लोगों को बाहर निकालने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। दो महिलाओं और चालक को तत्काल अस्पताल भेजा गया जबकि एक बच्ची कार में बुरी तरह फंसी हुई थी। करीब आधे घंटे की मशक्कत के बाद बच्ची को भी बाहर निकालकर अस्पताल भेजा गया। सब इंस्पेक्टर पंकज कुमार सिंह ने बताया कि दुर्घटना की सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची। कार कंटेनर के नीचे बुरी तरह दबी थी। हाइड्रा और क्रेन की मदद से रेस्क्यू कर घायलों को अस्पताल भेजा गया। कार में दबी बच्ची को काफी मशक्कत से बाहर निकाला गया। पुलिस की प्रारंभिक जानकारी के अनुसार हादसे का शिकार हुई कार में रामगढ़ मुख्यालय डीएसपी अकरम रजा के परिवार के छह सदस्य सवार थे। सभी लोग रांची से कार से रामगढ़ की ओर आ रहे थे। इसी दौरान चुटूपालू घाटी में यह हादसा हो गया। हादसे में डीएसपी अकरम रजा की मौसी सारा तबस्सुम (45 वर्ष) की मौत हो गई। वहीं उनके मौसा फिरोज राही, बहन तरजा सलियां, सिफ्ता ताजमीन, अमीरा ताजमीन और अनुजा तबस्सुम घायल हो गए हैं। घायलों को सदर अस्पताल और निजी हॉस्पिटल ले जाया गया जहां उनका प्राथमिक उपचार किया गया। हादसे की सूचना मिलने के बाद रामगढ़ एसपी मुकेश कुमार लुणायत, एसडीपीओ आलोक रंजन, गोपनीय शाखा के प्रभारी रविंद्र कुमार गुप्ता समेत अन्य पुलिस अधिकारी सदर अस्पताल पहुंचे। अधिकारियों ने घायलों से मुलाकात कर उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली।

## झामुमो के सभी कार्यक्रम अगले आदेश तक स्थगित

**रांची(नबिटा ब्यूरो)।** झारखण्ड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के केंद्रीय कार्यकारिणी सदस्य सह झारखण्ड सरकार के मंत्री सुदिव्य कुमार 'सोनू' के निधन से पार्टी के सभी स्तर के नेता एवं कार्यकर्ता मर्माहत एवं शोक संतप्त हैं। सुदिव्य कुमार 'सोनू' के निधन के बाद पार्टी ने राज्य के सभी प्रखंड मुख्यालयों पर 07 सितम्बर को होने वाले एक दिवसीय धरना-प्रदर्शन को अगले आदेश तक के लिए स्थगित कर दिया है। झामुमो के केंद्रीय महासचिव विनोद कुमार पांडेय की ओर से पार्टी के सभी जिला अध्यक्ष, जिला सचिव, जिला संयोजक प्रमुख, महानगर अध्यक्ष एवं महानगर संयोजक को कार्यालय आदेश जारी किया गया है। इसमें शोक के इस कठिन समय में पार्टी के सभी स्तर के नेताओं एवं कार्यकर्ताओं के मर्माहत और शोक संतप्त होने का उल्लेख किया गया है। कार्यालय आदेश में स्पष्ट निर्देश दिया गया है कि 07 सितम्बर को राज्य के सभी प्रखंड मुख्यालय पर होने वाले एक दिवसीय धरना प्रदर्शन को अगले आदेश तक के लिए स्थगित किया जाता है।


## काली सूची में शामिल 14 कंपनियों को दोबारा काम देने पर झारखंड में जांच शुरू

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** कृषि निदेशालय ने काली सूची में डाली गई 14 कंपनियों को फिर से कार्यादेश देने के मामले की जांच कराने का निर्णय लिया है। इस मामले की जांच की जिम्मेदारी सभी जिलों के उपायुक्तों को सौंपी गई है। कृषि निदेशक विद्यानंद शर्मा पंकज ने बताया कि मामला संज्ञान में आने के बाद राज्य के सभी जिला उपायुक्तों को इसकी जांच करने के निर्देश दिए गए हैं। जांच रिपोर्ट आने के बाद दोषियों पर कार्रवाई की जाएगी। दरअसल भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (भाकपा) के जिला सचिव सह राज्य कार्यकारिणी सदस्य अजय कुमार सिंह ने केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय के उप आयुक्त योगेश ए. रौंडल से पत्राचार कर काली सूची में डाली गई 14 कंपनियों को फिर से कार्यादेश मिलने की जानकारी दी है। शिकायत में कहा गया है कि झारखंड कृषि निदेशालय ने वर्ष 2023 में जिन 14 कंपनियों को गंभीर अनियमितता के आरोप में काली सूची में डाला था उन्हें 30 दिनों के भीतर तार्किक आदेश देकर मुक्त कर दिया गया था जबकि इन कंपनियों ने शर्तों का अनुपालन नहीं किया था। इन कंपनियों में मोहित इंडिया, मेक नाउ इंडस्ट्रीज, ग्लोबल मैकेनिकल इक्विपमेंट, प्रीमियर इरिगेशन एग्रीटेक प्राइवेट लिमिटेड, निंबस पाइप्स लिमिटेड, मोहित पालिटेक प्राइवेट लिमिटेड, वेदांता पालीमर्स प्राइवेट लिमिटेड, रूंगटा इरिगेशन लिमिटेड, श्री भंडारी प्लास्टिक प्राइवेट लिमिटेड, भारत ड्रिप इरिगेशन एंड एग्रो, आरएम ड्रिप एंड स्प्रिंकलर सिस्टम लिमिटेड, समय इरिगेशन प्राइवेट लिमिटेड, दिनेश इरिगेशन प्राइवेट लिमिटेड व इरिलिंक ड्रिप इरिगेशन इंडस्ट्रीज शामिल हैं। शिकायत में कहा गया कि इन कंपनियों को मुक्त करने संबंधित तार्किक आदेश की पहली शर्त यह थी कि सभी किसानों के यहां लगे कम गुणवत्ता वाले उपकरणों के बैच बदलकर पुनः सीपेट से जांच कराकर रिपोर्ट कृषि निदेशक रांची को समर्पित करेंगे, जो जांच अब तक नहीं हो सकी है। शर्तों का अनुपालन नहीं होने पर इन कंपनियों को काली सूची में ही माना जाना था लेकिन उन्हें फिर से कार्यादेश मिल गया और भुगतान भी हो गया। इसकी सीआइटी से जांच कराने की मांग की गई। इधर, यह मामला संज्ञान में आने के बाद कृषि निदेशक ने सभी उपायुक्तों को इसकी जांच कर रिपोर्ट देने के निर्देश दिए।

## रांची में आज निर्धारित एसआइआर सुनवाई स्थगित

**रांची(नबिटा ब्यूरो)।** उच्च शिक्षा, नगर विकास, खेलकूद एवं पर्यटन विभाग, झारखंड सरकार के मंत्री सुदिव्य कुमार के आकस्मिक निधन के कारण रांची में 7 सितंबर 2026 को निर्धारित विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआइआर ) से संबंधित सुनवाई स्थगित कर दी गई है। जिला प्रशासन की ओर से रविवार को इस संबंध में सभी संबंधित मतदाताओं को इसकी जानकारी दी गई। जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि स्थगित सुनवाई की अगली तिथि बाद में निर्धारित की जाएगी। संबंधित मतदाताओं को नई तारीख की जानकारी उनके क्षेत्र के बूथ लेवल ऑफिसर (ओएलओ) के माध्यम से अलग-अलग दी जाएगी। ऐसे में मतदाताओं को फिलहाल निर्धारित स्थल पर पहुंचने की आवश्यकता नहीं है।




C M Y K

# प्रिंस खान गैंग का सक्रिय अपराधी गिरफ्तार, देसी पिस्तौल व छह जिंदा कारतूस बरामद

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**हजारीबाग ब्यूरो ।** बड़कागांव थाना क्षेत्र के कोयलांग बाकपंजा जंगल में आपराधिक घटना को अंजाम देने की योजना बना रहे प्रिंस खान गैंग के एक सक्रिय अपराधी को हजारीबाग पुलिस ने गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी के पास से एक देसी पिस्तौल, छह जिंदा कारतूस, प्रिंस खान डरर लिखा दो पर्चा और एक मोबाइल बरामद किया गया है। पुलिस ने गिरफ्तार आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। पुलिस के अनुसार, 6 सितंबर को पुलिस अधीक्षक हजारीबाग को सूचना मिली थी कि प्रिंस खान गैंग के कुछ अपराधी बड़कागांव थाना क्षेत्र के कोयलांग बाकपंजा जंगल में एकत्र होकर किसी बड़ी आपराधिक घटना को अंजाम देने की योजना बना रहे हैं। सूचना के सत्यापन और कार्रवाई के लिए अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी बड़कागांव के नेतृत्व में पुलिस टीम गठित की गई। टीम ने जंगल में पहुंचकर निगरानी शुरू की। इसी दौरान सड़क किनारे टूटे मिट्टी के मकान के पीछे दो-तीन युवक छिपे दिखाई दिए। पुलिस बल को देखते ही सभी भागने लगे। पुलिस ने पीछा कर एक युवक को पकड़ लिया, जबकि दो अन्य जंगल का लाभ उठाकर फरार हो गए। गिरफ्तार युवक की पहचान संदीप मेहता उर्फ संदीप कुशवाहा (25 वर्ष), पिता स्व. निरंजन महतो, निवासी तलसवार, थाना बड़कागांव, जिला हजारीबाग के रूप में हुई है। पुलिस के मुताबिक, पूछताछ में संदीप ने बताया कि फरार दोनों युवकों को प्रिंस खान ने हथियार और गोली के साथ बड़ी घटना को अंजाम देने के लिए भेजा था। तीनों जंगल में हथियार, कारतूस और पर्चे के साथ आपराधिक योजना बना रहे थे। पूछताछ के दौरान गिरफ्तार आरोपी ने 25 जुलाई 2026 को 13 माइल ट्रांसपोर्टिंग रोड, बुढ़ना घाटी में हाईवा वाहन पर गोलीबारी की घटना में भी शामिल होने की बात पुलिस को बताई। पुलिस के अनुसार, उक्त घटना को प्रिंस खान के निर्देश पर पिपराडीह के अंकित कुमार पांडेय के कहने पर संदीप मेहता और कुणाल कुमार पांडेय के साथ मिलकर अंजाम दिया गया था। घटना में कौशल पांडेय उर्फ ओमप्रकाश पांडेय के भी शामिल होने की बात सामने आई है। बरामदगीः एक देसी पिस्तौल, छह जिंदा कारतूस, प्रिंस खान डरर लिखा दो पर्चा और एक मोबाइल फोन। गिरफ्तार अभियुक्त को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस की कार्रवाई जारी है।

# गुरुजनों के सम्मान में भाव-विभोर हुआ स्कॉटिश पब्लिक स्कूल

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**अररिया।** गुरु और शिष्य के पवित्र संबंध को समर्पित शिक्षक दिवस के अवसर पर स्कॉटिश पब्लिक स्कूल, अररिया में शनिवार को भव्य एवं भावपूर्ण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों और शिक्षकों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए गुरुजनों के प्रति सम्मान, कृतज्ञता एवं स्नेह व्यक्त किया। कार्यक्रम का शुभारंभ भारत के महान शिक्षाविद, दार्शनिक एवं पूर्व राष्ट्रपति डॉ. सर्वपल्ली अवसर को विशेष बनाया। शिक्षक दिवस के अवसर पर विद्यार्थियों की शैक्षणिक, सांस्कृतिक एवं अन्य क्षेत्रों में प्राप्त उपलब्धियों का भी सम्मान किया गया। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पदक प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। विद्यालय के वरिष्ठ विद्यार्थियों ने मनमोहक नृत्य प्रस्तुतियों के माध्यम से अपने गुरुजनों को सम्मान समर्पित किया। उनकी प्रस्तुतियों में गुरु-शिष्य संबंध की गरिमा, स्नेह और



राधाकृष्णन के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि देने के साथ हुआ। विद्यालय के सभी शिक्षकों ने पुष्प अर्पित करते हुए राष्ट्र निर्माण एवं शिक्षा के क्षेत्र में डॉ. राधाकृष्णन के अतुलनीय योगदान को स्मरण किया। समारोह में विद्यालय के नन्हे-मुन्ने विद्यार्थियों ने डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन तथा शिक्षक-शिक्षिकाओं की वेशभूषा धारण कर मनमोहक रूप प्रस्तुत किया। मासूम विद्यार्थियों का यह रूप उपस्थित सभी लोगों के लिए आकर्षण का केंद्र रहा। इसके पश्चात शिक्षकों एवं विद्यार्थियों की उपस्थिति में केक काटकर शिक्षक दिवस की खुशियां साझा की गईं। विद्यालय के निदेशक श्री अनूप कुमार ने भी शिक्षकों के साथ केक काटकर इस कृतज्ञता की सुंदर अभिव्यक्ति देखने को मिली। समारोह में विद्यालय प्रबंधन की ओर से शिक्षकों के उत्कृष्ट कार्य, समर्पण, अनुशासन एवं विद्यालय के विकास में उनके महत्वपूर्ण योगदान के लिए उन्हें विभिन्न पुरस्कारों से सम्मानित किया गया। शिक्षकों का सम्मान समारोह का विशेष आकर्षण रहा। कार्यक्रम के दौरान एक भावुक एवं यादगार क्षण तब आया, जब विद्यालय के समस्त शिक्षकों की ओर से निदेशक श्री अनूप कुमार के लिए एक विशेष वीडियो संदेश प्रस्तुत किया गया। वीडियो के माध्यम से शिक्षकों ने अररिया में शिक्षा के क्षेत्र में उनके निरंतर प्रयासों, दूरदर्शी सोच, मार्गदर्शन एवं सहयोग के लिए उनके प्रति आभार व्यक्त किया।

## संक्षिप्त समाचार

### मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू का निधन अपूरणीय क्षति : सरयू गोप

**गिरिडीह (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** सदर विधायक सह झारखंड सरकार के मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू के आकस्मिक निधन पर गिरिडीह जदयू परिवार ने गहरा दुःख व्यक्त किया है। जदयू नेता सरयू गोप ने शोक व्यक्त करते हुए कहा कि मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू का असामयिक निधन गिरिडीह के लिए अपूरणीय क्षति है। निकट भविष्य में इसकी भरपाई संभव नहीं है। उनके निधन से गिरिडीह के विकास को भी बड़ा झटका लगा है। सरयू गोप ने कहा कि सुदिव्य कुमार सोनू ने गिरिडीह के विकास के लिए निरंतर प्रयास किया। उनके निधन से राजनीतिक और सामाजिक क्षेत्र में एक बड़ी रिक्तता पैदा हो गई है। शोक व्यक्त करने वालों में जवाहर केशरी, सुधीर आनंद, विनोद राणा, अर्जुन प्रसाद, दिलीप सिंह, पवन कुमार वर्मा, जिब्राइल अंसारी सहित जदयू के कई कार्यकर्ता शामिल हैं। सभी ने दिवंगत आत्मा की शांति एवं शोकाकुल परिवार को इस दुःख की घड़ी में धैर्य प्रदान करने की प्रार्थना की।

### सुदिव्य कुमार सोनू के निधन पर भाजपा नेताओं ने जताया गहरा शोक

**गिरिडीह (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** झारखंड सरकार के कैबिनेट मंत्री एवं गिरिडीह विधायक सुदिव्य कुमार सोनू के आकस्मिक निधन पर भाजपा नेता दिनेश यादव एवं सुनील पासवान ने गहरा शोक व्यक्त करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की है। भाजपा नेताओं ने कहा कि सुदिव्य कुमार सोनू का असामयिक निधन गिरिडीह ही नहीं, बल्कि पूरे झारखंड के लिए अपूरणीय क्षति है। उन्होंने कहा कि अपने अल्प कार्यकाल में मंत्री के रूप में सोनू ने गिरिडीह के विकास के लिए कई महत्वपूर्ण कार्य किए, जिन्हें लंबे समय तक याद किया जाएगा। दिनेश यादव एवं सुनील पासवान ने कहा कि सुदिव्य कुमार सोनू का निधन राजनीतिक और सामाजिक क्षेत्र के लिए बड़ी क्षति है। उन्होंने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना करते हुए शोकाकुल परिजनों को इस दुःख की घड़ी में शक्ति प्रदान करने की कामना की।

### मंत्री सुदिव्य कुमार के निधन पर झारखंड में दो दिवसीय राजकीय शोक, आज राजकीय सम्मान से अंतिम संस्कार

**गिरिडीह (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** झारखंड सरकार के नगर विकास एवं आवास, उच्च एवं तकनीकी शिक्षा, खेलकूद एवं कला-संस्कृति, पर्यटन तथा युवा कार्य मंत्री सुदिव्य कुमार का रविवार, 6 सितंबर को गिरिडीह स्थित मर्सी अस्पताल में निधन हो गया। उनके निधन से पूरे राज्य में शोक की लहर है। राज्य सरकार ने मंत्री सुदिव्य कुमार के निधन पर 6 और 7 सितंबर को दो दिवसीय राजकीय शोक घोषित किया है। इस दौरान सरकारी भवनों पर राष्ट्रीय ध्वज आधा झुका रहेगा और किसी भी प्रकार के राजकीय समारोह आयोजित नहीं किए जाएंगे। 7 सितंबर को राज्य सरकार के सभी कार्यालय बंद रहेंगे। दिवंगत मंत्री सुदिव्य कुमार की अंत्येष्टि रविवार को अपराह्न 3:30 बजे गिरिडीह स्थित उसरी नदीझहरसिंहरायडीह श्मशान घाट पर राजकीय सम्मान के साथ की जाएगी। जिला प्रशासन की ओर से अंतिम संस्कार की सभी तैयारियां पूरी की जा रही हैं। जिला प्रशासन ने दिवंगत मंत्री को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके शोक-संतप्त परिजनों, समर्थकों और शुभचिंतकों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की है।

### सुदिव्य कुमार सोनू के निधन से गिरिडीह को अपूरणीय क्षति : माले

**गिरिडीह (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** झारखंड सरकार के मंत्री एवं गिरिडीह विधायक सुदिव्य कुमार सोनू के आकस्मिक निधन पर भाकपा(माले) ने गहरा शोक व्यक्त किया है। माले नेताओं ने कहा कि सुदिव्य कुमार सोनू का असामयिक निधन गिरिडीह की जनता के लिए बेहद दुखद और अपूरणीय क्षति है। माले नेता ने कहा कि वे करीब साढ़े तीन बजे मर्सी हॉस्पिटल पहुंचे थे। उस समय ही उनके निधन की सूचना सामने आ चुकी थी, हालांकि आधिकारिक घोषणा में कुछ समय की देरी हुई। उन्होंने कहा कि के.बी. सहाय के बाद सुदिव्य कुमार सोनू गिरिडीह के ऐसे नेताओं में थे, जो लगातार क्षेत्र के विकास और जनता के लिए काम कर रहे थे। उनका जाना गिरिडीह के लिए बेहद अफसोस की बात है और उनकी कमी की पूर्ति संभव नहीं है। गिरिडीह नगर कमिटी की ओर से दिवंगत नेता को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए माले नेताओं ने ईश्वर से शोकाकुल परिवार को इस कठिन घड़ी में दुःख सहने की शक्ति देने की प्रार्थना की। बताया गया कि मर्सी हॉस्पिटल में सुबह करीब चार बजे से ही माले के पूर्व विधायक राजकुमार यादव, विनोद सिंह, जिला सचिव अशोक पासवान, राजेश सिन्हा समेत बड़ी संख्या में पार्टी के नेता और सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे। जिला कार्यालय में श्रद्धांजलि कार्यक्रम के बाद नेता एवं कार्यकर्ता दिवंगत मंत्री के आवास पर भी पहुंचकर अंतिम श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे।

### सुदीव्य कुमार सोनू का निधन गिरिडीह और झारखंड की राजनीति के लिए अपूरणीय क्षति : राजकुमार राज

**गिरिडीह (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** झारखंड सरकार के मंत्री सुदीप्य कुमार सोनू के निधन पर राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष राजकुमार राज ने गहरी शोक संवेदना व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि स्वर्गीय सोनू उनके परम मित्रों में से एक थे। उनका असमय निधन गिरिडीह और झारखंड की राजनीति के लिए अपूरणीय क्षति है, वहीं उनके लिए यह व्यक्तिगत क्षति भी है। राजकुमार राज ने कहा कि सुदीप्य कुमार सोनू एक कुशल राजनेता, सशक्त प्रशासक और ज्ञान के भंडार थे। अपने कार्यों और व्यवहार से उन्होंने राजनीति में अलग पहचान बनाई थी। उनके निधन से समाज और राजनीतिक क्षेत्र ने एक अनुभवी एवं योग्य व्यक्तित्व खो दिया है। उन्होंने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना करते हुए शोक संतप्त परिवार, समर्थकों और शुभचिंतकों के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त की।

# शिक्षक सम्मान समारोह आयोजित

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**अररिया ।** शिक्षक दिवस के अवसर पर डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जन्मदिन के अवसर पर मोहिनी देवी मेमोरियल स्कूल के सभागार में हर्षोल्लास के साथशिक्षक सम्मान समारोह मनाया गया।कार्यक्रम का शुभारंभ वैदिक मंत्र के साथ-साथ अररिया जिला के आरक्षी अधीक्षक जितेंद्र कुमार एवं विद्वान प्राचार्य के कर कमल द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया।इस अवसर पर नवोदय विद्यालय के पूर्व प्रचार्य डॉ.डी.के.साहू इस विद्यालय के पूर्व प्राचार्य डॉ.बी.एन.झा, राष्ट्रपति से पुरस्कृत शिक्षाविद सुवेंदु मुखर्जी,नगर परिषद उपाध्यक्ष गौतम साह सेवानिवृत शिक्षक इन्दू झा आदि उपस्थित थे।उपस्थित अतिथिगण को शॉल,बुके एवं ट्राली बैग व स्वामी विवेकानंद के किताब देकर सम्मानित किया गया। तत्पश्चात विद्यालय के छात्राओं ने स्वागत गीत एवं नृत्य प्रस्तुति कर उपस्थित बुद्धिजनों को मंत्र मुक्त कर दिया।आरक्षी अधीक्षक ने अपने उद्बोधन में कहा - बच्चों में इस प्रकार की गतिविधि उनके उज्जवल भविष्य की ओर संकेत करता है।इस अवसर पर मंचस्थ सभी शिक्षक गण ने डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जन्मदिन के अवसर पर किए गए कार्यों को दशार्ते हुए एक शिक्षक की महत्ता पर प्रकाश डाला और कहा कि शिक्षक वह है जो बच्चों को अंधकार से प्रकाश की ओर ले जाता है। कार्यक्रम का सफल संचालन शिक्षक श्री दीपक लेपच्चा के द्वारा किया गया। विद्यालय के निदेशक डॉक्टर संजय प्रधान ने कहा कि शिक्षक वह दीपक है जो अज्ञानता को हर कर सही राह दिखाते हैं और जीवन को सफल बनाते हैं।शिक्षक एवं शिक्षा के बिना जीवन अधूरा है। शिक्षकों को उन्होंने धन्यवाद एवं सुभेच्छा दिया। सभी शिक्षक, प्राचार्य एवं शिक्षिकाओं को सम्मान हेतु ट्राली बैग एवं मिठाई गिफ्ट देकर सम्मानित किया गया।

# नए नोटिफिकेशन के खिलाफ केरेडारी के रैयतों का फूटा गुस्सा

## सीबी (चट्टीबारियातु) दक्षिणी कोल परियोजना पर उठे सवाल, रैयतों ने कहा–बाप-दादा की जमीन पर किसी का कब्जा मंजूर नहीं

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**केरेडारी (हजारीबाग)।** केरेडारी प्रखंड में एनटीपीसी की सीबी दक्षिणी कोल परियोजना को लेकर रैयतों का गुस्सा फूट पड़ा है। नए नोटिफिकेशन के बाद परियोजना क्षेत्र के ग्रामीणों और रैयतों में भारी आक्रोश देखा जा रहा है। अपनी पुश्तैनी जमीन को बचाने के लिए लोग खुलकर सामने आ गए हैं और दो टूक शब्दों में कह दिया है कि जमीन के सवाल पर अब किसी भी तरह का समझौता नहीं होगा। रैयतों का कहना है कि यह सिर्फ मिट्टी का टुकड़ा नहीं, बल्कि उनके बाप-दादा की विरासत, उनकी पहचान और उनके परिवार के भविष्य का आधार है। ऐसे में परियोजना के नाम पर जमीन लेने की कोशिश को ग्रामीण किसी भी कीमत पर स्वीकार करने के मूड में नहीं हैं। बैठक में मौजूद महिला-पुरुष रैयतों ने एक स्वर में कहा— जमीन हमारी मां है, इसे हम नहीं छोड़ सकते। परियोजना रहे या न रहे , लेकिन हमारी जमीन और अधिकार सुरक्षित रहना चाहिए। केरेडारी, ओमे, खपिया, कराली, पगार, जरेदाग, भदईखाप,पेटो समेत दर्जनों गांवों के रैयत इस मुद्दे पर एकजुट होते दिखाई दे रहे हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि बार-बार नोटिफिकेशन और परियोजना की प्रक्रिया आगे बढ़ाने से उनके सामने विस्थापन और भविष्य की चिंता खड़ी हो गई है।

### रैयतों का सवाल– विकास किसका और कीमत कौन चुकाएगा?

ग्रामीणों ने सवाल उठाया कि आखिर विकास और कोयला परियोजनाओं की सबसे बड़ी कीमत हमेशा स्थानीय रैयत और विस्थापित परिवार ही क्यों चुकाएं? जिनकी जमीन पर परियोजनाएं खड़ी होती हैं, उनके रोजगार, पुनर्वास, मुआवजा और भविष्य की सुरक्षा को लेकर स्पष्ट जवाब क्यों नहीं दिया जाता? रैयतों का कहना है कि जब तक उनके हितों और अधिकारों की पूरी गारंटी नहीं होती, तब तक वे अपनी जमीन को लेकर पीछे हटने वाले नहीं हैं। बैठक में लोगों ने स्पष्ट चेतावनी दी कि यदि उनकी आवाज को नजरअंदाज किया गया तो आंदोलन को और व्यापक किया जाएगा।

### अब एनटीपीसी और प्रशासन की अग्निपरीक्षा

केरेडारी में जमीन का मुद्दा एक बार फिर गरमा गया है। रैयतों के बढ़ते आक्रोश के बीच अब सबसे बड़ा सवाल यह है कि एनटीपीसी प्रबंधन और जिला प्रशासन स्थानीय लोगों की चिंताओं का समाधान कैसे करता है।

### रैयतों का साफ संदेश

जमीन पर फैसला हमसे पूछे बिना नहीं होगा, और अधिकारों की अनदेखी हुई तो संघर्ष और तेज होगा। ग्रामीणों एवं रैयतों ने आरोप लगाया है कि एनटीपीसी अभी संचालित कोल परियोजनाओं से विस्थापित एवं प्रभावित परिवार को ठगने का काम किया है ।इसलिए अब एनटीपीसी को जमीन हमलोग किसी भी हाल में नही देंगे ।।सबों ने एक स्वर में कहा है कि न जान देंगे न जमीन देंगे ,जरूरत पड़ी तो जमीन छिनने वाले का ही जान लेंगें।

# जयमाला शिक्षा निकेतन में शिक्षकों का सम्मान

नवबिहार टाइम्स संवाददाता




**कटिहार।** शिक्षक दिवस के अवसर पर जयमाला शिक्षा निकेतन में शिक्षकों के सम्मान में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के निदेशक डॉ. सुशील कुमार सुमन ने विद्यालय के सभी शिक्षकों को सम्मानित किया तथा विद्यार्थियों ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से अपने गुरुजनों के प्रति सम्मान और कृतज्ञता व्यक्त की।शिक्षकों को संबोधित करते हुए निदेशक डॉ. सुशील कुमार सुमन ने कहा कि ह्वविद्यालय की पहचान ऊँची-ऊँची बिल्डिंग से नहीं, बल्कि उसके शिक्षकों से होती है। शिक्षक जैसे होंगे, विद्यालय की पहचान भी वैसी ही होगी। आप सभी शिक्षकों की मेहनत और समर्पण हमारे लिए प्राइसलेस है।उन्होंने शिक्षकों के महत्व को उदाहरण के माध्यम से समझाते हुए कहा कि ह्वसड़क बनाने में हुई गलती को सड़क दोबारा बनाकर सुधारा जा सकता है। वकील की गलती कई बार फाइल और कानूनी प्रक्रिया में सीमित रह जाती है। इंजीनियर की गलती भवन में छिपी रह सकती है और उसे सुधारने का अवसर मिल सकता है।

# शिक्षक दिवस पर रूंगटा इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड मैनेजमेंट में शिक्षकों का सम्मान

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**अररिया ।** रुंगटा इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड मैनेजमेंट, फारबिसगंज में शिक्षक दिवस समारोह शुक्रवार को गरिमापूर्ण एवं उत्साहपूर्ण वातावरण में आयोजित किया गया। समारोह में संस्थान के संस्थापक निदेशक शुभेंदु मुखर्जी की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं भारत के पूर्व राष्ट्रपति, महान शिक्षक एवं दार्शनिक डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन को श्रद्धासुमन अर्पित कर किया गया। समारोह के दौरान संस्थान के शिक्षकों के योगदान, समर्पण तथा विद्यार्थियों के शैक्षणिक एवं व्यक्तित्व विकास में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित किया गया। विद्यार्थियों की ओर से शिक्षकों के सम्मान में संक्षिप्त सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ एवं शुभकामना संदेश प्रस्तुत किए गए। इस अवसर पर शिक्षकों को पुष्पगुच्छ, उपहार एवं मिठाइयाँ भेंट कर सम्मानित किया गया। समारोह को संबोधित करते हुए संस्थापक निदेशक शुभेंदु मुखर्जी ने कहा कि शिक्षक विद्यार्थियों को केवल विषय का ज्ञान प्रदान करने तक सीमित नहीं रहते, बल्कि उनके भविष्य के मार्गदर्शक और व्यक्तित्व निर्माण के प्रमुख आधार होते हैं। उन्होंने कहा कि शिक्षा का उद्देश्य केवल डिग्री अथवा रोजगार प्राप्त करना नहीं, बल्कि विद्यार्थियों को जिम्मेदार, अनुशासित, संवेदनशील एवं सक्षम नागरिक बनाना है।

# सेवा संकल्प अभियान को लेकर भाजपा की जिला स्तरीय कार्यशाला संपन्न

## 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक बूथ स्तर पर होंगे विभिन्न कार्यक्रम, 29 मंडलों में 9 से 12 सितंबर तक कार्यशाला

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**हजारीबाग ब्यूरो ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सार्वजनिक जीवन में सेवा और समर्पण के 25 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में 17 सितंबर से 17 अक्टूबर 2026 तक आयोजित होने वाले सेवा संकल्प अभियान की सफलता को लेकर भाजपा की जिला स्तरीय कार्यशाला रविवार को हजारीबाग सदर विधायक प्रदीप प्रसाद के विधायक सेवा कार्यालय में आयोजित हुई। कार्यशाला की अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष विवेकानंद सिंह ने की। संचालन जिला महामंत्री जय नारायण प्रसाद तथा धन्यवाद ज्ञापन बड़कागांव विधायक रोशन लाल चौधरी ने किया। कार्यशाला में मुख्य अतिथि एवं मुख्य वक्ता के रूप में भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व सांसद दीपक प्रकाश उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरूआत डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर पुष्प अर्पित करने के बाद सामूहिक रूप से राष्ट्रगीत ह्यवंदे मातरम्ह्ण के गायन से हुई। इसके बाद मंचासीन अतिथियों का अंगवस्त्र एवं पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया गया। कार्यशाला को संबोधित करते हुए दीपक प्रकाश ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विश्व के देशों के बीच भारत की शक्ति और प्रतिष्ठा तेजी से बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि मोदी जी के 25 वर्षों के जनसेवा के अनुभव और विकसित भारत-2047 के संकल्प को जन-जन तक पहुंचाना अभियान का प्रमुख उद्देश्य है। उन्होंने सेवा संकल्प अभियान के तहत 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक आयोजित होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों की जानकारी दी। अभियान की शुरूआत 17 सितंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर ह्यआशीर्वाद का एक दियाह्ण कार्यक्रम से होगी। इसके तहत हर बूथ पर हर घर से एक दीपक जलाकर प्रधानमंत्री के कार्यों और 25 वर्षों की जनसेवा से लोगों को अवगत कराया जाएगा। इसी तरह ह्य25 करोड़ बच्चों के सपनों का भारतह्ण कार्यक्रम के तहत बच्चों के बीच ड्राइंग एवं भाषण प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। ह्यनमो सेवा गाथाह्ण के माध्यम से नुक्कड़ नाटक एवं नाट्य प्रस्तुतियों के जरिए लोगों तक सरकार के कार्यों की जानकारी पहुंचाई जाएगी। ह्यआंगन का उत्सवह्ण कार्यक्रम में आंगनबाड़ी सेविकाओं को सम्मानित किया जाएगा। वहीं ह्यकहानी बदलाव कीह्ण कार्यक्रम के माध्यम से जनहित एवं देशहित में किए जा रहे कार्यों को जनता तक पहुंचाया जाएगा। ह्यविकसित भारत संकल्प यात्राह्ण के जरिए वर्ष 2047 के विकसित भारत की परिकल्पना से लोगों को जोड़ने का प्रयास किया जाएगा। इसके अलावा ह्यसेवा ज्योति यात्राह्ण के तहत मशाल जुलूस, जबकि बहनों एवं बच्चों के माध्यम से रंगोली प्रतियोगिता आयोजित कर प्रधानमंत्री के कार्यों को प्रदर्शित किया जाएगा। ये सभी कार्यक्रम बूथ स्तर तक आयोजित किए जाएंगे। अभियान के सफल संचालन के लिए हजारीबाग जिले के सभी 29 मंडलों में 9 से 12 सितंबर तक मंडल स्तरीय कार्यशालाएं आयोजित करने का निर्णय लिया गया। कार्यशाला में प्रदेश मंत्री अमरदीप यादव, विधायक रोशन लाल चौधरी एवं प्रदेश कार्यसमिति सदस्य हरि श्रीवास्तव ने भी मंडल संयोजकों एवं टोली सदस्यों को संबोधित किया। इस अवसर पर जिला महामंत्री सर्वेश सिंह, कार्यक्रम संयोजक, जिला उपाध्यक्ष रेणुका साहू, सह कार्यक्रम संयोजक उपेंद्र सिंह, अमित साहू, अजीत चंद्रवंशी, निरंजन मेहता समेत जिला टोली के सदस्य, विभिन्न मंडलों के अध्यक्ष, संयोजक, कार्यक्रम प्रभारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे। कार्यक्रम की जानकारी भाजपा जिला महामंत्री सह जिला मीडिया प्रभारी जय नारायण प्रसाद ने दी।

## एक नजर

### झरिया गुजराती हिंदी मिडिल स्कूल में लायंस क्लब ऑफ धनबाद ने मनाया शिक्षक दिवस

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**धनबाद**। लायंस क्लब ऑफ धनबाद द्वारा झरिया गुजराती हिंदी मिडिल स्कूल में शिक्षक दिवस धूमधाम से मनाया गया। जिसमें हाई स्कूल एवं मिडिल के लगभग 40 शिक्षक-शिक्षिकाओं को मोमेंटो प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के शुरुआत में क्लब के सचिव लायन परेश ठक्कर ने शिक्षक दिवस की महत्ता और क्यों मनाया जाता है इस पर विस्तार से प्रकाश डाला। इसके बाद उच्च विद्यालय एवं मिडिल स्कूल के कुछ शिक्षकों ने डा. सर्वपल्ली राधाकृष्णन जीवनी पर प्रकाश डाला और उनके द्वारा किए गए पर जानकारी दी। लायंस क्लब की ओर से लायन दिलीप सुभिखी, लायन रामेश्वर प्रसाद और अध्यक्ष लायन रमेश त्रिवेदी ने भी अपने विचार रखे। मंच संचालन सचिव लायन परेश ठक्कर ने किया। इसके साथ ही धन्यवाद ज्ञापन श्वेता झा ने दिया। सभा की समाप्ति के बाद अल्पाहार की व्यवस्था की गई थी। लायंस क्लब की तरफ से इनके अलावे लायन एलसी राठी और मुकेश बर्मन भी उपस्थित रहे।

### वंडर किड्स प्ले स्कूल गोविंदपुर में धूमधाम से मना शिक्षक दिवस

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**धनबाद**। जिले के लॉयंस क्लब गोविंदपुर कोयलांचल द्वारा स्थानीय वंडर किड्स प्ले स्कूल गोविंदपुर में शिक्षक दिवस धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता क्लब के अध्यक्ष डा. रामकृष्ण शर्मा ने किया। इस अवसर पर क्लब ने गोविंदपुर प्रखंड के पांच नवाचारी और उत्कृष्ट शिक्षण करने वाले शिक्षक-शिक्षिकाओं को सम्मानित किया। संतोष कुमार झा (उ म वि बस्तीपुर), शीला पात्रो (उमवि लाहरडीह), विनीता झा (प्लस 23 उ वि गोसाईडीह), कामेश्वर रजक (प्लस 23 उ वि नगरकियारी) और एक सेवानिवृत्त शिक्षक दीपक कुमार दत्ता को शॉल, प्रशस्ति पत्र और मोमेंटो प्रदान कर सम्मानित किया गया। स्वागत भाषण सचिव रामचंद्र मिश्र, मंच संचालन कोषाध्यक्ष मथन चंद्र दसौंधी और धन्यवाद ज्ञापन क्लब के निदेशक एसएन लाल त्यागी ने किया। इस मौके पर कृष्ण प्रसाद, अवनिकांत झा, विनोद आनंद, ओमप्रकाश उपाध्याय, आरके सिंह, कमलदेव मंडल, नुसरत प्रवीण, विपिन दां, डा. सुजाता शर्मा, चिंता देवी, सोमित दत्ता, विमल शर्मा, जिनी लाल, प्राप्ति चन्द्रा, जयप्रकाश मिश्र, सुशांत पांडेय, दिनेश राय, दिनेश मणि, राकेश अग्रवाल, तापस कुमार दास, चित्रा सरकार सहित उपस्थित रहे।

### रांची में 7 सितंबर को निर्धारित एसआइआर सुनवाई स्थगित

**रांची**। उच्च शिक्षा, नगर विकास, खेलकूद एवं पर्यटन विभाग, झारखंड सरकार के मंत्री सुदिव्य कुमार के आकस्मिक निधन के कारण रांची में 7 सितंबर 2026 को निर्धारित विशेष गहन पुनरीक्षण से संबंधित सुनवाई स्थगित कर दी गई है। जिला प्रशासन की ओर से रविवार को इस संबंध में सभी संबंधित मतदाताओं को इसकी जानकारी दी गई। झारखंड सरकार ने मंत्री सुदिव्य कुमार के निधन पर 6 और 7 सितंबर को राजकीय शोक घोषित किया है। इसके साथ ही 7 सितंबर को सरकारी अवकाश भी घोषित किया गया है। इसको देखते हुए 7 सितंबर को निर्धारित एसआइआर सुनवाई को स्थगित करने का निर्णय लिया गया है। जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि स्थगित सुनवाई की अगली तिथि बाद में निर्धारित की जाएगी। संबंधित मतदाताओं को नई तारीख की जानकारी उनके क्षेत्र के बूथ लेवल ऑफिसर के माध्यम से अलग-अलग दी जाएगी। ऐसे में मतदाताओं को फिलहाल निर्धारित स्थल पर पहुंचने की आवश्यकता नहीं है। रांची के डीसी मंजूनाथ भजंत्री ने कहा कि राजकीय शोक और सरकारी अवकाश के मद्देनजर 7 सितंबर को होने वाली एसआइआर सुनवाई स्थगित की गई है। संबंधित मतदाता किसी तरह की असुविधा या भ्रम की स्थिति में न रहें। उन्हें सुनवाई की अगली तिथि की जानकारी बीएलओ के माध्यम से दी जाएगी।

# भादो की बारिश के साथ बढ़ा बरसाती बीमारियों का खतरा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**देवघर**। झारखंड में सावन के बाद अब भादो के मौसम में भी बारिश का दौर लगातार जारी है। संथाल परगना के देवघर समेत सभी जिलों में पिछले कई दिनों से रुक-रुककर बारिश हो रही है। बारिश जहां किसानों के लिए राहत और फायदेमंद साबित हो रही है, वहीं आम लोगों के लिए यह कई तरह की स्वास्थ्य संबंधी परेशानियां भी लेकर आई है। लगातार बारिश के कारण जगह-जगह पानी जमा होने से डेंगू, मलेरिया और अन्य वेक्टर जनित बीमारियों का खतरा बढ़ गया है। वहीं बारिश में भीगने के कारण बच्चों और बुजुर्गों में सर्दी, खांसी और जुकाम जैसी समस्याएं भी देखने को मिल रही हैं। बरसात के मौसम में बढ़ते मच्छरजनित रोगों को देखते हुए देवघर जिला स्वास्थ्य विभाग ने अपनी तैयारियां तेज कर दी हैं। वेक्टर बोर्न डिजीज विभाग को स्वास्थ्य विभाग की ओर से आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। विभाग के अध्यक्ष डॉ। अभय यादव




ने बताया कि बरसात से जुड़ी बीमारियों को देखते हुए वीबीडी विभाग लगातार अभियान चला रहा है। पिछले कुछ दिनों के दौरान करीब 1500 घरों में एंटी लार्वा का छिड़काव किया गया है। जिन घरों में बारिश का पानी जमा मिला, वहां पानी की निकासी और साफ-सफाई कराई गई। स्वास्थ्य विभाग के वॉलंटियर्स को भी लगातार क्षेत्र में निगरानी रखने और किसी भी तरह की कमी नहीं रहने देने के निर्देश दिए जा रहे हैं। अभियान के दौरान करीब 550 घरों में रखे पुराने टैंकर, कूलर, टायर और अन्य सामानों में जमा पानी को हटाया गया। इन स्थानों पर मिले मच्छरों के लार्वा को भी नष्ट किया गया, ताकि डेंगू और मलेरिया जैसी बीमारियों के फैलाव को रोका जा सके। लगातार बढ़ रहे बरसाती रोगों के खतरे को देखते हुए देवघर सदर अस्पताल में भी विशेष तैयारियां की गई हैं। मरीजों को तत्काल भर्ती कराने में किसी तरह की परेशानी न हो, इसके लिए बरसाती बीमारियों से ग्रसित मरीजों के लिए विशेष वार्ड तैयार किया गया है। उपायुक्त सौरभ कुमार भुवानिया ने भी सदर अस्पताल का निरीक्षण किया। उन्होंने अस्पताल में क्रिटिकल केयर सुविधा को जल्द शुरू करने का निर्देश दिया है, ताकि डेंगू, मलेरिया और अन्य गंभीर बरसाती बीमारियों से पीड़ित मरीजों को बेहतर और समय पर इलाज मिल सके। हालांकि, स्वास्थ्य विभाग की ओर से बरसाती बीमारियों से निपटने के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है, लेकिन स्टाफ की कमी और वेक्टर बोर्न डिजीज की जांच से जुड़ी संसाधनों की कमी अब भी एक बड़ी चुनौती है। डेंगू, मलेरिया, कालाजार जैसे बीमारियों की जांच के लिए सदर अस्पताल को एम्स अस्पताल का सहारा लेना पड़ रहा है। प्रतिदिन एम्स अस्पताल से जांच कराए जाते हैं। अधिकारियों ने बताया कि जल्द राज्य सरकार की तरफ से वेक्टर बोर्न डिसीज से जुड़ी किट्स भी उपलब्ध कराई जाएगी। इसके बावजूद जिला स्वास्थ्य विभाग का दावा है कि बारिश के मौसम में मच्छरजनित और अन्य बरसाती बीमारियों के प्रसार को रोकने के लिए विभाग पूरी तरह अलर्ट है और लगातार फील्ड स्तर पर निगरानी एवं रोकथाम अभियान चलाया जा रहा है।

## शिक्षा विभाग पर 'अनहोनी का साया'! लगातार तीन मंत्रियों के निधन से गहराया संयोग का सवाल



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**रांची**। झारखंड के शिक्षा विभाग से जुड़ा एक ऐसा संयोग सामने आया है, जिसने लोगों को हैरान और भावुक कर दिया है। बीते कुछ वर्षों में शिक्षा विभाग की जिम्मेदारी संभालने वाले लगातार तीन मंत्रियों का निधन हो चुका है। इसे लेकर राजनीतिक और सामाजिक हलकों में चर्चाओं का दौर शुरू हो गया है।सबसे पहले शिक्षा मंत्री के रूप में जिम्मेदारी संभाल रहे जगरनाथ महतो का निधन हुआ। उनके बाद शिक्षा विभाग की जिम्मेदारी संभालने वाले रामदास सोरेन का भी निधन हो गया। अब उच्च शिक्षा मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू के निधन ने इस सिलसिले को एक बार फिर चर्चा में ला दिया है। लगातार तीन मंत्रियों के निधन का यह संयोग निश्चित रूप से असाधारण और दुखद है। हालांकि, इसे किसी अंधविश्वास या विभाग के लिए अपशकुन से जोड़ना उचित नहीं होगा, लेकिन घटनाओं की लगातार पुनरावृत्ति ने लोगों के बीच 'अनहोनी के संयोग' जैसे सवाल जरूर खड़े कर दिए हैं।शिक्षा जैसे महत्वपूर्ण विभाग से जुड़े तीन मंत्रियों के निधन ने झारखंड की राजनीति और प्रशासनिक गलियारों में शोक की एक गहरी छाप छोड़ी है। अब इस दुखद संयोग ने एक बार फिर लोगों का ध्यान अपनी ओर खींचा है।

## झारखंड की साइकिलिस्ट सरिता कुमारी का भारतीय टीम में चयन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

रांची। जापान के नागोया शहर में 19 सितंबर से 4 अक्टूबर 2026 तक आयोजित होने वाले 20वें एशियन गेम्स के लिए भारतीय साइकिलिंग टीम में झारखंड की प्रतिभाशाली साइकिलिस्ट सरिता कुमारी का चयन हुआ है। अंतरराष्ट्रीय स्तर के इस प्रतिष्ठित खेल आयोजन में सरिता भारत का प्रतिनिधित्व करेंगी। उनके चयन से झारखंड के खेल जगत और साइकिलिंग खिलाड़ियों में खुशी का माहौल है। झारखंड साइकिलिंग संघ के महासचिव शैलेंद्र कुमार पाठक ने सरिता कुमारी के चयन पर खुशी जताते हुए कहा कि यह झारखंड के लिए गौरव का क्षण है। उन्होंने कहा, सरिता ने अपनी मेहनत, अनुशासन और लगातार बेहतर प्रदर्शन के दम पर भारतीय टीम में जगह बनाई है। एशियन गेम्स जैसे बड़े अंतरराष्ट्रीय मंच पर देश का प्रतिनिधित्व करना उनके लिए बड़ी उपलब्धि है। हमें पूरा विश्वास है कि सरिता वहां भी शानदार प्रदर्शन कर देश और झारखंड का नाम रोशन करेंगी। साइकिलिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया के महासचिव मनिंदर पाल सिंह और झारखंड साइकिलिंग संघ के महासचिव शैलेंद्र कुमार पाठक ने संयुक्त रूप से कहा कि सरिता कुमारी ने राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर की विभिन्न साइकिलिंग प्रतियोगिताओं में लगातार उत्कृष्ट प्रदर्शन कर अपनी प्रतिभा साबित की है। उनके निरंतर प्रदर्शन और कड़ी मेहनत के परिणामस्वरूप उन्हें एशियन गेम्स में भारतीय टीम का हिस्सा बनने का अवसर मिला है। संघ के पदाधिकारियों ने कहा कि सरिता का चयन झारखंड में साइकिलिंग के बढ़ते स्तर और यहां के खिलाड़ियों को राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मिल रही पहचान का प्रमाण है। इस उपलब्धि से राज्य के युवा साइकिलिस्टों को भी आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलेगी। सरिता कुमारी के भारतीय टीम में चयन पर खेल सचिव मुकेश कुमार, खेल निदेशक छवि रंजन, राजमहल सांसद विजय हांसदा, पर्यटन निदेशक नमन प्रियेश लकड़ा, झारखंड साइकिलिंग संघ के अध्यक्ष मधुकांत पाठक, महासचिव शैलेंद्र कुमार पाठक, कोषाध्यक्ष रणवीर सिंह सहित संघ के उपाध्यक्ष अम्लान कुसुम सिन्हा, सुरजीत कुमार, शिर्डी सिंह, पुष्पा हसन, जितेंद्र महतो, दिलीप गुप्ता, शशिकांत पांडे, दीपक हेंब्रम, रितेश झा, नरेश कुमार, ओम प्रकाश गुप्ता, चंद्र बहादुर सिंह, राजकुमार मेहता, प्रोन्नति रानी सिंह, सतविंदर कौर, तस्लीम खान, अनिता तथा जेएसएसपीएस प्रशिक्षक रामकुमार भट्ट और प्रथम शर्मा ने उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

## पलामू टाइगर रिजर्व में नए बाघ की इंट्री, कॉरिडोर में लगाए गए कैमरे

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मेदिनीनगर (पलामू)**। पीटीआर के इलाके में नए बाघ की इंट्री हुई है। बाघ लगातार शिकार कर रहा है और अपनी उपस्थिति दर्ज करवा रहा है। नए बाघ की इंट्री के बाद पलामू टाइगर रिजर्व के इलाके में हाई अलर्ट जारी किया गया है। पलामू, गढ़वा और लातेहार के सीमावर्ती इलाके में हाई अलर्ट जारी किया गया है और बाघ के मूवमेंट पर निगरानी रखी जा रही है। बाघ के पंजों के निशान और शिकार के आधार पर उसकी पहचान हुई है। हालांकि अभी तक नए बाघ टी07 का फोटो कैमरा में कैद नहीं हुआ है। जिस इलाके में उसके मूवमेंट को रिकॉर्ड किया गया है, उस इलाके में कैमरे लगाए गए हैं। पलामू टाइगर रिजर्व के अधिकारियों के अनुसार बाघ वयस्क है।




पलामू टाइगर रिजर्व के उपनिदेशक प्रजेशकांत जेना ने नए बाघ की मौजूदगी की पुष्टि करते हुए बताया कि इलाके में अतिरिक्त वनकर्मियों की तैनाती की गई है और बाघ की मॉनिटरिंग की जा रही है। इलाके में हाई अलर्ट जारी किया गया है और उसके कॉरिडोर में कैमरे लगाए गए हैं। बाघ लागातार मवेशियों का शिकार भी कर रहा है।

दरअसल, पलामू टाइगर रिजर्व झारखंड में बाघों के लिए एकमात्र संरक्षित एरिया है। पलामू टाइगर रिजर्व का कॉरिडोर छत्तीसगढ़ और मध्यप्रदेश के बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व से जुड़ा हुआ है। पलामू टाइगर रिजर्व के इलाके में एमपी के बांधवगढ़ और संजय डुबरी टाइगर रिजर्व से बाघ दाखिल होते हैं। 2018 में पलामू टाइगर रिजर्व के इलाके में नेशनल टाइगर कंजर्वेशन अथॉरिटी ने सेंसस के बाद बाघों की संख्या शून्य बताई थी। वर्ष 2020 में पलामू टाइगर रिजर्व में एक मृत बाघिन पाई गई थी। उसके बाद पहला जिंदा बाघ 2021 में देखा गया था, दूसरा बाघ मार्च 2023 में, तीसरा नवंबर 2023 में, चौथा जनवरी 2024 में, पांचवां 2024 में, छठा जुलाई 2025 में और अब सातवां सितंबर 2026 में पलामू टाइगर रिजर्व के इलाके में एक नया बाघ देखा गया है।

## मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू के निधन से शिक्षा और खेल जगत में शोक

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रांची**। झारखंड सरकार के मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू के आकस्मिक निधन से राज्य के शिक्षा और खेल जगत में शोक की लहर है। मात्र 56 वर्ष की आयु में उनके निधन की खबर से विभिन्न खेल संघों, खिलाड़ियों, प्रशिक्षकों और शिक्षण संस्थानों से जुड़े लोगों ने गहरा दुख व्यक्त किया है, उनके सम्मान में कई कार्यक्रम स्थगित किए गए हैं।

झारखंड राज्य क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष अजय नाथ शाहदेव ने मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू के निधन को राज्य के लिए अपूरणीय क्षति बताया। उन्होंने कहा कि खेल मंत्री के रूप में झारखंड के खेल और खिलाड़ियों के उत्थान के लिए उनका सहयोग और विजन हमेशा याद रखा जाएगा। उन्होंने दिवंगत आत्मा की शांति और शोक संतप्त परिवार को इस कठिन समय में शक्ति देने की प्रार्थना की। झारखंड तलवारबाजी संघ के अध्यक्ष अर्चित आनंद ने कहा कि मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू न केवल कुशल राजनेता थे, बल्कि खेलों के प्रति उनका समर्पण और उत्साह भी अतुलनीय था। उन्होंने कहा कि झारखंड में वॉलीबॉल, फुटबॉल और क्रिकेट जैसे खेलों को जमीनी स्तर पर मजबूत करने में उनका महत्वपूर्ण योगदान रहा।

झारखंड एथलेटिक्स संघ और झारखंड साइकिलिंग संघ परिवार ने भी शोक व्यक्त करते हुए कहा कि खेल मंत्री के रूप में खिलाड़ियों के विकास के लिए उनका सहयोग और विजन हमेशा याद किया जाएगा। वहीं झारखंड तैराकी संघ के खिलाड़ियों, प्रशिक्षकों और पदाधिकारियों की ओर से भी भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू के निधन के बाद राज्य में राजकीय शोक घोषित किए जाने के कारण रांची विश्वविद्यालय के 39वें दीक्षांत समारोह की तैयारियां भी प्रभावित हुई हैं। विश्वविद्यालय में दीक्षांत समारोह में शामिल होने वाले विद्यार्थियों के लिए गेट पास और गले का पट्टा वितरण रविवार और सोमवार को नहीं होगा। रांची विश्वविद्यालय के कुलसचिव के अनुसार अब मंगलवार, 8 सितंबर को सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक विद्यार्थियों को गेट पास और गले का पट्टा वितरित किया जाएगा। मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू के निधन के बाद शिक्षा जगत के साथ-साथ खेल जगत में भी कई निर्धारित कार्यक्रमों को स्थगित किया गया है। हॉकी झारखंड, जिमनास्टिक एसोसिएशन समेत विभिन्न खेल संगठनों की ओर से कार्यक्रमों को स्थगित कर शोक व्यक्त किया जा रहा है। खेल संगठनों ने कहा कि मंत्री के निधन से झारखंड ने खेलों के विकास और खिलाड़ियों के प्रोत्साहन के लिए काम करने वाला एक महत्वपूर्ण सहयोगी खो दिया है। राजकीय शोक के कारण शैक्षणिक संस्थानों की गतिविधियां भी प्रभावित हुई हैं। रांची विश्वविद्यालय, डीएसपीएमयू समेत राज्य के कई विश्वविद्यालयों में विभिन्न सेमेस्टर की 7 सितंबर को होने वाली परीक्षाएं स्थगित कर दी गई हैं। वहीं, रांची जिले के सभी सरकारी और निजी स्कूल भी 7 सितंबर को बंद रहेंगे। कई निजी स्कूलों की ओर से इस संबंध में अभिभावकों और विद्यार्थियों के लिए सूचना जारी कर दी गई है। परीक्षाओं की नई तिथि संबंधित विश्वविद्यालयों की ओर से बाद में जारी की जाएगी।

## शराब बरामद, दो तस्कर गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**अंबा (औरंगाबाद)**। शराबबंदी अभियान के तहत कुटुंबा थाना पुलिस ने रविवार को थाना मोड़ के समीप कार्रवाई कर 262.3 लीटर देशी शराब बरामद की। पुलिस ने सूचना के आधार पर घेराबंदी कर एक टेम्पो और बाइक की तलाशी ली, जिसमें टनाका और टंच देसी शराब बरामद हुई। मौके से दो कथित अंतरजिला तस्करों को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार आरोपितों की पहचान नवीनगर प्रखंड के रघुनाथपुर गांव निवासी राहुल कुमार और रोहतास जिले के डेहरी निवासी दीपक कुमार के रूप में हुई है। पुलिस ने शराब तस्करी में प्रयुक्त दोनों वाहनों को भी जब्त कर लिया। उत्पाद अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर अग्रिम कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

## संत जोसेफ पब्लिक स्कूल में धूमधाम से मना शिक्षक दिवस, राधा-कृष्ण की बाल लीला ने मोहा मन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**अंबा (औरंगाबाद)**। सोनवर्षा अंबा स्थित संत जोसेफ पब्लिक स्कूल में शनिवार को शिक्षक दिवस हर्षोल्लास व गरिमामय माहौल में मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधन ने शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने वाले पांच शिक्षकों को सम्मानित किया।सम्मानित होने वाले शिक्षकों में रमेश पांडेय, जयप्रकाश नारायण शर्मा, वीरेंद्र कुमार केशव, हिमांशु कुमार एवं विनय कुमार शामिल हैं। समारोह को संबोधित करते हुए विद्यालय के निदेशक अनूप कुमार ने कहा कि शिक्षक केवल किताबी ज्ञान तक सीमित नहीं रहते, बल्कि वे विद्यार्थियों में संस्कार, अनुशासन और उच्च नैतिक मूल्यों की नींव रखते हैं। शिक्षकों का सम्मान वस्तुतः ज्ञान और संस्कृति का सम्मान है। वहीं, प्रधानाध्यापक विनय कुमार ने कहा कि बच्चों के सर्वांगीण विकास और सही दिशा तय करने में शिक्षकों की भूमिका सर्वोपरि होती है। कार्यक्रम के दौरान छात्र-छात्राओं ने मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। राधा-कृष्ण की बाल लीला पर आधारित जीवंत झांकी विशेष आकर्षण का केंद्र रही, जिसमें सौम्य, हैप्पी, आयुषी, निधि, रॉकी, शांभवी, सनी, आराध्या, रितिका और रागिनी के अभिनय को खूब सराहा गया।इसके साथ ही 'मैया यशोदा' और 'कान्हा छोड़ दो कलाई को' जैसे भक्ति गीतों पर विष्णु कुमार, राहत, हलीमा खातून, अनुप्रिया, मृणालिनी, श्वेता और अंजली कुमारी के समूह नृत्य ने समां बांध दिया। कार्यक्रम को सफल बनाने में अरुण कुमार, दीपक कुमार, डॉ. वीणा वर्मा, दिलीप पाठक और नौशाद आलम का सराहनीय योगदान रहा। इस मौके पर विद्यालय के सभी शिक्षक, शिक्षकेतर कर्मचारी व बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## विकसित भारत का सपना साकार को लेकर भाजपा की सेवा संकल्प बैठक

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**हसपुरा (औरंगाबाद)**। हसपुरा ब्लॉक स्थित डीके शर्मा स्मृति भवन में उतरी भाजपा मंडल कार्यकर्ताओं की सेवा संकल्प बैठक हुई। अध्यक्षता उतरी मंडल अध्यक्ष चन्द्रकांत मुन्ना ने की। उन्होंने पार्टी की नीतियों को चर्चा करते हुए कहा कि 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक भाजपा का सेवा संकल्प है।जिसमें केन्द्र व राज्य सरकार से मिलने वाली लाभ के बारे में जानकारी बूथ स्तर तक भाजपा कार्यकर्ताओं की टोली पहुंचेगी और गांव में रहने वाले लोगों को बताएगी। जिसमें गीत, संगीत, भाषण प्रतियोगिता, नमो गाथा, नुक्कड नाटक के अलावा विभिन्न माध्यमों से जानकारी दिया जायेगा। बैठक में शामिल भाजपा सह पूर्व विधायक डा. रणविजय कुमार सहित सभी कार्यकर्ताओं ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय व डा . श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर मालार्पण व पुष्पांजलि अर्पित कर याद किया। इसके उपरांत सेवा संकल्प नीतियों का विस्तार से चर्चा करते हुए डा. रणविजय कुमार ने कहा विकसित भारत का सपना साकार 2047 तक बनाने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कृत संकल्पित हैं। तमाम कार्यकर्ता दृढ़ इच्छा शक्ति के साथ जुट जाएं। गयालाल पंडित, सुरेश आर्य , ज्योति नारायण, रंजीव रंजन, संतोष शर्मा, देवनारायण यादव, नंदन यादव, कुण्दन पाण्डेय, जितेन्द्र कुमार सिंह, जितेन्द्र कुमार सिंह, राहुल शर्मा, पिन्टू शर्मा, रामजीत राम,कमलेश पंडित, शैलेश

## 1975 के रिकार्ड से काफी कम है इंद्रपुरी का वाटर डिस्चार्ज

डॉ. उपेंद्र कश्यप

**दाउदनगर (औरंगाबाद)** । सोन नदी उफान पर है। इंद्रपुरी से लेकर पटना की ओर गंगा में मिलने से पहले तक कई इलाकों में बाढ़ की स्थिति बनी हुई है। प्रशासन ने सोन किनारे बसे गांवों के लिए अलर्ट जारी किया है। इसके बावजूद कई जगह लोग बाढ़ देखने के लिए नदी के नजदीक पहुंच रहे हैं। इंद्रपुरी बराज वाटर मैनेजमेंट द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार सोन नदी में 5.60 लाख क्यूसेक पानी का प्रवाह दर्ज किया गया। बराज के सभी फाटक खोल दिए गए हैं। हालांकि, यह प्रवाह इंद्रपुरी बराज से छोड़े गए अब तक के सर्वाधिक जलप्रवाह से काफी कम है। इंद्रपुरी बराज से छोड़े गए जलप्रवाह के इतिहास के अनुसार, 23 अगस्त 1975

### वर्ष 2024 व 2025 से अधिक हो रहा सोन का प्रवाह



को 14.48 लाख क्यूसेक का सर्वाधिक प्रमाणित डिस्चार्ज दर्ज किया गया था। 25 सितंबर 2011 को 9.58 लाख क्यूसेक तथा वर्ष 2016 में लगभग 11.67 लाख क्यूसेक पानी छोड़े जाने की रिपोर्ट दर्ज हुई थी। हाल के वर्षों में वर्ष 2024 में 5.22 लाख और 2025 में 5.39 लाख क्यूसेक का अधिकतम डिस्चार्ज दर्ज हुआ। वहीं, 2 सितंबर 2026 को 5.60 लाख क्यूसेक के साथ सोन का प्रवाह इन दोनों वर्षों के अधिकतम स्तर से ऊपर पहुंच गया। हालांकि, यह 1975 के ऐतिहासिक रिकॉर्ड से अभी काफी नीचे है। सोन की बाढ़ को स्थानीय बोली में 'हुल्लड़' कहा जाता है। स्थानीय लोगों के अनुसार, सोन में उफान आने पर पानी तेज शोर, गड़गड़ाहट और तीव्र बहाव के साथ आगे बढ़ता है। इसी कारण पुराने समय से इसकी भयानक बाढ़ के लिए 'हुल्लड़' शब्द का इस्तेमाल होता रहा है। सामान्य बोलचाल में हुल्लड़ का अर्थ शोर-शराबा, उपद्रव या अफरा-तफरी होता है।

## शिक्षक सम्मान कार्यक्रम में शिक्षकों को किया सम्मानित

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद**। मखरा निवासी श्रीकृष्णनगर, औरंगाबाद में सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य शिवकुमार शर्मा के आवास पर शैक्षिक संवाद सह सम्मान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पूर्व राष्ट्रपति एवं शिक्षक डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन तथा स्वतंत्रता सेनानी एवं प्रधानाध्यापक स्वर्गीय छोटे नारायण सिंह को माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित की गई।



कार्यक्रम में स्वच्छता दूत एवं सामाजिक कार्यकर्ता संजय शर्मा ने उपस्थित सभी शिक्षकों को स्वयं रचित मोमेंटो देकर सम्मानित किया। इस सम्मान के लिए शिक्षकों ने उन्हें साधुवाद दिया।

## सृष्टि नवादा की कार्यसमिति भंग, संचालन के लिए नौ सदस्यीय समिति गठित

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नवादा**। सृष्टि नवादा विहार के संस्थापक अध्यक्ष सह आजीवन सदस्य विद्यानन्द चौधरी ने संस्था की वर्तमान कार्यसमिति को भंग करने की घोषणा की है। उन्होंने संस्था के सदस्यों को भेजे पत्र में कहा है कि मार्च 2006 के बाद से अब तक न तो कार्यकारिणी समिति की बैठक आयोजित की गई और न ही आमसभा की कोई बैठक आहूत की गई। इसे उन्होंने संस्था के संविधान की अवहेलना बताया है। पत्र में कहा गया है कि संस्था के सुचारु संचालन और संवैधानिक व्यवस्था को बहाल करने के उद्देश्य से वर्तमान कार्यसमिति को भंग किया जाता है। साथ ही आमसभा की बैठक आहूत होने तक संस्था के संचालन की जिम्मेदारी एक नई संचालन समिति को सौंपी गई है। संस्थापक अध्यक्ष ने संस्था के सुरक्षित सभी कोष से निकासी पर भी रोक लगाने की बात कही है। नई संचालन समिति में अरुण कुमार भगत को अध्यक्ष बनाया गया है। साहित्यकार सह गीतकार और विशिष्ट सदस्य अशोक समदर्शी को महासचिव की जिम्मेदारी दी गई है। समिति में आजीवन सदस्य रीतू सिन्हा और वीणा मिश्रा, तबला वादक रामदेव प्रसाद यादव, अजीत कुमार सिन्हा, वर्तमान नृत्य शिक्षक चंदन कुमार, वर्तमान कोषाध्यक्ष पांडेय अभिमन्यु कुमार तथा डॉ पंकज कुमार सिन्हा को सदस्य के रूप में शामिल किया गया है। विद्यानन्द चौधरी ने अपने पत्र में कहा है कि संचालन समिति का मुख्य उद्देश्य संस्था की गतिविधियों को व्यवस्थित रखना तथा जल्द से जल्द आमसभा की बैठक आयोजित कर आगे की संवैधानिक प्रक्रिया को पूरा करना है।

## संगठन की मजबूती को लेकर पूर्व विधायक कौशल यादव ने की कौआकोल में बैठक

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कौआकोल**। राजद नेता व पूर्व विधायक कौशल यादव ने रविवार को सरौनी गांव स्थित अपने कार्यालय में कार्यकर्ताओं के साथ बैठक कर आगामी स्नातक एवं शिक्षक एमएलसी चुनाव की तैयारियों के साथ साथ पार्टी व संगठन की मजबूती पर चर्चा की। उन्होंने कार्यकर्ताओं से एकजुट होकर आने वाले स्नातक एवं शिक्षक एमएलसी चुनावों में राजद समर्थित प्रत्याशी के पक्ष में मजबूती से काम करने और उन्हें विजयी बनाने की अपील की।बैठक में कौशल यादव ने कहा कि लालू प्रसाद यादव ने गरीबों को आवाज देने और सामाजिक न्याय की लड़ाई को मजबूती देने का काम किया है। उन्होंने कहा कि राजद हमेशा गरीब, वंचित, अतिपिछड़ा और दलित समाज के अधिकारों के लिए संघर्ष करता रहा है। उन्होंने कहा कि आज कुछ लोग संगठन में फिर से अप्रत्यक्ष रूप से सक्रिय होकर अपने हित साधने की कोशिश कर रहे हैं।उन्होंने आरोप लगाया कि जिन लोगों ने तेजस्वी यादव को कमजोर और बर्बाद करने का काम किया, वही लोग अब संगठन में फिर से आने के लिए हाथ-पैर मार रहे हैं। ऐसे लोगों से कार्यकर्ताओं को सतर्क रहने की जरूरत है। पूर्व विधायक ने एनडीए सरकार पर अतिपिछड़ा एवं दलित समाज की उपेक्षा और अत्याचार बढ़ने का आरोप लगाया। उन्होंने हिसुआ की घटना पर रोष जताते हुए अतिपिछड़ा समाज के युवक की हत्या तथा उसके बाद उसके माता-पिता को कथित रूप से झूठे मुकदमे में फंसाने की घटना की भी निंदा की। मौके पर पैक्स अध्यक्ष संजय यादव, पूर्व जिला पार्षद नारायण स्वामी मोहन, उपप्रमुख नवीन यादव, पूर्व मुखिया रामचन्द्र यादव, छोटेलाल यादव, ब्रह्मदेव रविदास, बिनोद सिंह, रजनीश कुमार, विनय मंडल, रामनिवास प्रसाद, रणजीत रजक, सनोज सिंह, जवाहर यादव, गौरी शंकर यादव, सरयुग यादव समेत अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# बेपटरी हुई महानंदा एक्सप्रेस

## तेज आवाज से यात्रियों में मचा हड़कंप रेलवे अधिकारी और कर्मचारी मौके पर पहुंचे

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**आरा।** रविवार सुबह बड़ा रेल हादसा होते-होते टल गया। आरा रेलवे स्टेशन से कुछ दूरी पर अलीपुरद्वार से दिल्ली जा रही महानंदा एक्सप्रेस (ट्रेन संख्या 15484) अचानक डिरेल हो गई। ट्रेन के पटरी से उतरते ही यात्रियों में अफरा-तफरी मच गई। हादसे के दौरान ट्रेन में सवार बड़ी संख्या में यात्री नींद में थे। तेज आवाज होने के कारण अचानक यात्रियों में हड़कंप मच गया। हालांकि राहत की बात यह रही कि इस हादसे में किसी यात्री के हताहत होने की सूचना नहीं है।

जानकारी के मुताबिक, महानंदा एक्सप्रेस आरा रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर-2 से रवाना हुई थी। स्टेशन से कुछ दूरी आगे पश्चिमी ओवरब्रिज के समीप पहुंचते ही ट्रेन के इंजन, रछफबोगी और एक अउ कोच के पहिए पटरी से उतर गए। हादसा रविवार सुबह के समय हुआ। उस वक्त ट्रेन में बड़ी संख्या में यात्री नींद में थे। अचानक ट्रेन के डिरेल होने और तेज आवाज आने से यात्रियों में अफरा-तफरी मच गई। लोग घबराकर अपनी सीटों से उठ गए और स्थिति को समझने की कोशिश करने लगे।

हादसे के बाद मौके पर मौजूद लोगों और यात्रियों के बीच चिंता का माहौल बन गया। हालांकि राहत की बात यह रही कि इस दुर्घटना में किसी यात्री के हताहत होने की सूचना नहीं है। हादसे की गंभीरता को देखते हुए रेलवे की ओर से तत्काल स्थिति का जायजा लिया गया।

घटना की जानकारी मिलते ही रेलवे के अधिकारी और कर्मचारी मौके पर पहुंच गए। अधिकारियों ने घटनास्थल का निरीक्षण कर स्थिति का जायजा लिया। इसके बाद रेलवे की टीम ने डिरेल हुए ट्रेन के हिस्सों को अलग करने का काम शुरू किया।

रेलवे की टीम ने डिरेल हुए हिस्सों और बोगियों को अलग-अलग किया। इसके बाद दूसरे इंजन की मदद से ट्रेन को आगे के लिए रवाना किया गया। इस पूरी प्रक्रिया के दौरान रेल परिचालन कुछ समय के लिए प्रभावित रहा।

## मां-बेटे की उठी अर्थियां

**सहरसा।** सलखुआ प्रखंड के चिड़ैया थाना क्षेत्र की चानन पंचायत स्थित सहुरिया के हनुमान टोला में रविवार को हृदयविदारक घटना सामने आई। शनिवार को राशन कार्ड विवाद में हुई मारपीट में जान गंवाने वाले 45 वर्षीय अर्जुन सादा का शव पोस्टमार्टम के बाद रविवार को घर पहुंचा तो बेटे का शव देखकर उनकी 80 वर्षीय मां पविया देवी सदमा बर्दाश्त नहीं कर सकीं।

बेटे के शव के पास पहुंचते ही वह बेसुध होकर गिर पड़ीं। परिजनों ने उन्हें संभालने का प्रयास किया, लेकिन तब तक उनकी मौत हो चुकी थी। इसके बाद एक ही आंगन से मां और बेटे की अर्थी एक साथ उठी। श्मशान घाट पर दोनों का अंतिम संस्कार एक साथ किया गया।

इस हृदयविदारक दृश्य को देखकर ग्रामीणों की आंखें नम हो गईं। घटना के बाद पूरे गांव में मातमी सन्नाटा पसरा रहा। कई घरों में चूल्हे तक नहीं जले। अर्जुन सादा अपने पीछे चार पुत्रियां और दो पुत्र छोड़ गए हैं। एक ही दिन में पिता और दादी का साया उठ जाने से बच्चों पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, रविवार दोपहर बाद एंबुलेंस से अर्जुन सादा का शव घर पहुंचा।

# 4,133 मतदाता करेंगे 86 उम्मीदवारों के भाग्य का फैसला

## मतदान 13 सितम्बर को

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रांची।** फेडरेशन ऑफ झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के वार्षिक चुनाव को लेकर सरगर्मी तेज हो गई है। चैंबर का वार्षिक चुनाव आगामी 13 सितंबर 2026 को राजधानी रांची के हरमू रोड स्थित मारवाड़ी भवन में आयोजित किया जाएगा। इस बार का चुनाव कई मायनों में खास और ऐतिहासिक होने जा रहा है। चुनाव में पहली बार इतनी बड़ी संख्या में उम्मीदवारों ने नामांकन दाखिल किया है।

चुनाव समिति के अनुसार, इस बार कुल 86 उम्मीदवारों ने विभिन्न पदों के लिए नामांकन दाखिल किया था। नाम वापसी की प्रक्रिया पूरी होने के बाद क्षेत्रीय उपाध्यक्ष पद के लिए कुल छह उम्मीदवार चुनाव मैदान में रह गए हैं। वहीं, 12 सितंबर को होने वाली एजीएम में तीन नामों का चयन सर्वसम्मति से किए जाने की बात कही गई है।

इस चुनाव में चैंबर के कुल 4,133 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। इनमें 3,545 मतदाता राजधानी रांची से हैं। बड़ी संख्या में मतदाताओं और उम्मीदवारों की मौजूदगी के कारण इस बार चैंबर चुनाव को लेकर व्यावसायिक जगत में खासा उत्साह देखा जा रहा है।

मतदान प्रक्रिया को सुचारू, पारदर्शी और व्यवस्थित तरीके से संपन्न कराने के लिए चुनाव समिति की ओर से व्यापक तैयारियां की जा रही हैं। करीब चार हजार मतदाताओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए मतदान स्थल पर 40 कंप्यूटर लगाए जा रहे हैं। इससे मतदान प्रक्रिया को तेज करने के साथ ही मतदाताओं को किसी तरह की परेशानी नहीं होगी।

चुनाव समिति ने बताया कि 13 सितंबर की सुबह नौ बजे से मतदान शुरू होगा। मतदान को लेकर आवश्यक व्यवस्थाएं पूरी की जा रही हैं। चैंबर पदाधिकारियों और चुनाव समिति की ओर से मतदान स्थल पर भीड़ प्रबंधन, तकनीकी व्यवस्था और अन्य जरूरी इंतजामों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। रिकॉर्ड संख्या में उम्मीदवारों और हजारों मतदाताओं की भागीदारी के कारण इस बार के चुनाव पर पूरे व्यापारिक जगत की नजर है।

## पुल टूटने से नदी में समाया ट्रक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**




**पूर्णिया।** जिले के अमौर प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत तियरपाड़ा पंचायत स्थित असियान (असियानी) घाट पर रविवार को बड़ा हादसा हो गया। परमान नदी पर बना वर्षों पुराना लोहे का पुल उस समय अचानक टूटकर धराशायी हो गया, जब उस पर से बालू से लदा एक ओवरलोड ट्रक गुजर रहा था। पुल टूटने के साथ ही भारी-भरकम ट्रक सीधे उफनती परमान नदी के गहरे पानी में जा समाया। घटना रविवार दिन में करीब 11:30 बजे की बताई जा रही है। हादसे के दौरान गनीमत रही कि पुल का ढांचा चरमराते ही चालक को खतरे का अहसास हो गया और उसने समय रहते नदी में छलांग लगा दी। इससे उसकी जान बाल-बाल बच गई। घटना के बाद पूरे इलाके में अफरा-तफरी का माहौल हो गया। देखते ही देखते नदी किनारे सैकड़ों ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, बालू लदा ओवरलोड ट्रक जैसे ही असियानी घाट के लोहे के पुल के बीचों-बीच पहुंचा, जर्जर ढांचा अत्यधिक भार सहन नहीं कर सका। तेज धमाके जैसी आवाज के साथ पुल दो हिस्सों में टूटकर नदी में जा गिरा।

## गंगा में डूबने से महिला की मौत



**पटना।** बाढ़ अनुमंडल के मरांची थाना क्षेत्र में गंगा स्नान के दौरान एक 60 वर्षीय महिला बाढ़ के पानी में डूब गई। घटना त्यागी बाबा ठाकुरबाड़ी के पास सुबह की बताई जा रही है। महिला के डूबने की सूचना मिलते ही परिजन उसकी तलाश में जुट गए। सुबह से शाम तक परिजन मौके पर डटे रहे, लेकिन महिला का कोई पता नहीं चल सका। स्थानीय विधायक अनंत कुमार सिंह भी मौके पर पहुंचे और अधिकारियों से संपर्क कर एसडीआरएफ की टीम भेजने की मांग की। मिली जानकारी के अनुसार, मरांची थाना अंतर्गत त्यागी बाबा ठाकुरबाड़ी के पास 60 वर्षीय श्यामा देवी बाढ़ के पानी में गंगा स्नान करने गई थीं। इसी दौरान वह पानी में डूब गईं। घटना सुबह करीब 7:30 बजे की बताई जा रही है। महिला के डूबने की जानकारी मिलने के बाद उनके परिजन मौके पर पहुंचे और सुबह से ही उनकी तलाश शुरू कर दी। स्थानीय स्तर पर गोताखोरों की मदद से भी महिला को खोजने का प्रयास किया गया, लेकिन सफलता नहीं मिली।

## घर में घुसकर फायरिंग, चार धराये



**मुजफ्फरपुर।** श्यामपुर भटहां थाना क्षेत्र के लालगढ़ योगिया गांव में शनिवार की आधी रात सोई अवस्था में घर में घुसकर मां-बेटी को गोली मारने के मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए चार आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया। घटना के बाद से पुलिस की लगातार छापेमारी जारी है। घायल मां राजकुमारी देवी और बेटी रश्मि कुमारी का इलाज मुजफ्फरपुर स्थित एसकेएमसीएच में चल रहा है। दोनों की स्थिति खतरे से बाहर बताई जा रही है। रविवार को एसपी कार्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता में एसपी शैलेंद्र सिंह ने बताया कि प्रथम दृष्टया घटना के पीछे प्रेम प्रसंग का मामला सामने आया है। पुलिस के अनुसार, आरोपी प्रिंस कुमार का घायल युवती के साथ प्रेम प्रसंग था। वह युवती पर घर से भागने के लिए दबाव बना रहा था। युवती के ऐसा करने से इनकार करने पर आरोपी ने कथित तौर पर अपने साथियों के साथ घर में घुसकर मां-बेटी पर गोली चला दी।

## बैठक में पारिवारिक सर्वे पर जोर



**गयाजी।** हर माह की भांति इस माह के भी प्रथम रविवार को समय 10बजे दिन से 2बजे दिन तक ब्राह्मण जागृति मंच अनुमंडल शाखा टिकारी की मासिक बैठक अपना कार्यालय में आहूत किया गया। मासिक आहूत बैठक की अध्यक्षता अवकाश प्राप्त शिक्षक शंभू मिश्र ने किया। शुभारंभ भगवान भास्कर की तैलीय चित्र पर माल्यार्पण,पूजा अर्चना के साथ किया गया। बैठक में ग्राम वार पारिवारिक सर्वेक्षण पर अबतक की स्थिति पर चर्चा किया गया। सर्वेक्षण कार्य पर विशेष जोर दिया गया। मौके पर अनुमंडल सरंक्षक अवकाश प्राप्त शिक्षक गोविंद पाठक, जयनंदन मिश्र, धर्मेंद्र वैध, नवीन कुमार पांडेय, नौलेश मिश्र, योगेंद्र वैध, प्रीतम मिश्र, पप्पू मिश्र, संजय मिश्र, अजय पाण्डेय, राजीव कुमार वैध सहित दर्जनों लोग शामिल रहे। संचालन अनुमंडल सचिव शिव बल्लभ मिश्र ने किया।

## मामा के साथ भांजी फरार

**मुजफ्फरपुर।** एक महिला अपनी 12 वर्षीय बेटी के साथ रिश्ते के मामा के साथ घर से लापता हो गई। घर लौटे पति को पत्नी और बेटी के साथ पेटी का ताला टूटा मिला। पेटी में रखे करीब छह लाख रुपये कीमत के सोने के गहने और एक लाख रुपये नकद भी गायब थे। पति ने पत्नी, बेटी और आरोपी व्यक्ति के साथ किसी अनहोनी की आशंका जताते हुए काजी मोहम्मदपुर थाने में शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। मामला मुजफ्फरपुर जिले के काजी मोहम्मदपुर थाना क्षेत्र के सदपुरा कसाब टोला का है। पीड़ित पति के अनुसार, शुक्रवार चार सितंबर की रात करीब नौ बजे मो. सरवर कुरैशी उसके घर आया था। आरोप है कि वह उसकी पत्नी और 12 वर्षीय बेटी को ऑटो पर बैठाकर अपने साथ ले गया। पति जब घर पहुंचा तो उसे घर में न तो पत्नी मिली और न ही बेटी। इसके बाद उसने घर की तलाशी ली तो पेटी का ताला टूटा हुआ मिला।

# बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में पहुंचे प्रभारी मंत्री

## राहत-बचाव कार्यों का लिया जायजा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**छपरा (सारण)।** सारण जिले में बाढ़ की स्थिति के बीच उप मुख्यमंत्री सह सारण जिले के प्रभारी मंत्री विजेंद्र प्रसाद यादव ने रविवार को बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का दौरा किया। उन्होंने जमीनी स्तर पर चल रहे राहत एवं बचाव कार्यों का जायजा लिया तथा प्रभावित लोगों के लिए जिला प्रशासन द्वारा की जा रही व्यवस्थाओं की जानकारी ली।

इस दौरान जिला पदाधिकारी वैभव श्रीवास्तव ने प्रभारी मंत्री को जिले में बाढ़ की वर्तमान स्थिति से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि बाढ़ प्रभावित लोगों को आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए प्रशासन पूरी तरह सक्रिय है। प्रभावित क्षेत्रों में आश्रय स्थल, सामुदायिक किचन, मेडिकल टीम, पशु कैंप, नाव सहित अन्य राहत सुविधाएं संचालित की जा रही हैं। जिला पदाधिकारी ने बताया कि बाढ़ प्रभावित इलाकों में बाढ़ सुरक्षात्मक एवं मरम्मती कार्य लगातार जारी हैं। जहां-जहां तटबंध अथवा बांध क्षतिग्रस्त या टूटे हैं, वहां संबंधित विभागों की टीमें युद्धस्तर पर मरम्मती एवं सुरक्षात्मक कार्य में जुटी हैं। प्रशासन एवं संबंधित विभागों के अधिकारी और कर्मी लगातार प्रभावित क्षेत्रों की निगरानी कर रहे हैं तथा स्थिति के अनुसार तत्काल आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

प्रभारी मंत्री ने राहत एवं बचाव कार्यों की विस्तृत जानकारी लेने के बाद अधिकारियों को निर्देश दिया कि बाढ़ प्रभावित लोगों को हरसंभव सहायता उपलब्ध कराने में किसी प्रकार की कमी नहीं होनी चाहिए। उन्होंने सभी आवश्यक व्यवस्थाओं को लगातार सक्रिय रखने तथा प्रभावित लोगों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने पर जोर दिया। जिला प्रशासन ने आमलोगों से अपील की है कि बाढ़ की स्थिति को देखते हुए सभी लोग सजग एवं सतर्क रहें। प्रशासन ने जिला एवं स्थानीय प्रशासन द्वारा जारी निर्देशों का पालन करने की अपील की है। इस मौके पर क्षेत्रीय जन प्रतिनिधि, जिलाधिकारी वैभव श्रीवास्तव, वरीय पुलिस अधीक्षक रौशन कुमार आदि अन्य अधिकारी व गणमान्य लोग मौजूद थे।

# कांग्रेस ने सड़क पर धान रोपकर जताया विरोध

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**जमुई।** जिले के नवादा-सिकंदरा मुख्य मार्ग की जर्जर हालत को लेकर रविवार को अलीगंज बाजार में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने अनोखे अंदाज में विरोध प्रदर्शन किया। सड़क पर जगह-जगह बने गड्ढों और उनमें जमा बारिश के पानी के बीच कार्यकर्ताओं ने धान रोपकर सरकार और संबंधित विभाग के खिलाफ नाराजगी जताई। प्रदर्शन का नेतृत्व कांग्रेस के पूर्व जिला महासचिव राजेश पासवान ने किया। कार्यकर्ताओं ने कहा कि अलीगंज बाजार की मुख्य सड़क के अलावा आढ़ा और चंद्रदीप क्षेत्र में भी सड़क की स्थिति बेहद खराब है। बारिश के बाद सड़क के गड्ढों में पानी जमा हो जाता है, जिससे राहगीरों और वाहन चालकों को आवागमन में काफी परेशानी होती है। कई जगहों पर सड़क और खेत के बीच अंतर करना मुश्किल हो जाता है। कार्यकर्ताओं ने सड़क पर नारेबाजी करते हुए अविलंब मरम्मत की मांग की।

राजेश पासवान ने कहा कि नवादा-सिकंदरा मुख्य मार्ग की बदहाली विकास के दावों पर सवाल खड़े कर रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि इस महत्वपूर्ण मार्ग से प्रतिदिन बड़ी संख्या में लोग आवागमन करते हैं, लेकिन इसके बावजूद जिम्मेदार विभाग सड़क की स्थिति सुधारने को लेकर गंभीर नहीं है। गड्ढों के कारण दुर्घटना की आशंका भी बनी रहती है।

उन्होंने स्थानीय सांसद और विधायक पर भी जनता की समस्या की अनदेखी करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि जनप्रतिनिधियों को क्षेत्र की जमीनी समस्याओं पर ध्यान देना चाहिए। कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष मकेश्वर यादव ने कहा कि सरकार को जगाने के लिए पार्टी सड़क पर उतरकर जनता की आवाज उठाती रहेगी। यदि जल्द सड़क की मरम्मत नहीं कराई गई तो आंदोलन को और व्यापक किया जाएगा।

# बाढ़ में तीन डूबे, दो की गयी जान

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हाजीपुर।** बाढ़ के पानी में दो महिला समेत तीन लोग डूब गए। डूबने से एक महिला सहित दो लोगों की मौत हो गई। यह घटना सोनपुर प्रखंड अंतर्गत दियारा क्षेत्र के दो अलग-अलग पंचायतों में घटित हुई। इनमें एक महिला और एक पुरुष की मौत हो गई, जबकि एक महिला को स्थानीय लोगों की मदद से सुरक्षित बचा लिया गया। बचाई गई महिला का इलाज सोनपुर अनुमंडलीय चिकित्सालय में चल रहा है। दोनों घटनाओं के बाद मृतकों के परिवारों में चीख-पुकार मची हुई है। मिली जानकारी के अनुसार, रविवार को सोनपुर के गंगाजल पंचायत के बबूरबन्नी गांव में बाढ़ के पानी में पैर फिसलने से ननद-भाभी गहरे पानी में डूब गईं। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। आसपास के लोग दोनों को बचाने के लिए दौड़े। ग्रामीणों ने प्रयास कर भाभी को सुरक्षित बाहर निकाल लिया, लेकिन करीब 47 वर्षीय गीता देवी की बाढ़ के पानी में डूबकर मौत हो गई। गीता देवी राम प्रवेश राय की पत्नी थीं और वार्ड संख्या आठ की रहने वाली थीं।

गंगाजल पंचायत के पूर्व पंचायत समिति सदस्य अशोक शर्मा ने बताया कि गीता देवी अपने मायके में ही पति के साथ रहती थीं। उनका ससुराल पटना के दीदारगंज में है। रविवार को दोनों ननद-भाभी बाढ़ के पानी को पार कर अपने घर लौट रही थीं। इसी दौरान पैर फिसलने से दोनों गहरे पानी में चली गईं। स्थानीय लोगों ने भाभी को तो बचा लिया, लेकिन ननद गीता देवी की डूबने से मौत हो गई। घटना की सूचना मिलने पर सोनपुर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर आगे की कार्रवाई शुरू की। दूसरी घटना शनिवार को सबलपुर दियारा क्षेत्र के पश्चिमी पंचायत में हुई। यहां बाढ़ में डूबे घर से सामान निकालने के दौरान एक व्यक्ति की पानी में डूबने से मौत हो गई। पंचायत के मुखिया विकास कुमार सिंह ने बताया कि मृतक की पहचान पश्चिमी पंचायत के वार्ड संख्या पांच निवासी योगेश्वर पासवान के रूप में हुई है।

## बंदोबस्ती दाखिले की आज अंतिम तिथि

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**शेखपुरा।** जिले में लंबे समय बाद पहाड़ों से पत्थर उत्खनन के लिए बंदोबस्ती की प्रक्रिया शुरू हो गई है। इसके लिए सरकार के विभाग पोर्टल पर ऑनलाइन निविदा आमंत्रित की गई है। जिला खनिज विकास पदाधिकारी सचिन प्रकाश ने बताया कि बंदोबस्ती में भाग लेने वाले व्यक्ति या फर्म आठ सितंबर तक ऑनलाइन निविदा दाखिल कर सकते हैं। इस बार सरकार ने बंदोबस्ती की प्रक्रिया में कई नई शर्तें भी लागू की हैं।

इस बार जिले के विभिन्न मौजों में स्थित 11 पहाड़ी भूखंडों से पत्थर उत्खनन के लिए निविदा निकाली गई है। पहले जिले के 27 पहाड़ी भूखंडों पर पत्थर का खनन होता था। सरकार ने इस बार पौराणिक और पर्यावरणीय महत्व वाले पहाड़ी भूखंडों की बंदोबस्ती पर रोक लगा दी है। इसी वजह से चांदी और चकंदरा के कुछ पहाड़ी क्षेत्रों में उत्खनन नहीं होगा। नई बंदोबस्ती के तहत सुदासपुर और मटोखर मौजा में सात पहाड़ी भूखंड शामिल हैं। वहीं पचना मौजा में तीन और चांदी मौजा में एक भूखंड से पत्थर उत्खनन के लिए निविदा जारी की गई है।

# बिहार की बाढ़ को राष्ट्रीय आपदा घोषित करे सरकार : तेजस्वी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** बिहार में बाढ़ की गंभीर स्थिति को लेकर नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने केंद्र और राज्य सरकार पर निशाना साधा है। कहा है कि ये लोग कोई गंभीरता नहीं दिखा रहे।

उन्होंने बिहार की बाढ़ को राष्ट्रीय आपदा घोषित करने की मांग करते हुए केंद्र सरकार से तत्काल पांच हजार करोड़ रुपये की विशेष वित्तीय सहायता देने की मांग की है। साथ ही बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में राहत एवं बचाव कार्य के लिए वायुसेना के हेलीकाप्टर उपलब्ध कराने की मांग की। रविवार को पत्रकारों से बातचीत में तेजस्वी यादव ने कहा कि गंगा के किनारे बसे बड़े इलाके बाढ़ से प्रभावित हैं।

दियारा क्षेत्र पूरी तरह पानी में डूब गए हैं। बड़ी संख्या में लोग अपने घरों और छतों पर फंसे हुए हैं। ऐसे में प्रभावित लोगों के लिए तत्काल राहत सामग्री और शिविरों की व्यवस्था की जरूरत है। उन्होंने कहा कि लोगों की जान-माल की सुरक्षा करना सरकार की जिम्मेदारी है।

तेजस्वी यादव ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में पेयजल की समस्या पर भी चिंता जताई। उन्होंने कहा कि सरकार को इस दिशा में विशेष ध्यान देना चाहिए। प्रभावित लोगों तक राहत सामग्री पहुंचाने के साथ सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने की व्यवस्था भी जरूरी है।

उन्होंने कहा कि पहले बाढ़ के दौरान वायुसेना के हेलीकाप्टरों के माध्यम से प्रभावित इलाकों में राहत सामग्री पहुंचाई जाती थी। इस बार भी केंद्र सरकार से वायुसेना की मदद मांगी जानी चाहिए। नेता प्रतिपक्ष ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर भी हमला बोला। उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार बिहार की बाढ़ की स्थिति को लेकर गंभीर नहीं है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री को तत्काल बिहार का दौरा कर बाढ़ प्रभावित इलाकों की स्थिति का जायजा लेना चाहिए और राहत कार्यों में केंद्र की मदद सुनिश्चित करनी चाहिए।

तेजस्वी ने सरकार से विशेष पैकेज भी मिलना चाहिए, ताकि बाढ़ से हुए नुकसान की भरपाई और प्रभावित लोगों को राहत दी जा सके।

तेजस्वी यादव ने रविवार को अपने एक्स हैंडल पर भी बाढ़ को लेकर पोस्ट किया। उन्होंने दावा किया कि बिहार का 76 प्रतिशत भूभाग बाढ़ग्रस्त है और 19 जिले भीषण बाढ़ की चपेट में हैं। उनके अनुसार, 20 लाख से अधिक लोग बाढ़ की आपदा में फंसे हुए हैं। उन्होंने यह भी दावा किया कि बाढ़ में पशुपालकों के मवेशी बह गए हैं और सार्वजनिक ढांचे को भारी नुकसान पहुंचा है।

## बाढ़ ने रोकी ट्रेनों की रफ्तार

**मुंगेर।** जिले में गंगा के उफान ने अब ट्रेनों की रफ्तार भी थाम दी है। जलस्तर खतरे के निशान से ऊपर पहुंचने और निचले इलाकों में पानी फैलने के बाद रेलवे ने भागलपुर-जमालपुर रेलखंड पर एहतियाती कदम उठाया है। कल्याणपुर से रतनपुर स्टेशन के बीच करीब 12 किलोमीटर रेलखंड पर ट्रेनों की रफ्तार घटाकर 20 से 30 किलोमीटर प्रतिघंटा कर दी गई है। इस हिस्से में सामान्य दिनों में ट्रेनें 100 से 110 किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से गुजरती है।

गंगा का जलस्तर बढ़ने से रेल पुल-पुलियों के नीचे पानी का बहाव तेज हो गया है। ऐसे में रेलवे किसी तरह का जोखिम लेने के मूड में नहीं है। पुलों की सुरक्षा और जलस्तर की स्थिति पर लगातार नजर रखी जा रही है। ट्रेनों को धीमी गति से गुजारने के लिए संबंधित रेलखंड पर कॉशन लगाया गया है। रेलवे के अनुसार, जलस्तर और पानी के बहाव की स्थिति सामान्य होने तक यह एहतियाती व्यवस्था जारी रहेगी। रफ्तार कम किए जाने से इस रेलखंड से गुजरने वाली ट्रेनों के परिचालन समय पर भी असर पड़ सकता है।

# शिक्षक सम्मान समारोह का हुआ आयोजन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**





**अररिया/गयाजी।** शिक्षक दिवस के अवसर पर डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जन्मदिन के अवसर पर मोहिनी देवी मेमोरियल स्कूल के सभागार में हर्षोल्लास के साथशिक्षक सम्मान समारोह मनाया गया कार्यक्रम का शुभारंभ वैदिक मंत्र के साथ-साथ अररिया जिला के आरक्षी अधीक्षक जितेंद्र कुमार एवं विद्यान प्राचार्य के कर कमल द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया इस अवसर पर नवोदय विद्यालय के पूर्व प्राचार्य डॉ.डी.के.साहू इस विद्यालय के पूर्व प्राचार्य डॉ.बी.एन.झा, राष्ट्रपति से पुरस्कृत शिक्षाविद सुवेंदु मुखर्जी,नगर परिषद उपाध्यक्ष गौतम साह सेवानिवृत शिक्षक इन्दु झा आदि उपस्थित थे। उपस्थित अतिथिगण को शॉल,बुके एवं ट्राली बैग व स्वामी विवेकानंद के किताब देकर सम्मानित किया गया। तत्पश्चात विद्यालय के छात्राओं ने स्वागत गीत एवं नृत्य प्रस्तुति कर उपस्थित बुद्धिजनों को मंत्र मुग्ध कर दिया।

आरक्षी अधीक्षक ने अपने उद्बोधन में कहा - बच्चों में इस प्रकार की गतिविधि उनके उज्जवल भविष्य की ओर संकेत करता है इस अवसर पर मंचस्थ सभी शिक्षक गण ने डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जन्मदिन के अवसर पर किए गए कार्यों को दर्शाते हुए एक शिक्षक की महत्ता पर प्रकाश डाला और कहा कि शिक्षक वह है जो बच्चों को अंधकार से प्रकाश की ओर ले जाता है। कार्यक्रम का सफल संचालन शिक्षक दीपक लेपच्या के द्वारा किया गया। सभी शिक्षक, प्राचार्य एवं शिक्षिकाओं को सम्मान हेतु ट्राली बैग एवं मिठाई गिफ्ट देकर सम्मानित किया गया।

**गयाजी संवाददाता के अनुसार** रामेश्वर प्लस टू उच्च विद्यालय बेलागंज गया जी में उल्लास के साथ शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता विद्यालय के प्रधानाध्यापक मोहम्मद अबरार आलम ने की। उन्होंने शिक्षकों और विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जीवनी बताते हुए कहा सादगी एवं ईमानदारी के प्रतीक भारत के द्वितीय राष्ट्रपति ने शिक्षक समाज को अपना जन्मदिन समर्पित कर एक संदेश देने का काम किया है जो शिक्षक समाज के मार्गदर्शक हैं। इस अवसर पर संगीत शिक्षक प्रेम रंजन और विद्यार्थियों के द्वारा गुरु वंदना गीत का प्रस्तुति किया गया जो काफी सराहनीय है इस अवसर पर डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन जी के तैलिए चित्र पर प्रधानाध्यापक के द्वारा माला अर्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित की गई और विद्यालय के शिक्षक दिलीप कुमार चंद्रमणि प्रसाद राजेश कुमार राजीव रिंकू कुमारी मधुबाला प्रदीप कुमार ,अनीश कुमार ,रिजवान उल्ला,रवि प्रकाश मालवीय, दिवाकर कुमार,प्रीति,सोनी कुमारी ,निशा कुमारी ,रीमा सिंह,अंतरीना कुमारी, जूली कुमारी,मानस कुमार ,दीपक कुमार सिंह, तरुण कुमार, कन्हाई दास , लिपिक मैमून निशा,पम्मी कुमारी ,अनिल कुमार ने पुष्पांजलि अर्पित की। विद्यार्थियों ने प्रधानाध्यापक एवं शिक्षकों शिक्षकों के साथ मिलकर केक काटे एक दूसरे को बधाइयां दी अंत में शुभकामनाओं के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया। इस सारे कार्यक्रम का संचालन दिवाकर कुमार ने किया।

# स्वास्थ्य व्यवस्था का सशक्त स्तंभ फिजियोथेरेपी : मंत्री

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** स्वास्थ्य व्यवस्था का सशक्त स्तंभ है फिजियोथेरेपी। यह केवल दर्द कम करने की पद्धति नहीं, बल्कि व्यक्ति को उसकी क्षमता, आत्मविश्वास और जीवन की गति वापस दिलाने का विज्ञान है। ये बातें ग्रामीण विकास, जनसंपर्क मंत्री सह जदयू विधायक दल के नेता श्रवण कुमार ने कही। वे रविवार को पटना के मौर्या होटल में विश्व फिजियोथेरेपी दिवस के अवसर पर आयोजित राष्ट्रीय फिजियोथेरेपी सम्मेलन-2026 में विशेष अतिथि के तौर पर बोल रहे थे। मंत्री ने कहा कि आज भारत विकास की नई ऊंचाइयों की ओर बढ़ रहा है। हमारा संकल्प सिर्फ आर्थिक विकास तक सीमित नहीं है। हम एक ऐसे भारत का निर्माण करना चाहते हैं जो स्वस्थ हो, सक्षम हो, आत्मनिर्भर हो और हर नागरिक को सम्मान से जीने का अवसर दे। इस लक्ष्य को हासिल करने में स्वास्थ्य क्षेत्र की भूमिका सबसे अहम है। मंत्री श्रवण कुमार ने कहा कि स्वस्थ नागरिक ही सशक्त समाज बनाते हैं और सशक्त समाज ही विकसित राष्ट्र की मजबूत नींव रखता है। अब दौर सिर्फ बीमार होने के बाद इलाज का नहीं है। हम एक हेल्थ कॉन्शियस सोसाइटी की ओर बढ़ रहे हैं जहां लोग बीमार होने से पहले ही अपने स्वास्थ्य के प्रति सजग हों। इसमें फिजियोथेरेपी की भूमिका आने वाले समय में और बड़ी होने वाली है। भविष्य की संभावनाओं का जिक्र करते हुए मंत्री ने कहा कि देश में बढ़ती बुजुर्ग आबादी, जीवन शैली से जुड़ी बीमारियां, खेल गतिविधियों का विस्तार, सड़क हादसों के बाद पुनर्वास की जरूरत और आधुनिक तकनीक के बढ़ते इस्तेमाल ने फिजियोथेरेपी में असीम संभावनाएं पैदा की हैं। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, रोबोटिक्स, डिजिटल हेल्थ और टेली-रिहैबिलिटेशन जैसी तकनीकों के साथ फिजियोथेरेपी का भविष्य और भी प्रभावशाली होगा। उन्होंने युवा फिजियोथेरेपिस्ट पर विश्वास जताते हुए कहा कि वे आने वाले समय में वैश्विक स्वास्थ्य सेवाओं में भारत की नई पहचान स्थापित करेंगे। स्वास्थ्य को केवल अस्पतालों तक सीमित नहीं रखना है। स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता को गांव-गांव और घर-घर तक पहुंचाना होगा। मौके पर उन्होंने उपस्थित फिजियोथेरेपिस्टों, चिकित्सकों, शोधकर्ताओं और छात्रों का अभिनंदन करते हुए कहा कि फिजियोथेरेपी सिर्फ एक पेशा नहीं है, बल्कि उन लाखों लोगों की आशा है जो शारीरिक चुनौती के बाद फिर से अपने पैरों पर खड़े होने का सपना देखते हैं। उन्होंने उम्मीद जताई कि इस सम्मेलन से नए शोधों और नई संभावनाओं का रास्ता खुलेगा और स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में नई ऊर्जा और नई दिशा मिलेगी। कार्यक्रम में वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. यू.सी. शामल, डॉ. संजीव कुमार, डॉ. खुर्शीद आलम, चिकित्सा प्रकोष्ठ के अध्यक्ष डॉ. एलबी सिंह, भौतिक चिकित्सक डॉ. उदय शंकर प्रसाद, डॉ. रवि प्रकाश, डॉ. मनोज कुमार मिश्रा, डॉ. पीयूष कुमार सिंह, डॉ. शाहनवाज आलम खान, डॉ. निशांत, डॉ. कुमार निशस, डॉ. मोहम्मद शहजादे आलम, डॉ. अमृता स्वराज सहित बड़ी संख्या में चिकित्सक और छात्र व अन्य मौजूद थे।

# बिहार में हॉकी को बढ़ावा दिया जायेगा : श्रवण कुमार

## राज्य के सभी जिलों एवं प्रखंडों में हॉकी के विस्तार का लिया गया संकल्प

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** हॉकी एसोसिएशन ऑफ बिहार की वार्षिक आम सभा की बैठक आज एस.आर. गार्डेन, पटना में सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता ग्रामीण विकास मंत्री सह हॉकी एसोसिएशन ऑफ बिहार के अध्यक्ष श्रवण कुमार ने की। बैठक में वर्ष 2025-26 की कार्य समीक्षा की गई तथा आगामी वर्ष 2026-27 के लिए विस्तृत कार्ययोजना पर चर्चा करते हुए उसे स्वीकृति प्रदान की गई। वार्षिक आम सभा में सभी निर्धारित एजेंडों को सर्वसम्मति से पारित किया गया। साथ ही संघ के सुचारू संचालन एवं विभिन्न गतिविधियों के बेहतर क्रियान्वयन के लिए विभिन्न समितियों का गठन करते हुए उनके चेयरमैन की नियुक्ति की गई। बैठक में संघ के सचिव राणा प्रताप सिंह ने कार्यवृत्त प्रस्तुत किया जबकि कोषाध्यक्ष द्वारा संघ का लेखा-जोखा एवं वार्षिक वित्तीय विवरण सभा के समक्ष प्रस्तुत किया गया। विभिन्न जिला इकाइयों के प्रतिनिधियों के साथ विस्तार से विचार-विमर्श कर आगामी योजनाओं एवं कार्यक्रमों पर भी चर्चा की गई। सभा को संबोधित करते हुए अध्यक्ष श्रवण कुमार ने कहा कि हॉकी एसोसिएशन ऑफ बिहार का लक्ष्य राज्य में हॉकी को जमीनी स्तर तक पहुंचाना है। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में बिहार के सभी जिलों एवं प्रखंडों में हॉकी को व्यवस्थित रूप से शुरू किया जाएगा जिससे ग्रामीण एवं दूरदराज के क्षेत्रों के प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलेगा। उन्होंने कहा कि आने वाला समय बिहार के हॉकी खिलाड़ियों के लिए सुनहरा अवसर लेकर आएगा। बिहार सरकार खेल और खिलाड़ियों के विकास के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। हॉकी एसोसिएशन ऑफ बिहार, बिहार सरकार के साथ मिलकर राज्य में हॉकी के विकास के लिए व्यापक स्तर पर कार्य करेगा और बिहार को देश के अग्रणी हॉकी राज्यों में शामिल करने का हरसंभव प्रयास करेगा। इस अवसर पर अध्यक्ष श्रवण कुमार ने दलित शोषित समाधान विद्यालय के हॉकी खिलाड़ियों को ग्रेफाइट हॉकी स्टिक प्रदान कर उन्हें प्रोत्साहित किया तथा खिलाड़ियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि संसाधनों की कमी प्रतिभाशाली खिलाड़ियों के विकास में बाधा नहीं बने, इसके लिए संघ एवं सरकार मिलकर आवश्यक प्रयास करेंगे। बैठक के अंत में अनुभा सिंह ने सभी उपस्थित पदाधिकारियों, जिला इकाइयों एवं सदस्यों के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया।

# बाढ़ को लेकर गंगा के तटवर्ती क्षेत्रों में रखी जा रही विशेष चौकसी

## तटबंधों को बचाने के लिए जल संसाधन विभाग तैयार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** राज्य सरकार ने बाढ़ को लेकर गंगा नदी के तटवर्ती क्षेत्रों में विशेष चौकसी बढ़ाने का आदेश दिया है। बाढ़ से प्रभावित होने वाले तटबंधों को बचाने के लिए जल संसाधन विभाग ने सभी आवश्यक तैयारी करने का आदेश दिया है, ताकि तटबंधों को टूटने से बचाया जा सके। विदित हो कि गंगा नदी के जलस्तर में वृद्धि एवं गांधी घाट पर जलस्तर के उच्चतम बाढ़ स्तर को पार करने के बाद अब पानी का दबाव डाउनस्ट्रीम क्षेत्रों में रहेगा। इसका प्रभाव अगले 1 से 3 दिनों तक हाथीदह एवं उसके बाद के डाउनस्ट्रीम गेज स्टेशनों पर देखने को मिल सकता है तथा यह हाथीदाह में पुराने उच्चतम बाढ़ स्तर को पार कर सकता है। इसको देखते हुए जल संसाधन विभाग ने बेगूसराय, लखीसराय, मुंगेर, भागलपुर, कटिहार जिले के गंगा के किनारे वाले क्षेत्रों में विशेष सतर्कता बरतने का निर्देश दिया है। इसके साथ ही विभाग ने गांधी घाट पर बढ़े हुए जलस्तर की लहर के डाउनस्ट्रीम की ओर बढ़ने को देखते हुए संबंधित पदाधिकारियों एवं क्षेत्रीय अधिकारियों को सतर्क रहने तथा जलस्तर की लगातार निगरानी करने का निर्देश दिया है। बताते चलें कि बाढ़ को लेकर विभागीय स्तर से नदी के जलस्तर, तटबंधों, संवेदनशील स्थलों एवं निचले इलाकों की नियमित निगरानी सुनिश्चित करने तथा आवश्यकता के अनुसार एहतियाती उपाय पहले से करने के निर्देश दिए गए हैं। सभी संबंधित विभागीय एवं क्षेत्रीय अभियंताओं को बाढ़ नियंत्रण से संबंधित सभी संसाधनों एवं मशीनरी को तैयार स्थिति में रखने को कहा गया है। इसके साथ ही संबंधित क्षेत्र को लोगों को भी अनावश्यक नदी के निकट नहीं जाने तथा सतर्क और सुरक्षित रहने का सुझाव दिया गया है। स्थानीय प्रशासन द्वारा नावों के परिचालन पर निगरानी रखने, ओवरलोडिंग को रोकने तथा लोगों को निरंतर सूचना उपलब्ध कराते हुए जागरूक रखने का निर्देश दिए गए हैं। वहीं मुख्यालय स्तर से लगातार बाढ़ की निगरानी रखी जा रही है।

# पटना में 8 को एनटीपीसी इलेक्ट्रॉन क्विज का क्षेत्रीय दौर का आयोजन

## 'द वर्ल्ड ऑफ बिजनेस मैनेजमेंट' होगी क्विज की थीम, विजेता टीम को मिलेंगे 60,000

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**पटना।** देश की अग्रणी एकीकृत विद्युत कंपनी एनटीपीसी द्वारा अपने प्रतिष्ठित इलेक्ट्रॉन क्विज 2026-27 के क्षेत्रीय दौर का आयोजन 8 सितंबर 2026 को पटना स्थित ऊर्जा ऑडिटोरियम में किया जाएगा। इस अवसर पर बिहार के प्रतिष्ठित इंजीनियरिंग एवं प्रबंधन संस्थानों के विद्यार्थी अपनी ज्ञान क्षमता, विश्लेषणात्मक सोच और टीम भावना का प्रदर्शन करेंगे। इस वर्ष इलेक्ट्रॉन क्विज की थीम 'द वर्ल्ड ऑफ बिजनेस मैनेजमेंट' रखी गई है। प्रतियोगिता में प्रत्येक टीम में दो सदस्य होंगे। क्विज के माध्यम से विद्यार्थियों को व्यवसाय प्रबंधन, उद्योग, अर्थव्यवस्था तथा समसामयिक विषयों से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर अपनी जानकारी और प्रतिभा प्रदर्शित करने का अवसर मिलेगा। इलेक्ट्रॉन क्विज 2026-27 का आयोजन देशभर में नौ क्षेत्रीय केंद्रों लखनऊ, पटना, रांची, रायपुर, मुंबई, चेन्नई, हैदराबाद, कोलकाता और नोएडा में किया जा रहा है। पटना क्षेत्रीय दौर में बिहार के विभिन्न प्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्थानों की टीमें हिस्सा लेंगी। क्षेत्रीय दौर में विजेता टीम को 60,000 जबकि उपविजेता और तीसरे स्थान पर रहने वाली टीम को क्रमशः 40,000 और 20,000 की पुरस्कार राशि दी जाएगी। चौथे से छठे स्थान पर रहने वाली प्रत्येक टीम को 8,000 प्रदान किए जाएंगे। पटना क्षेत्रीय दौर की शीर्ष दो टीमें राष्ट्रीय सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई करेंगी। प्रत्येक क्षेत्रीय सेमीफाइनल से शीर्ष दो टीमें राष्ट्रीय फाइनल में प्रवेश करेंगी। राष्ट्रीय सेमीफाइनल और फाइनल का आयोजन क्रमशः 7 एवं 8 अक्टूबर 2026 को एनटीपीसी के पावर मैनेजमेंट इंस्टीट्यूट, नोएडा में किया जाएगा। राष्ट्रीय स्तर पर विजेता टीम को 1 लाख, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त टीमों को क्रमशः 60,000 और 40,000 प्रदान किए जाएंगे। चौथे से छठे स्थान की टीमों को 16,000 प्रत्येक, जबकि शेष 12 फाइनलिस्ट टीमों को 8,000 प्रत्येक की पुरस्कार राशि दी जाएगी। इलेक्ट्रॉन क्विज एनटीपीसी की युवा प्रतिभाओं के साथ जुड़ने और विद्यार्थियों में ज्ञान, जिज्ञासा, तार्किक क्षमता, टीमवर्क तथा व्यवसाय एवं प्रबंधन की समझ विकसित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। इसके माध्यम से विद्यार्थियों को राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने और उद्योग जगत की कार्यप्रणाली को समझने का अवसर मिलता है। एनटीपीसी विद्युत मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन महारत्न केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रम है तथा इसकी कुल स्थापित विद्युत उत्पादन क्षमता 91 गीगावाट से अधिक है। इलेक्ट्रॉन क्विज जैसे आयोजनों के माध्यम से एनटीपीसी देश के युवा वर्ग के साथ अपने जुड़ाव को मजबूत करने के साथ-साथ भावी पेशेवरों एवं नेतृत्वकर्ताओं को प्रोत्साहित कर रहा है।

# शिक्षक समाज का निर्माण करने वाले सबसे महत्वपूर्ण स्तंभ : डॉ. विकास

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**




**पटना।** लायंस क्लब ऑफ पाटलिपुत्र आस्था की ओर से शिक्षक दिवस के अवसर पर शिक्षकों के सम्मान में विशेष समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन गोल इंस्टीट्यूट सभागार में किया गया जहां लायंस क्लब से जुड़े सम्मानित शिक्षकों के साथ-साथ गोल इंस्टीट्यूट के शिक्षकों को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के कार्यकारी प्रभारी एवं वरीय पशु चिकित्सक डॉ. विकास शर्मा ने कहा कि शिक्षक केवल विद्यार्थियों को शिक्षा देने का कार्य नहीं करते, बल्कि वे समाज और राष्ट्र के भविष्य का निर्माण करते हैं। उन्होंने कहा एक शिक्षक अपने ज्ञान, संस्कार और मार्गदर्शन से कई पीढ़ियों को दिशा देता है। इसलिए शिक्षकों का सम्मान वास्तव में ज्ञान और संस्कार का सम्मान है। उन्होंने कहा कि लायंस क्लब ऑफ पाटलिपुत्र आस्था की ओर से प्रत्येक वर्ष शिक्षक दिवस के अवसर पर शिक्षकों को सम्मानित करने का उद्देश्य समाज में गुरु-शिष्य परंपरा और शिक्षा के महत्व को और मजबूत करना है। साथ ही आज की नई पीढ़ी वाले छात्र जो जेन- जी एवं अल्फा हैं। उन्हें आज के परिवेश में उचित मार्गदर्शन की जरुरत है। गोल इंस्टीट्यूट के निदेशक विपीन सिंह ने कहा कि आज के बदलते दौर में शिक्षकों की भूमिका और भी महत्वपूर्ण हो गई है। उन्होंने कहा शिक्षक विद्यार्थियों को केवल पाठ्यक्रम की जानकारी नहीं देते, बल्कि उनमें अनुशासन, आत्मविश्वास, संस्कार और जीवन के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण विकसित करते हैं। उन्होंने लायंस क्लब ऑफ पाटलिपुत्र आस्था की ओर से शिक्षकों के सम्मान के लिए आयोजित इस पहल की सराहना की। गोल इंस्टीट्यूट की निदेशक ममता सिंह ने कहा कि शिक्षक दिवस शिक्षकों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने का विशेष अवसर है। उन्होंने कहा हर सफल व्यक्ति के पीछे किसी न किसी शिक्षक का मार्गदर्शन और योगदान जरूर होता है। क्लब की ओर से कहा गया कि शिक्षक दिवस के अवसर पर शिक्षकों को सम्मानित करने की यह परंपरा प्रत्येक वर्ष जारी रखी जाएगी। कार्यक्रम में लायंस क्लब ऑफ पाटलिपुत्र आस्था के सम्मानित सदस्यगण, गोल इंस्टीट्यूट के शिक्षकगण एवं अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# शिक्षक दिवस पर टीचर्स ऑफ बिहार की पांच बड़ी पहल शुरू

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** शिक्षक दिवस पर टीचर्स ऑफ बिहार द्वारा शिक्षकों, विद्यार्थियों और समाज को शिक्षा के नए आयामों से जोड़ने के उद्देश्य से पांच महत्वपूर्ण पहलों का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर आयोजित विशेष कार्यक्रम लेट्स टॉक में शिक्षा, साहित्य, तकनीक, साइबर सुरक्षा और संवाद को केंद्र में रखते हुए कई अभिनव पहल की शुरुआत हुई। कार्यक्रम का सफल संचालन एवं मॉडरेशन डॉ. विनोद कुमार उपाध्याय द्वारा किया गया। समारोह में शिक्षक दिवस स्पेशल ऑनलाइन क्विज-2026, 'शिक्षा के गुमनाम नायक' पुस्तक के लिए कहानी आमंत्रण, 'लेट्स टॉक' में पूर्व अपर मुख्य सचिव, शिक्षा विभाग डॉ.एस.सिद्धार्थ के साथ विशेष संवाद, 'आंचलिका' पत्रिका के कवर पेज का विमोचन तथा 'मैं हूं साइबरदूत' कोर्स का शुभारंभ किया गया।

# केवाइपी केंद्र के पुन: संचालन की खुशी में शिक्षक दिवस का जश्न

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**वैशाली।** लंबे समय से बंद पड़े केवाईपी केंद्र के पुनः संचालन की खुशी के बीच कैरियर मिशन कम्प्यूटर एकेडमी परिसर में शिक्षक दिवस समारोह हर्षोल्लास और उत्साह के साथ मनाया गया। केंद्र के दोबारा शुरू होने की खुशी और शिक्षक दिवस के अवसर ने विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं कर्मचारियों के उत्साह को दोगुना कर दिया। समारोह के दौरान केक काटकर शिक्षक दिवस मनाया गया। इस अवसर पर संस्थान के निदेशक-सह-संचालक डॉ. आनंद रंजन झा ने शिक्षकों की गरिमा, महत्ता एवं विद्यार्थियों के जीवन में गुरु की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए कहा कि शिक्षक केवल शिक्षा देने का कार्य नहीं करते, बल्कि विद्यार्थियों के व्यक्तित्व, संस्कार और भविष्य को सही दिशा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। शिक्षक समाज और राष्ट्र के भविष्य निर्माण की मजबूत नींव हैं। इस अवसर पर महान शिक्षाविद् एवं भारत के पूर्व राष्ट्रपति डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन को श्रद्धापूर्वक याद किया गया। उपस्थित छात्र-छात्राओं, शिक्षकों एवं केंद्र प्रबंधन ने उनके आदर्शों एवं शिक्षा के प्रति समर्पण से प्रेरणा लेते हुए उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। डॉ. झा ने कहा कि वर्तमान डिजिटल युग में विद्यार्थियों को तकनीकी शिक्षा, आधुनिक कौशल एवं नवाचार से जोड़ना समय की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि केवाईपी जैसे कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रम युवाओं को डिजिटल रूप से सक्षम बनाने और बेहतर रोजगार के अवसरों के लिए तैयार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने केंद्र के पुनः संचालन को क्षेत्र के युवाओं के लिए सकारात्मक कदम बताते हुए कहा कि संस्था का उद्देश्य विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण प्रदान कर उन्हें आत्मनिर्भर एवं भविष्य की चुनौतियों के लिए सक्षम बनाना है।

# सांसद पप्पू यादव ने बाढ़ पीड़ितों को दी राहत, सरकार पर उठाए सवाल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**पटना।** जिले के फुलवारीशरीफ विधानसभा क्षेत्र के पुनपुन और लोदीपुर में बाढ़ प्रभावित इलाकों का जायजा लेने पहुंचे पूर्णिया सांसद पप्पू यादव ने पीड़ित परिवारों से मुलाकात कर यथासंभव मदद किया। इस दौरान उन्होंने बाढ़ की स्थिति और प्रभावित लोगों को मिल रही सुविधाओं को लेकर सरकार पर सवाल उठाए। बाढ़ पीड़ितों की पप्पू यादव ने आर्थिक मदद भी की। पटना के फुलवारी इलाके में बाढ़ के पानी ने लोगों की परेशानी बढ़ा दी है। सड़कों और आसपास के इलाकों में पानी भरने के बावजूद लोग रोजमर्रा के जरूरी कामों के लिए इसी पानी के बीच आने-जाने को मजबूर हैं। स्थानीय लोगों के मुताबिक बाढ़ के पानी के कारण आवागमन में काफी दिक्कत हो रही है और सामान्य जनजीवन प्रभावित हुआ है। इसी बीच पप्पू यादव अपने गाड़ी से बाढ़ पीड़ितों के बीच पहुंचे। पप्पू यादव को क्षेत्र में उन्हें एक बच्ची मिली, जो तेज बुखार से पीड़ित थी। उनके अनुसार बच्ची का परिवार उसे पटना में चिकित्सक को दिखाने के बाद कमर भर पानी पार कर वापस लौट रहा था। इस स्थिति का हवाला देते हुए उन्होंने बाढ़ प्रभावित परिवारों के लिए स्वास्थ्य और राहत सुविधाओं को लेकर चिंता जतायी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री और नेता प्रतिपक्ष के आवास से महज पांच किलोमीटर की दूरी पर अगर लोगों को इस तरह की परेशानी झेलनी पड़ रही है तो बिहार के दूर-दराज के बाढ़ प्रभावित इलाकों की स्थिति क्या होगी। उन्होंने सरकार की बाढ़ राहत व्यवस्था पर सवाल खड़े किए। सांसद ने कहा कि बाढ़ प्रभावित लोगों को भाषण नहीं, बल्कि राहत, इलाज, भोजन और सुरक्षित जीवन की जरूरत है।

# तेजस्वी को बिहार की चिंता होती तो बाढ़ पर राजनीति नहीं, राहत कार्यों में सहयोग करते : संजय सरावगी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** बिहार भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने बिहार में बाढ़ की स्थिति को लेकर राजद के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष तेजस्वी यादव के बयान पर तीखा पलटवार करते हुए कहा कि आपदा की घड़ी में भी राजनीति करना तेजस्वी यादव की पुरानी आदत है। बिहार की जनता की पीड़ा पर घड़ियाली आंसू बहाने से पहले तेजस्वी यादव अपने माता-पिता के 15 वर्षों के शासनकाल का हिसाब बिहार की जनता को दें। सरावगी ने कहा कि तेजस्वी यादव आज बाढ़ प्रभावित लोगों की चिंता का दिखावा कर रहे हैं, लेकिन उन्हें यह बताना चाहिए कि उनके परिवार के 15 वर्षों के शासनकाल में बाढ़ की समस्या के स्थायी समाधान के लिए क्या किया गया। बाढ़ प्रभावित इलाकों के लिए क्या स्थायी आपदा प्रबंधन तंत्र विकसित किया गया। तेजस्वी यादव को इन सवालों से भागने के बजाय बिहार की जनता को जवाब देना चाहिए। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि आज मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के नेतृत्व में बिहार सरकार और केंद्र सरकार की एजेंसियां पूरी मुस्तैदी से बाढ़ प्रभावित लोगों की मदद में जुटी हैं। प्रशासन, एसडीआरएफ और एनडीआरएफ की टीमें लगातार राहत एवं बचाव अभियान चला रही हैं। प्रभावित लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया जा रहा है और जरूरत के अनुसार राहत सामग्री उपलब्ध कराई जा रही है।

# पाटलिपुत्र स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में बनेगा हाइटेक इंडोर स्टेडियम, 21.20 करोड़ होंगे खर्च

## 1000 से अधिक दर्शकों के बैठने की व्यवस्था, खिलाड़ियों के लिए आवासीय सुविधा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** बिहार में इंडोर खेलों के बुनियादी ढांचे को नई मजबूती मिलने जा रही है। कंकड़बाग स्थित पाटलिपुत्र स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में अत्याधुनिक इंडोर स्टेडियम-2 का निर्माण कराया जा रहा है। करीब 21.20 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाला यह स्टेडियम लगभग 30,864 वर्गफीट (2,867 वर्गमीटर) क्षेत्र में विकसित किया जाएगा। इसमें करीब 25 हजार वर्गफीट का विशाल स्पोर्ट्स फ्लोर होगा। स्टेडियम को मार्च 2027 तक तैयार करने का लक्ष्य रखा गया है। इसके शुरू होने के बाद कबड्डी, बास्केटबॉल, बॉक्सिंग, वॉलीबॉल, सेपक टाकरा, कुश्ती, जिम्नास्टिक, योग और अन्य इंडोर खेलों के खिलाड़ियों को अपने ही राज्य में आधुनिक एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर की सुविधाओं के बीच अभ्यास और प्रशिक्षण का अवसर मिलेगा। स्टेडियम के निर्माण का उद्देश्य सिर्फ प्रतियोगिताओं के आयोजन तक सीमित नहीं है। खेल विभाग की योजना राज्य के प्रतिभावान खिलाड़ियों को कम उम्र से ही बेहतर प्रशिक्षण और सुविधाएं उपलब्ध कराकर राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर के लिए तैयार करने की है। विशेष रूप से 2028 लॉस एंजिल्स ओलंपिक और 2030 के प्रस्तावित कॉमनवेल्थ गेम्स को ध्यान में रखते हुए खिलाड़ियों को उच्चस्तरीय अभ्यास का वातावरण उपलब्ध कराया जाएगा। इससे बिहार के खिलाड़ियों को प्रशिक्षण के लिए दूसरे राज्यों पर निर्भरता कम होगी। प्रस्तावित इंडोर हॉल में करीब 25,000 वर्गफीट का स्पोर्ट्स फ्लोर होगा। यहां अलग-अलग इंडोर खेलों की जरूरत के अनुसार कोर्ट और प्रशिक्षण गतिविधियां संचालित की जा सकेंगी। बड़े खेल आयोजनों के दौरान दर्शकों के बैठने की भी पर्याप्त व्यवस्था होगी। स्टेडियम में 1000 से अधिक दर्शकों की क्षमता वाला रिट्रैक्टेबल सीटिंग सिस्टम लगाया जाएगा।

# पीएम मोदी के जन्मदिन पर बिहार में होगा सेवा-संकल्प का महाअभियान : रणबीर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**पटना।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन को इस बार बिहार में धार्मिक आस्था, जनसेवा और युवा सहभागिता से जोड़कर मनाने की तैयारी है। बिहार राज्य धार्मिक न्यास पर्षद के अध्यक्ष प्रो. रणबीर नंदन ने प्रधानमंत्री के जन्मदिन को 'सेवा और संकल्प दिवस' के रूप में मनाने का आह्वान किया। इसके तहत राज्य के मठ-मंदिरों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के उत्तम स्वास्थ्य, दीर्घायु और देश की सुख-समृद्धि की कामना के लिए विशेष पूजा-अर्चना और सामूहिक प्रार्थना की अपील की गई है। वहीं युवाओं से इस अवसर पर किसी एक सामाजिक सेवा कार्य को अपनाकर समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाने का आग्रह किया जाएगा। प्रो. नंदन ने कहा कि सभी मठ मंदिरों से आग्रह है कि प्रधानमंत्री का जन्मदिन केवल उत्सव तक सीमित न रहे, बल्कि इसे सेवा, साधना और संकल्प का अवसर बनाया जाए। बिहार के मठ-मंदिरों में महामृत्युंजय जाप, सुंदरकांड पाठ, विशेष पूजा अथवा सामूहिक प्रार्थना के माध्यम से प्रधानमंत्री के उत्तम स्वास्थ्य और दीर्घायु की कामना की जा सकती है। साथ ही मंदिर परिसरों और आसपास के क्षेत्रों में सेवा गतिविधियों का आयोजन किया जाए। इस अभियान में युवाओं की भागीदारी को विशेष महत्व दिया गया है। इसके तहत 'एक युवा-एक सेवा संकल्प' की भावना के साथ युवाओं से रक्तदान, जरूरतमंदों को भोजन, वृद्धजनों की सहायता, पौधारोपण, मंदिर परिसर की स्वच्छता, गरीब बच्चों को शैक्षणिक सामग्री उपलब्ध कराने और अस्पतालों में मरीजों के परिजनों की सहायता जैसे कार्य करने की अपील की जाएगी।

# वार्षिक दशहरा मेला 2026 का समापन, अंतिम दिन लोगों ने की जमकर खरीदारी

## महिलाएं हमेशा से ही शिल्पकार और निर्माणकर्ता रही हैं : शीला कुमारी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**पटना।** बिहार महिला उद्योग संघ द्वारा आयोजित वार्षिक दशहरा मेला - 2026 का भव्य समापन ज्ञान भवन में संपन्न हुआ। 2 सितंबर से 6 सितंबर तक आयोजित इस मेले में अफगानिस्तान, बिहार सहित अन्य राज्यों के सैकड़ों महिला उधमियों ने हिस्सा लिया। मेले के समापन के दिन पटनावासियों ने जमकर खरीदारी की। उद्योग विभाग, बिहार सरकार, एमएसएमई, डब्लूसीडीसी, नाबार्ड के सहयोग से आयोजित इस मेले में 230 से अधिक स्टॉल्स लगाए गए थे जिनकी कुल बिक्री चार करोड़ छब्बीस लाख रही। समापन समारोह को संबोधित करते हुए कार्यक्रम की मुख्य अतिथि बिहार सरकार की विज्ञान, प्रौद्योगिकी और तकनीकी शिक्षा मंत्री शीला कुमारी ने कहा कि महिलाएं हमेशा से ही शिल्पकार और निर्माणकर्ता रही हैं। बिहार महिला उद्योग संघ द्वारा आयोजित यह मेला महिलाओं को सशक्त मंच देता है जिससे वो अपने हुनर को प्रदर्शित करती हैं। उन्होंने कहा कि महिलाओं की भागीदारी के बिना किसी भी समाज का विकास नहीं हो सकता है। उन्होंने इस सफल आयोजन के लिए बिहार महिला उद्योग संघ को अपनी शुभकामनाएं दी।

# ऊर्जा दक्षता पर जनसंवाद को व्यापक बनाने के लिए बीइइ ने पटना में आयोजित किया 'इन्फ्लुएंसर्स कॉन्क्लेव'



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** अन-एडेड प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन, बिहार की ओर से रविवार को भारतीय नृत्य कला मंदिर, फ्रेजर रोड में 8वां अपसा शिक्षक सम्मान समारोह-2026 आयोजित किया गया। समारोह में निजी विद्यालयों के शिक्षकों, प्राचार्यों और शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाले शिक्षाविदों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रख्यात गणितज्ञ प्रो. के. सी. सिन्हा रहे। उन्होंने शिक्षकों को संबोधित करते हुए शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि शिक्षक समाज और राष्ट्र के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। विद्यार्थियों को बेहतर शिक्षा देने के साथ उनके व्यक्तित्व के विकास में भी शिक्षकों की बड़ी जिम्मेदारी है।

समारोह में शिक्षा के क्षेत्र में बेहतर योगदान के लिए 'अपसा शिक्षा रत्न' सम्मान प्रदान किया गया।

# संपादकीय

## बीसीआई ने छात्रों के भविष्य पर लगाया अपना फरमान, सुप्रीम कोर्ट ने पूछा - अधिकार कहां से मिला?

यह विचित्र है कि बीसीआई खुद कानून के पेशे को विनियमित करने वाली एक संवैधानिक संस्था है और इसके बावजूद उसे नियम-कायदों का पालन या अन्य तकाजों का ध्यान रखना जरूरी नहीं लगा। इससे बड़ी विडंबना क्या होगी कि अदालत में कानून के आधार पर पैरोकारी करने से जुड़ा कोई संगठन ही या तो अपने अधिकारों का बेजा इस्तेमाल करने की कोशिश करे और अपनी सीमा का अतिक्रमण करे। सुप्रीम कोर्ट ने इस संबंध में स्पष्ट व्यवस्था दी है कि अपने अधिकार क्षेत्र का उल्लंघन करके कोई भी संस्था ऐसा आदेश पारित नहीं कर सकती, जिससे किसी का भविष्य बाधित हो।गौरतलब है कि हैदराबाद स्थित नालसार विधि विश्वविद्यालय के छात्रों के खिलाफ बार काउंसिल ऑफ इंडिया यानी बीसीआइ के अध्यक्ष ने कुछ समय पहले एक आदेश जारी कर दिया था कि वहां पढ़ने वाले पूरे बैच के विद्यार्थियों का वकील के रूप में नामांकन किसी भी राज्य के बार काउंसिल में न किया जाए।उसके बाद इस मसले पर काफी विवाद उठा था कि क्या सिर्फ इसलिए विद्यार्थियों के भविष्य या करिअर को बाधित किया जा सकता है कि उन्होंने किसी कार्यक्रम में प्रधान न्यायाधीश के आने पर आपत्ति जताई थी। हालांकि इस विवाद के तूल पकड़ने के बाद बीसीआइ के अध्यक्ष ने वह आदेश वापस ले लिया था, लेकिन यह सवाल अपनी जगह कायम रहा कि क्या उसके पास विद्यार्थियों के खिलाफ ऐसा आदेश जारी करने का अधिकार है। इसी मसले पर सुप्रीम कोर्ट ने साफ तौर पर कहा है कि बीसीआइ के पास विधि के छात्रों के आचरण को नियंत्रित करने की वैधानिक शक्ति नहीं है। अदालत ने यह भी कहा कि विद्यार्थियों के संबंध में किसी भी तरह की कार्रवाई करना उस संस्थान का विषय है। संस्थान अपने नियमों और विनियमों के मुताबिक इस पर फैसला ले सकता है। मगर हैरानी की बात यह है कि एक ऐसे मामले में बीसीआइ ने अतिरिक्त सजगता दिखाते हुए नालसार विधि विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों के खिलाफ फरमान जारी कर दिया था, जिससे उसका कोई सीधा वास्ता नहीं था।सवाल है कि वहां के कुछ विद्यार्थियों ने अगर किसी मसले पर अपनी असहमति जाहिर की थी, तो क्या यह उनकी अभिव्यक्ति की आजादी और अधिकार के तहत नहीं आता है। सिर्फ इसके लिए समूचे बैच के खिलाफ आदेश जारी कर देने की हड़बड़ी के पीछे आखिर कौन-सी मानसिकता काम कर रही थी? क्या बीसीआइ को इस बात का अंदाजा नहीं था कि अगर यह मामला अदालत में जाएगा, तो तर्कों और कानूनों की कसौटी पर उसे कैसे देखा जाएगा?यह विचित्र है कि बीसीआइ खुद कानून के पेशे को विनियमित करने वाली एक संवैधानिक संस्था है और इसके बावजूद उसे नियम-कायदों का पालन या अन्य तकाजों का ध्यान रखना जरूरी नहीं लगा।

**शिक्षक हमें जीवन में सफलता के लिए आवश्यक ज्ञान और कौशल देते हैं। शिक्षक हमारे व्यक्तित्व को तैयार करते हैं। चरित्र को ढालने और मूल्यों को स्थापित करने में मदद करते हैं। हमें एक अच्छा नागरिक भी मनाने में मदद करते हैं। शिक्षक ही है जो छात्रों को जीवन का नया अर्थ सिखाता है। वे हमें सही रास्ता दिखाते हैं और कुछ भी गलत करने से रोकते हैं। वे बाहर से देख सकते हैं। वे प्रत्येक छात्र की देखभाल करते हैं और उनके विकास की कामना करते हैं। उस छात्र को मत भूलो जो छात्र अपने शिक्षकों का सम्मान नहीं करता है। वह जीवन में कभी आगे नहीं बढ़ता है। शिक्षक छात्र के व्यक्तित्व को ढालते हैं। वे एकमात्र निःस्वार्थ व्यक्ति हैं जो खुशी-खुशी बच्चों को अपना सारा ज्ञान देते हैं। कहा जाता है कि गुरु के बिना ज्ञान अधूरा रहता है। यह बात बिल्कुल सत्य है।**

# समाज के मार्गदर्शक होते हैं शिक्षक

**(रमेश सर्राफ धमोरा)**

शिक्षक हमें जीवन में सफलता के लिए आवश्यक ज्ञान और कौशल देते हैं। शिक्षक हमारे व्यक्तित्व को तैयार करते हैं। चरित्र को ढालने और मूल्यों को स्थापित करने में मदद करते हैं। हमें एक अच्छा नागरिक भी मनाने में मदद करते हैं। शिक्षक ही है जो छात्रों को जीवन का नया अर्थ सिखाता है।

शिक्षक हमारे जीवन में सिर्फ किताबों का ज्ञान नहीं बल्कि सही दिशा दिखाने वाले मार्गदर्शक भी होते हैं। बचपन की शिक्षा से लेकर करियर बनने तक वह हमें सीखने, समझने और आगे बढ़ने की प्रेरणा देते हैं। इसीलिए हमारे देश में शिक्षकों को भगवान से भी ऊपर का दर्जा दिया गया है। शिक्षकों को सम्मान देने के लिए प्रतिवर्ष 5 सितंबर शिक्षक दिवस के लिए रूप में मनाया जाता है।

शिक्षक हमें जीवन में सफलता के लिए आवश्यक ज्ञान और कौशल देते हैं। शिक्षक हमारे व्यक्तित्व को तैयार करते हैं। चरित्र को ढालने और मूल्यों को स्थापित करने में मदद करते हैं। हमें एक अच्छा नागरिक भी मनाने में मदद करते हैं। शिक्षक ही है जो छात्रों को जीवन का नया अर्थ सिखाता है। वे हमें सही रास्ता दिखाते हैं और कुछ भी गलत करने से रोकते हैं। वे बाहर से देख सकते हैं। वे प्रत्येक छात्र की देखभाल करते हैं और उनके विकास की कामना करते हैं। उस छात्र को मत भूलो जो छात्र अपने शिक्षकों का सम्मान नहीं करता है। वह जीवन में कभी आगे नहीं बढ़ता है। शिक्षक छात्र के व्यक्तित्व को ढालते हैं। वे एकमात्र निःस्वार्थ व्यक्ति हैं जो खुशी-खुशी बच्चों को अपना सारा ज्ञान देते हैं। कहा जाता है कि गुरु के बिना ज्ञान अधूरा रहता है। यह बात बिल्कुल सत्य है।

हर देश में शिक्षक दिवस को मनाने की तारीख अलग-अलग है। चीन में 10 सितम्बर तो अमेरिका में छह मई, ऑस्ट्रेलिया में अक्तूबर का अंतिम शुक्रवार, ब्राजील में 15 अक्तूबर और पाकिस्तान में पांच अक्तूबर को शिक्षक दिवस मनाया जाता है। इसके अलावा ओमान, सीरिया, मिस्त्र, लीबिया, संयुक्त अरब अमीरात, यमन, सऊदी अरब, अल्जीरिया, मोरक्को और कई इस्लामी देशों में 28 फरवरी को शिक्षक दिवस के रूप में मनाया जाता है। लेकिन भारत में शिक्षक दिवस को दूसरे राष्ट्पति डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयंती के उपलक्ष्य में 5 सितंबर 1962 से शिक्षक दिवस के रूप में मनाया जाता है। डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन ने अपने छात्रों से अपने जन्मदिन को शिक्षक दिवस के रूप में मनाने की इच्छा जताई थी।

डॉ राधाकृष्णन का जन्म पांच सितम्बर 1888 को तमिलनाडु के तिरुमनी गांव में एक ब्राह्मण परिवार में हुआ था। वे बचपन से ही किताबें पढ़ने के शौकीन थे और स्वामी विवेकानंद से काफी प्रभावित थे। डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन एक महान शिक्षक थे। जिन्होंने अपने जीवन के 40 वर्ष अध्यापन पेशे को दिया है। वो विद्यार्थियों के जीवन में शिक्षकों के योगदान और भूमिका के लिये प्रसिद्ध थे। इसलिये वो पहले व्यक्ति थे जिन्होंने शिक्षकों के बारे में सोचा और हर वर्ष 5 सितंबर को शिक्षक दिवस के रुप में मनाने का अनुरोध किया। उनका निधन 17 अप्रैल 1975 को चेन्नई में हुआ था।

डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन ने 1909 में चेन्नई के प्रेसिडेंसी कॉलेज में अध्यापन पेशे में प्रवेश करने के साथ ही दर्शनशास्त्र शिक्षक के रुप में अपने करियर की शुरुआत की थी।



उन्होंने बनारस, चेन्नई, कोलकाता, मैसूर जैसे कई प्रसिद्ध विश्वविद्यालयों तथा विदेशों में लंदन के ऑक्सफोर्ड जैसे विश्वविद्यालयों में दर्शनशास्त्र पढ़ाया था। अध्यापन पेशे के प्रति अपने समर्पण की वजह से उन्हें 1949 में विश्वविद्यालय छात्रवृत्ति कमीशन का अध्यक्ष नियुक्त किया गया था।

हमारे जीवन में सबसे पहली गुरु तो मां होती है जो हमें जन्म लेते ही हर बातों का ज्ञान कराती है। मगर विद्यार्थी काल में बालक के जीवन में शिक्षक एक ऐसा गुरु होता है जो उसे शिक्षित तो करता ही है साथ ही उसे अच्छे बुरे का ज्ञान भी कराता है। पहले के समय में तो छात्र गुरुकुल में शिक्षक के पास रहकर वर्षों विद्या अध्ययन करते थे। उस दौरान गुरु अपने शिष्यों को विद्या अध्ययन करवाने के साथ ही स्वावलंबी बनने का पाठ भी पढ़ाते थे। इसीलिए कहा गया है कि गुरु गोविंद दोऊ खड़े काके लागू पाय, बलिहारी गुरु आपने गोविंद दियो बताए। गुरु का स्थान ईश्वर से भी बड़ा माना गया है क्योंकि गुरु के माध्यम से ही व्यक्ति ईश्वर को भी प्राप्त करता है।

हमारे जीवन को संवारने में शिक्षक एक बड़ी और महत्वपूर्ण भूमिका निभाते है। सफलता प्राप्ति के लिये वो हमें कई प्रकार से मदद करते है। जैसे हमारे ज्ञान, कौशल के स्तर, विश्वास आदि को बढ़ाते है तथा हमारे जीवन को सही आकार में ढ़ालते है। कबीर दास ने शिक्षक के कार्य को इन पंक्तियो में समझाया हैः-

गुरु कुम्हार शिष कुंभ है, गढ़ि गढ़ि काढ़ै खोट,
अंतर हाथ सहार दै, बाहर बाहै चोट

कबीर दास जी कहते है कि शिक्षक एक कुम्हार की तरह है और छात्र पानी के घड़े की तरह। जो उनके द्वारा बनाया जाता है और इसके निर्माण के दौरान वह बाहर से घड़े पर चोट करता है। इसके साथ ही सहारा देने के लिए अपना एक हाथ अंदर भी रखता है।

वर्तमान समय में शिक्षकों का समाज में सम्मान कम होने लगा है। बहुत से शिक्षकों की घटिया हरकतों ने उनको समाज की नजरों से गिरा दिया है। स्कूल, कालेजों में छात्र, छात्राओं के साथ शिक्षकों द्धारा नीच हरकते करने के चलते शिक्षण जैसा पवित्र कार्य बदनाम होता जा रहा है। मौजूदा दौर में शिष्य भी कुछ कम नहीं हैं। छात्रों की अनुशासनहीना के चलते स्कूल, कालेजों में शिक्षा का वातावरण समाप्त होता जा रहा है। गुरू शिष्य को एक दूसरे की भावनाओं को समझ कर मिलजुल कर ज्ञान की ज्योति जलानी होगी। शिक्षक दिवस मनाने के साथ हमें शिक्षण कार्य की पवित्रता को फिर से बहाल करने की प्रतिज्ञा भी लेनी होगी। तभी हमारा शिक्षक दिवस मनाना सार्थक हो पायेगा।

शिक्षक विद्यार्थियो के जीवन के वास्तविक निर्माता होते हैं जो न सिर्फ हमारे जीवन को आकार देते हैं। बल्कि हमें इस काबिल बनाते हैं कि हम पूरी दुनिया में अंधकार होने के बाद भी प्रकाश की तरह जलते रहें। शिक्षक समाज में प्रकाश स्तम्भ की तरह होता है। जो अपने शिष्यों को सही राह दिखाकर अंधेरे से प्रकाश की और ले जाता है। शिक्षकों के ज्ञान से फैलने वाली रोशनी दूर से ही नजर आने लगती है। इस वजह से हमारा राष्ट ढ़ेर सारे प्रकाश स्तम्भों से रोशन हो रहा है। इसलिये देश में शिक्षकों को सम्मान दिया जाता है। शिक्षक और विद्यार्थी के बीच के रिश्तों को सुदृढ़ करने को शिक्षक दिवस एक बड़ा अवसर होता है।

पहले के समय में शिक्षकों को चरण स्पर्श कर सम्मान दिया जाता था। परन्तु आज के समय में शिक्षक और छात्र दोनो ही बदल गये है। पहले शिक्षण एक पेशा ना होकर एक उत्साह और एक शौक का कार्य था। पर अब यह मात्र एक आजीविका चलाने का साधन बनकर रह गया है। शिक्षक एक व्यक्ति के जीवन में बहुत ही महत्वपूर्ण भूमिका निभाते है। शिक्षक एक मार्गदर्शक, गुरु, मित्र होने के साथ ही और कई भूमिकाएं निभाते है। यह विद्यार्थी के उपर निर्भर करता है कि वह अपने शिक्षक को कैसे परिभाषित करता है। संत तुलसी दास के ने इसे नीचे के पंक्तियों में बहुत ही अच्छे तरीके से समझाया है।

**जाकी रही भावना जैसी, प्रभु मूरत देखी तिन तैसी** – संत तुलसी दास ने बताया है कि भगवान, गुरु एक व्यक्ति को वैसे ही नजर आयेंगे जैसा कि वह सोचेगा। उदहारण के लिए अर्जुन भगवान श्रीकृष्ण को अपना मित्र मानते थे। वही मीरा बाई भगवान श्रीकृष्ण को अपना प्रेमी। ठीक इसी प्रकार से यह शिक्षक के उपर भी लागू होता है। इसीलिए कहते हैं कि शिक्षक समाज का पथ प्रदर्शक होता है।

शिक्षक दिवस को स्कूल, कॉलेज, विश्वविद्यालय और शैक्षणिक संस्थानों में शिक्षक और विद्यार्थियों के द्वारा बहुत ही खुशी और उत्साह के साथ मनाया जाता है। इस दिन विद्यार्थियों से शिक्षकों को ढ़ेर सारी बधाईयां मिलती है। भारत में शिक्षक दिवस शिक्षको के सम्मान में मनाया जाता है। शिक्षक पूरे वर्ष मेहनत करते है और चाहते है कि उनके छात्र विद्यालय और अन्य गतिविधियों में अच्छा प्रदर्शन करें। शिक्षक दिवस पर पूरे देश के विद्यालयों में विभिन्न प्रकार के कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है।(लेखक राजस्थान सरकार से मान्यता प्राप्त स्वतंत्र पत्रकार हैं।)

# भावी संकट की पूर्व चेतावनी है नेपाल त्रासदी

**(डॉ. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा )**

आज संवाद या विचार का विषय यह नहीं रह गया है कि नेपाल त्रासदी में कितने लोगों ने अपनी जान गंवाई है या कितनी जन-धन हानि हुई है अपितु यह हो जाता है कि इस तरह की त्रासदी से निपटने के लिए हम कहां तक तैयार है। सवाल यह भी है कि ऐसे हालात क्यों होते जा रहे हैं। एक बात साफ हो जानी चाहिए कि दुनिया के देशों के लिए नेपाल त्रासदी को हल्के में लेना बड़ी भूल होगी। 2020 की कनाड़ा की रॉक स्लाइड और 2023 की सिक्किम में साउथ ल्होनक झील की ग्लेशियल फटने की घटना हमारे सामने हैं। यह कोई पहली या अंतिम घटनाएं नहीं हैं अपितु देखा जाएं तो यह समय रहते प्रयास नहीं किये गये तो ऐसी घटनाओं की आवृति जल्दी जल्दी और अतिविनाशकारी होगी, इससे नकारा नहीं जा सकता। जलवायु परिवर्तन के कारण पिछले सालों में जिस तरह से प्रकृति का विकराल रुप देखने को मिल रहा है वह चाहे तूफानों के रुप में हो, चाहे जंगलों में लगती आग के कारण हो, ग्लेशियरों के पिघलने की हो, ग्लेशियलों के फटने की हो, भूकंपों की हो, बैमौसम आंधी बरसात की हो, अतिवृष्टि या अनावृष्टि की हो, मौसम चक्र में भले ही आंशिक परिवर्तन की हो या समुर्द्री तूफानों की बढती फ्रिक्वेंसी की हो बेहद गंभीर हो जाती है। वैज्ञानिकों व विशेषज्ञों की लगातार चेतावनी को नजरअंदाज करने का ही परिणाम है कि नेपाल जैसी त्रासदियां आम होती जा रही है। यह केवल नेपाल या इससे जुड़े क्षेत्र के लिए ही गंभीर हालात नहीं हैं अपितु अमेरिका, चीन, भारत सहित दुनिया के दस देश नेपाल जैसी त्रासदी के मुहाने पर खड़े हैं। ग्लेशियल के फटने या यों कहें किग्लेशियल लेक आउटबर्स्ट फ्लड यानी कि ग्लोफ जैसे हालात कभी भी इनके दायरें में आने वाले देशों में हो सकते हैं। यह भी सही है कि अभी तक भारत-नेपाल ही नहीं दुनिया के इस दायरें में आने वाला कोई भी देश इन आपदाओं से निपटने में पूरी तरह सक्षम नहीं हो सके हैं। जानकारों की मानें तो भारत, चीन, पाकिस्तान, पेरु के एक करोड़ 50 लाख लोग इनके दायरें में सीधे सीधे आ रहे हैं। यह वह लोग है जो इन ग्लेशियलों के एक किलोमीटर से 10 किलोमीटर के दायरें में रह रहे हैं। आज ग्लोफ खतरें के दायरें में भारत, पाकिस्तान, कनाड़ा, पेरु, अमेरिका, चिली, इटली, नेपाल और कोलंबिया आए हुए हैं। उत्तराखंड त्रासदी हमारे सामने हैं और उस त्रासदी के परिणाम सामने होने के बावजूद लगभग साल दर साल भूस्खलन के मामले हर सीजन में सामने आ रहे हैं। यह साफ हो जाना चाहिए कि प्रकृति से एक सीमा से अधिक खिलवाड़ किया जाता है तो विकृति का सामना हमें करना ही पड़ेगा। जीवनदायी यही प्रकृति अपने विकराल रुप में पलटवार करती है। ऐसे में समय के साथ सबक लेना जरुरी हो जाता है। आज सारी दुनिया में पर्यावरण संरक्षण की बात तो की जाती है पर उस पर अमल पूरी तरह से हो नहीं पा रहा है। विशेषज्ञों की माने तो हालात यही रहे तो सदी के अंत तक समुद्र का जलस्तर दो मीटर तक बढ़ सकता है। तो दूसरी और अभी से समुद्र तटीय कई शहर डूबने की जद में आने की चेतावनियां दी जा रही है। नेपाल की हालिया त्रासदी का कारण ग्लेशियल का फटना माना जा रहा है। दरअसल ग्लेशियर और ग्लेशियल में हमें भेद करके चलना होगा। ग्लेशियर भौगोलिक संरचना होती है। यह पहाड़ों और ध्रुवों पर लंबे समय से जमा बर्फ खण्ड होते हैं। यह अपने गुरुत्वाकर्षण के कारण जमे रहते हैं पर जलवायु परिवर्तन और तापमान के बढने के कारण आज बड़ी मात्रा में ग्लेशियर के पिघलने की गति तेज होती जा रही है। दरअसल ग्लेशियरों के बड़े खण्डों के पिघल कर गिरने से ग्लेशियल झील बनती हैं। ग्लेशियल झील बन जाती है इसे हिमनदी झील भी कह सकते हैं। नेपाल की हालिया त्रासदी ग्लेशियल झील के फटने के कारण ही हुई है। वैज्ञानिकों की माने तो ग्लेशियलों के निर्माण की गति में काफी तेजी आई है। यदि हम हिमालय क्षेत्र की ही बात करें तो सतलुज बेसिन में 2019 में 560 ग्लेशियल झीलें थी जो चार साल यानी की 2023 तक 1048 हो गई हैं। नेपाल त्रासदी ग्लेशियल लेक आदटबर्स्ट फ्लड यानी की ग्लोफ का परिणाम है। साधारण शब्दों में कहा जाएं तो यह ग्लेशियल झील के फटने का परिणाम है। ऐसा नहीं है कि वैज्ञानिक इन हालातों पर नजर नहीं रख रहे हो बल्कि देखा जाएं तो लीड्स विश्वविद्यालय के ग्लेशियल फ्लडिंग के विशेषज्ञ डॉ. जानाथन कारीविक पहले ही चेता चुके हैं। हमारे देश के ही राष्टीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण एनडीएमए के विशेषज्ञों ने नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल एनजीटी को रिपोर्ट प्रस्तुत कर हालात से रुबरु कराने के साथ ही ठोस सुझाव भी दिए हैं। दरअसल एक सीमा से अधिक प्रकृति से छेड़छाड़ का ही परिणाम इस तरह की त्रासदियां होती हैं। आज लाख चेतानें के बावजूद सतलुज बेसिन में बांधों के साथ साथ विद्युत परियोजनाओं सहित विकास परियोजनाओं का दखल बढ़ा है। एक सीमा से अधिक मानवीय दखल बढ़ी है। इससे तापमान में स्वाभाविक रुप से बढ़ोतरी होने के साथ ही अपशिष्ट भी फैल रहा है। दरअसल प्रकृति से प्रत्यक्ष अप्रत्यक्ष रुप से छेडछाड़ बढ़ रही है।

# हीरे से लेकर हथियारों तक, बेल्जियम के साथ मिलकर मोदी ने यूरोप के लिए बनाया बड़ा गेम प्लान

**सहयोग के नए क्षेत्रों की सूची बेहद महत्वपूर्ण है। इसमें सेमीकंडक्टर, फार्मास्यूटिकल्स, जैव प्रौद्योगिकी, रसायन, रक्षा विनिर्माण, महत्वपूर्ण खनिजों की रिफाइनिंग और रिसाइक्लिंग, परमाणु ऊर्जा और उन्नत विनिर्माण शामिल हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने साफ कहा कि बेल्जियम की सेमीकंडक्टर विशेषज्ञता और भारत का विशाल औद्योगिक पैमाना एक-दूसरे के पूरक हैं। बेल्जियम के विश्वस्तरीय आईमेक संस्थान को भारत के सेमीकंडक्टर इकोसिस्टम से जोड़ने की पहल भविष्य में तकनीकी आत्मनिर्भरता के लिए महत्वपूर्ण साबित हो सकती है।**

**(नीरज कुमार दुबे)**

बेल्जियम के प्रधानमंत्री बार्ट डी वेवर की 2 से 4 सितंबर की भारत यात्रा और दोनों देशों के बीच हुए समझौते इस बात का संकेत हैं कि बदलती वैश्विक व्यवस्था में भारत यूरोप के साथ अपने संबंधों को नई सामरिक गहराई दे रहा है। भारत और बेल्जियम के रिश्तों की सबसे चमकदार पहचान हीरे रहे हैं। एंटवर्प से मुंबई और सूरत तक फैला कारोबार दोनों देशों को जोड़ता रहा है। लेकिन अब यह रिश्ता सिर्फ चमकते हीरों तक सीमित नहीं रहने वाला। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और बेल्जियम के प्रधानमंत्री बार्ट डी वेवर की नई दिल्ली में हुई मुलाकात ने भारत-बेल्जियम संबंधों को रक्षा, सेमीकंडक्टर, हरित ऊर्जा, महत्वपूर्ण खनिज, समुद्री सुरक्षा, अंतरिक्ष, साइबर सुरक्षा और निवेश जैसे रणनीतिक क्षेत्रों तक विस्तार देने का स्पष्ट रोडमैप तैयार कर दिया है। इतिहासकिताबें खोजें बेल्जियम के प्रधानमंत्री बार्ट डी वेवर की 2 से 4 सितंबर की भारत यात्रा और दोनों देशों के बीच हुए समझौते इस बात का संकेत हैं कि बदलती वैश्विक व्यवस्था में भारत यूरोप के साथ अपने संबंधों को नई सामरिक गहराई दे रहा है। प्रधानमंत्री मोदी की कूटनीति का सबसे महत्वपूर्ण पहलू यही है कि भारत अब द्विपक्षीय संबंधों को अलग-अलग घटनाओं के रूप में नहीं, बल्कि व्यापार, सुरक्षा, प्रौद्योगिकी और वैश्विक राजनीति को जोड़कर एक व्यापक रणनीतिक ढांचे में आगे बढ़ा रहा है।

**इतिहास की साझी विरासत, भविष्य की रणनीतिक साझेदारी** – हम आपको बता दें कि भारत-बेल्जियम संबंधों की जड़ें गहरी हैं। प्रथम विश्व युद्ध में फ्लैंडर्स के युद्धक्षेत्रों में 9,000 से अधिक भारतीय सैनिकों ने सर्वोच्च बलिदान दिया था। बेल्जियम स्वतंत्र भारत के साथ 1947 में राजनयिक संबंध स्थापित करने वाले शुरुआती यूरोपीय देशों में शामिल था। अब 2027 में दोनों देश अपने राजनयिक संबंधों की 80वीं वर्षगांठ मनाएंगे। प्रधानमंत्री डी वेवर ने भारत यात्रा की शुरुआत राजघाट पर महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि देकर की। यह प्रतीकात्मक घटना उस रिश्ते की ओर इशारा करती है जिसकी बुनियाद लोकतंत्र, कानून के शासन, बहुलवाद और आपसी विश्वास पर टिकी है। लेकिन इस बार इतिहास से अधिक महत्वपूर्ण भविष्य है। 15 जुलाई 2026 को ब्रुसेल्स में शुरू हुआ पहला भारत-बेल्जियम रणनीतिक संवाद अब दोनों देशों के संबंधों



को नियमित और व्यापक संस्थागत आधार देगा। इसके तहत व्यापार और निवेश से लेकर हरित परिवर्तन, प्रौद्योगिकी, संपर्क, रक्षा और सुरक्षा तक सहयोग के लिए एक स्थायी मंच तैयार किया गया है।

**भारत-ईयू समीकरण में बेल्जियम की बढ़ती अहमियत** – इस यात्रा का सबसे बड़ा वैश्विक महत्व भारत-यूरोपीय संघ संबंधों से जुड़ा है। जनवरी 2026 में भारत-ईयू मुक्त व्यापार समझौते की वार्ता का सफल निष्कर्ष एक ऐतिहासिक घटनाक्रम माना जा रहा है। मोदी और डी वेवर ने इसके शीघ्र क्रियान्वयन पर जोर दिया है। भारत और यूरोपीय संघ दुनिया की दो बड़ी लोकतांत्रिक और आर्थिक शक्तियां हैं। ऐसे समय में जब वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाएं भू-राजनीतिक तनाव, युद्ध और आर्थिक प्रतिस्पर्धा से प्रभावित हैं, भारत-ईयू आर्थिक साझेदारी का विस्तार केवल व्यापारिक मामला नहीं है। यह वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं को चीन-केंद्रित निर्भरता से बाहर निकालने और अधिक विविध तथा सुरक्षित व्यवस्था बनाने की रणनीति भी है। बेल्जियम इस समीकरण में विशेष भूमिका निभा सकता है। एंटवर्प यूरोप के सबसे महत्वपूर्ण व्यापारिक और बंदरगाह केंद्रों में है। दूसरी ओर भारत हिंद महासागर क्षेत्र में एक विशाल बाजार और तेजी से उभरती आर्थिक शक्ति है। दोनों देशों का सहयोग यूरोप और भारत के बीच एक नए आर्थिक एवं लॉजिस्टिक गलियारे की नींव बन सकता है।

**पांच साल में व्यापार दोगुना करने का लक्ष्य** – दोनों प्रधानमंत्रियों ने अगले पांच वर्षों में द्विपक्षीय व्यापार को दोगुना करने का लक्ष्य रखा है। इसके लिए इंडिया-बेल्जियम इन्वेस्टमेंट फास्ट-ट्रैक मैकेनिज्म शुरू किया गया है, जो निवेश संबंधी बाधाओं को दूर करने और कंपनियों को सहायता देने का काम करेगा। बेल्जियम की संप्रभु निवेश संस्था एसएफपीआईएम और भारत के नेशनल इन्वेस्टमेंट एंड इंफ्रास्ट्रक्चर फंड यानि एनआईआईएफ के बीच सहयोग से एक संभावित भारत-बेल्जियम आर्थिक और निवेश गलियारे की दिशा में भी काम होगा। सहयोग के नए क्षेत्रों की सूची बेहद महत्वपूर्ण है। इसमें सेमीकंडक्टर, फार्मास्यूटिकल्स, जैव प्रौद्योगिकी, रसायन, रक्षा विनिर्माण, महत्वपूर्ण खनिजों की रिफाइनिंग और रिसाइक्लिंग, परमाणु ऊर्जा और उन्नत विनिर्माण शामिल हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने साफ कहा कि बेल्जियम की सेमीकंडक्टर विशेषज्ञता और भारत का विशाल औद्योगिक पैमाना एक-दूसरे के पूरक हैं। बेल्जियम के विश्वस्तरीय आईमेक संस्थान को भारत के सेमीकंडक्टर इकोसिस्टम से जोड़ने की पहल भविष्य में तकनीकी आत्मनिर्भरता के लिए महत्वपूर्ण साबित हो सकती है।

**रक्षा सहयोग- रिश्तों का सबसे बड़ा रणनीतिक बदलाव** – इसके अलावा, भारत-बेल्जियम संबंधों में सबसे महत्वपूर्ण बदलाव रक्षा और सुरक्षा के क्षेत्र में दिखाई देता है। दोनों देशों के रक्षा मंत्रालयों के बीच हस्ताक्षरित लेटर ऑफ इंटेंट नियमित सैन्य संवाद, स्टाफ वार्ता, प्रशिक्षण, अनुसंधान और रक्षा औद्योगिक साझेदारी का ढांचा तैयार करेगा। दोनों देश रक्षा सह-विकास और सह-उत्पादन की संभावनाएं तलाशेंगे। प्रधानमंत्री मोदी ने उन्नत रक्षा उपकरणों, विशेष रूप से जोरावर टैंक जैसे क्षेत्रों में सहयोग का उल्लेख किया। साथ ही बेल्जियम का नई दिल्ली में रक्षा अताशे नियुक्त करना और भारत का ब्रुसेल्स में स्थायी रक्षा अताशे नियुक्त करने का फैसला रिश्तों की बदलती प्राथमिकताओं का स्पष्ट संकेत है। बेल्जियम का युद्धपोत एलईओपोल्ड 1 नवंबर 2026 को भारत आएगा।

# डीएम के दौरे से बाढ़ पीड़ितों में जगी उम्मीद, अब राहत का इंतजार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता




**मनिहारी (कटिहार)।** बाढ़ की विकट स्थिति के बीच रविवार को कटिहार जिलाधिकारी आशुतोष द्विवेदी ने मनिहारी प्रखंड के दिलारपुर और धुरियाही सहित बाढ़ प्रभावित इलाकों का दौरा कर जमीनी हालात का जायजा लिया। डीएम के प्रभावित क्षेत्रों में पहुंचने से बाढ़ की मार झेल रहे लोगों के बीच प्रशासनिक मदद की उम्मीद जगी है।बाढ़ के पानी से जनजीवन प्रभावित है। कई परिवारों के सामने भोजन, बिजली और अन्य जरूरी सुविधाओं का संकट बना हुआ है। ग्रामीणों की नजर अब प्रशासन की राहत व्यवस्था पर टिकी है। लोगों को उम्मीद है कि जल्द ही सामुदायिक किचन शुरू कर भोजन, राहत सामग्री और आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। जिलाधिकारी आशुतोष द्विवेदी ने कहा कि बाढ़ प्रभावित इलाकों में जल्द से जल्द सामुदायिक किचन और राहत शिविर शुरू किए जाएंगे। जरूरत के अनुसार स्वास्थ्य कैंप भी लगाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि प्रभावित क्षेत्रों में लोगों की आवश्यकताओं का आकलन कर भोजन, स्वास्थ्य, बिजली समेत जरूरी सुविधाएं उपलब्ध कराने की व्यवस्था की जाएगी। डीएम ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि बाढ़ प्रभावित लोगों तक राहत पहुंचाने में किसी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए और जरूरतमंद परिवारों को प्राथमिकता के आधार पर सहायता उपलब्ध कराई जाए। डीएम के दौरे के दौरान डीडीसी नेहा कुमारी, अपर समाहर्ता बिनोद कुमार, एडीएम आपदा फिरोज अख्तर, मनिहारी अनुमंडल पदाधिकारी त्रिलोकी नाथ सिंह, सिविल सर्जन डॉ. जीतेन्द्रनाथ सिंह, एसडीएम त्रिलोकी नाथ, अंचल अधिकारी चंदन कुमार, स्वास्थ्य विभाग के पदाधिकारी समेत बिजली विभाग के अधिकारी मौजूद रहे। अधिकारियों ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों की स्थिति और लोगों की समस्याओं की जानकारी ली। बाढ़ के बीच डीएम के दौरे से लोगों में यह भरोसा बढ़ा है कि प्रशासन उनकी परेशानी को गंभीरता से लेते हुए जल्द राहत पहुंचाने की दिशा में ठोस कदम उठाएगा। अब बाढ़ पीड़ितों की निगाहें इस बात पर टिकी हैं कि प्रशासन का आश्वासन कब जमीन पर राहत के रूप में दिखाई देता है।इस बीच सीओ से मिली जानकारी के अनुसार मे पांच जगहों पर सामुदायिक कीचन सोमवार से आरंभ की जा रही है।

## नाव के स्वामित्व विवाद में हुई हत्या मामले का उद्भेदन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मनिहारी (कटिहार)।** मनिहारी थाना पुलिस ने नाव के स्वामित्व को लेकर हुए विवाद में हुई हत्या के मामले का उद्भेदन करते हुए नामजद मुख्य अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया है। थानाध्यक्ष ने बताया कि मामले में अन्य आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है। जानकारी के अनुसार मृतक लालू यादव ग्राम लाल बिहारी यादव टोला, वार्ड संख्या-07, थाना पीरपैंती जिला भागलपुर का निवासी था। इस संबंध में मनिहारी थाना कांड संख्या 415/26, दिनांक 03 सितंबर 2026 दर्ज किया गया है। मामले में बीएनएस की धारा 310(3) एवं 27 आर्म्स एक्ट के तहत कुल 12 नामजद अभियुक्तों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की गई है। पुलिस के अनुसार प्रारंभिक अनुसंधान में यह तथ्य सामने आया कि दोनों पक्षों के बीच नाव के स्वामित्व को लेकर विवाद था। इसी विवाद में मारपीट की घटना हुई।

# चितौड़िया में 3700 सौ परिवार बाढ़ से प्रभावित

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मनसाही (कटिहार)।** प्रखंड क्षेत्र के चितौड़िया पंचायत के वार्ड संख्या चार चितौड़िया,वार्ड संख्या पांच रानीपतरा चित्तौड़िया, वार्ड संख्या तीन बीच चित्तौड़िया एवं वार्ड संख्या एक का आंशिक भाग सोगले टोला के लगभग 3700 सौ परिवार वार्ड से प्रभावित हैं। विगत एक सप्ताह से कोसी नदी का पानी लगातार बढ़ने से इन गांव में बाढ़ का पानी प्रवेश कर गया हैं। एक सप्ताह से बाढ़ का पानी जमा हुआ हैं। अब तक सरकार के द्वारा सूखा राशन, जीआर राशि या प्लास्टिक का वितरण नहीं किया गया हैं। हम सभी बाढ़ पीड़ित सड़क पर जीवन बसर कर रहे हैं। बाढ़ पीड़ित अब्दुल खालिक, वसीकुल, मो. मुख्तार,फूलों देवी,प्रमिला देवी, सूजाउद्दीन ने बताया कि बिहार सरकार अंचल प्रशासन मनसाही अभिलंब सभी पीड़ित परिवार को सूखा राशन, प्लास्टिक एवं जीआर की राशि दे। इस बाबत वार्ड सदस्य अंसारूल हक, कैमरून निशा, तिला देवी, चंपा देवी प्रतिनिधि अनिसुर रहमान, बैजनाथ सहनी,चंद्रशेखर पासवान ने बताया कि अब तक अंचल प्रशासन के द्वारा ना ही सामुदायिक किचन चलाया जा रहा हैं ना ही किसी पीड़ित परिवार को सुखा राशन दी गई हैं,साथ ही लोग सड़क पर रह रहे हैं उन्हें अब तक प्लास्टिक मुहैया नहीं कराया गया हैं,साथ ही साथ अभिलंब सभी 37 00 सौ परिवारों के बीच जीआर की राशि नहीं दी गई हैं। अभिलंब सभी परिवारों को इन सभी सुविधाओं



का लाभ दिया जाए। वही बाढ़ आने से मनुष्य के साथ-साथ पशु को भी काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा हैं बाढ़ पीड़ित बांध किनारे खुले आसमान के नीचे जी रहे हैं।एवं पशु को रखकर किसी तरीके से जीवन यापन कर रहे हैं। इस मौके पर कांग्रेस के प्रखंड अध्यक्ष कमरुल हक ने सरकार के खिलाफ विरोध जताते हुए कहा कि प्रत्येक वर्ष जब चित्तौरिया पंचायत के चितौड़िया में बाढ़ आती हैं और अंचल प्रशासन के द्वारा आपदा की बैठक की जाती हैं फिर बाढ़ आने के एक सप्ताह बीत जाने के बाद भी बाढ़ पीड़ितों को अभी तक कोई भी सुविधा मुहैया नहीं कराया गया हैं। हम अंचल प्रशासन से मांग करते हैं कि अभिलंब बाढ़ पीड़ित के बीच सभी तरह की सुविधा दी जाय।

## संक्षिप्त समाचार

### मुख्य पार्षद ने नाव से बाढ़ प्रभावित वार्डों का लिया जायजा

**अमदाबाद/कटिहार (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** गंगा एवं महानंदा नदी के जलस्तर में लगातार वृद्धि के कारण नगर पंचायत के लगभग सभी वार्डों में बाढ़ का पानी प्रवेश कर गया है। इससे लोगों के समक्ष कई तरह की समस्याएं उत्पन्न हो गई हैं। रविवार को मुख्य पार्षद बबलू मंडल ने नाव से नगर के वार्ड संख्या दो, पांच, छह, सात, 11, 12 और 16 सहित अन्य बाढ़ प्रभावित वार्डों का दौरा किया। उन्होंने प्रभावित परिवारों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं और प्रभावित वार्डों में जल्द से जल्द सरकारी नियमानुसार राहत मुहैया कराने की बात कही।मुख्य पार्षद ने अंचलाधिकारी अमदाबाद से बाढ़ प्रभावित वार्डों में सामुदायिक रसोई शुरू कराने, पॉलीथिन शीट उपलब्ध कराने तथा जीआर सूची से वंचित लोगों के नाम जोड़ने की मांग की है। मौके पर वार्ड पार्षद अब्दुल कैयूम, पार्षद प्रतिनिधि शेख मौसीम सहित अन्य पार्षद मौजूद रहे।

### कट्टा-कारतूस के साथ युवक गिरफ्तार

**बरारी/कटिहार (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** सेमापुर थाना क्षेत्र के छोटी चंदन नगर में पुलिस ने छापेमारी कर एक युवक को अवैध हथियार के साथ गिरफ्तार किया। उसके पास से एक देसी कट्टा, तीन जिंदा कारतूस और एक खोखा बरामद किया गया।थानाध्यक्ष रामशंकर कुमार को गुप्त सूचना मिली थी कि छोटी चंदन नगर में एक युवक अवैध हथियार के साथ किसी घटना को अंजाम देने की योजना बना रहा है। सूचना के सत्यापन के बाद पुलिस बल के साथ वहां छापेमारी की गई। पुलिस को देखते ही एक युवक भागने लगा। पुलिस ने घेराबंदी कर उसे पकड़ लिया। पूछताछ में उसकी पहचान छोटी चंदन नगर निवासी कुंदन मंडल के रूप में हुई। तलाशी लेने पर उसके पास से कट्टा, तीन कारतूस व खोखा बरामद हुआ।थानाध्यक्ष रामशंकर कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई कर युवक को गिरफ्तार किया गया है। मामले में प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

### स्नान करने के दौरान डूबने से बालक की मौत

**अमदाबाद/कटिहार (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** अमदाबाद थाना क्षेत्र के बैदा ग्राम पंचायत के हाल बैदा गांव में रविवार को नदी के फैले पानी में स्नान करने के दौरान डूबने से एक बालक की मौत हो गई। घटना के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। मृतक बालक की पहचान हाल बैदा गांव निवासी रकीमुद्दीन के पुत्र अख्तार अली(12) के रूप में हुई है।घटना पर दुख व्यक्त करते हुए कांग्रेस के प्रखंड अध्यक्ष मो. वहाब ने बताया कि गंगा नदी के जलस्तर में वृद्धि होने से प्रखंड की कई पंचायतें नदी के पानी से घिर गई हैं। बैदा पंचायत के चारों ओर भी नदी का पानी फैल गया है।रविवार दोपहर करीब तीन बजे अख्तार अली अपने दोस्तों के साथ घर के पीछे फैले नदी के पानी में स्नान कर रहा था। इसी दौरान वह गहरे पानी में चला गया और डूब गया। साथ मौजूद बच्चों के शोर मचाने पर आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे और बालक को पानी से बाहर निकाला। तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। घटना के संबंध में अंचल अधिकारी हिंदुजा भारती ने बताया कि डूबने से एक बच्चे की मौत हुई है। मौके पर राजस्व कर्मचारी को भेजा गया है। उन्होंने बताया कि परिजन यदि शव का पोस्टमार्टम कराते हैं तो नियमानुसार सरकारी आपदा राशि दी जाएगी।

### निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

**कटिहार (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** ड्रीमी होम एजुकेशनल एंड वेलफेयर ट्रस्ट एवं जिला स्वास्थ्य विभाग के संयुक्त तत्वाधान में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर तीसरी बार आयोजित किया गया। इस विशेष शिविर का मुख्य उद्देश्य आदिवासी एवं बांध क्षेत्र के पिछड़े व जरूरतमंद लोगों तक गुणवत्तापूर्ण चिकित्सीय सेवाएं, दवाएं और स्वास्थ्य परामर्श पहुंचाना था। शिविर में 220 से अधिक ग्रामीण हुए लाभान्वित हुए।शिविर के दौरान स्वास्थ्य विभाग की विशेषज्ञ टीम के सहयोग से स्थानीय ग्रामीणों की निःशुल्क जांच की गई। इस दौरान कुल 220 से अधिक लाभार्थियों को स्वास्थ्य परामर्श, प्राथमिक जांच सेवाएं और आवश्यक दवाइयां उपलब्ध कराई गईं। साथ ही, चिकित्सकों द्वारा मरीजों को बेहतर जीवनशैली, स्वच्छता और खान-पान से जुड़ी बहुमूल्य सलाह भी दी गई। कार्यक्रम का सफल संचालन और नेतृत्व ट्रस्ट की संस्थापिका श्रीमती प्रतिमा तामंग एवं डॉ. आभा कुमारी के मार्गदर्शन में हुआ। शिविर को सुचारू रूप से संपन्न कराने में स्वास्थ्य विभाग के पर्यवेक्षक डॉ. मिथिलेश कुमार ठाकुर, परामर्शदाता अश्वनी कुमार, लैब तकनीशियन राहुल कुमार, पवन कुमार एवं जितेन्द्र महाराज का विशेष योगदान रहा।

# कुरसेला बल्थी महेशपुर तटबंध पहुंचे डीएम

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कुरसेला (कटिहार)।** जिला के कुरसेला प्रखंड क्षेत्र में गंगा और कोसी नदी के जलस्तर में लगातार हो रही वृद्धि के बीच कटिहार जिला प्रशासन बाढ़ की स्थिति पर लगातार नजर बनाए हुए है। इसी क्रम में कटिहार के जिला पदाधिकारी आशुतोष द्विवेदी ने जिले के वरीय पदाधिकारियों के साथ कुरसेला प्रखंड क्षेत्र का दौरा कर बाढ़ प्रभावित इलाकों और तटबंधों का निरीक्षण किया। डीएम आशुतोष द्विवेदी बल्थी महेशपुर तटबंध पर पहुंचे और तटबंध की स्थिति का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने तटबंध पर जुट-पटसन से संबंधित कार्य कर रहे महिला-पुरुषों



से रुककर बातचीत की और उनकी समस्याओं की जानकारी ली। वहीं बाढ़ प्रभावित क्षेत्र के दौरे के दौरान जिला पदाधिकारी ने स्थानीय पंचायत के मुखिया, जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों से भी बातचीत की। उन्होंने गंगा और कोसी नदी के बढ़ते जलस्तर से उत्पन्न स्थिति के बारे में जानकारी ली तथा ग्रामीणों को प्रशासन की ओर से हर संभव मदद उपलब्ध कराने का भरोसा दिया। जिला पदाधिकारी ने आम लोगों से बिचौलियों से सतर्क रहने की अपील करते हुए कहा कि सरकारी राहत एवं सहायता का लाभ सीधे पात्र लोगों तक पहुंचाया जाएगा। किसी भी प्रकार की समस्या या शिकायत होने पर लोग सीधे प्रशासन को इसकी सूचना दें।डीएम के दौरे के दौरान प्रशासनिक एवं संबंधित विभागों के अधिकारी भी मौजूद रहे। प्रशासन की ओर से बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में स्थिति की लगातार निगरानी की जा रही है। निरीक्षण के दौरान बरारी विधायक विजय सिंह, एडीएम विनोद कुमार, उप विकास आयुक्त नेहा कुमारी, अनुमंडल पदाधिकारी सूरज कुमार, एडीएम आपदा फिरोज अख्तर, जिला परिषद सदस्य उमा यादव, मुखिया प्रतिनिधि शंकर चौधरी, प्रखंड विकास पदाधिकारी कुमारी प्रियंवदा, अंचलाधिकारी अनुपम सहित कई पदाधिकारी एवं कर्मी मौजूद रहे।

# 357 बोतल कोडिन कफ सिरप और 13,720 नशीली गोलियों के साथ तस्कर गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार।** नगर थाना पुलिस ने अवैध नशीले पदार्थों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने पटेल चौक स्थित शिव शक्ति फार्मा के पास छापेमारी कर 357 बोतल कोडिनयुक्त कफ सिरप और नशीली दवा नाइट्राजेपाम की 13,720 टैबलेट बरामद की है। मामले में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। बरामद नशीली दवाओं की अनुमानित कीमत करीब 18 लाख 97 हजार 802 रुपए बताई गई है। एसडीपीओ सदर विशाल आनंद ने बताया कि नगर थानाध्यक्ष को सूचना मिली थी कि पटेल चौक स्थित शिव शक्ति फार्मा के संचालक द्वारा अवैध रूप से कोडिनयुक्त कफ सिरप और प्रतिबंधित नशीली दवाओं का कारोबार किया जा रहा है। सूचना के सत्यापन और कार्रवाई के लिए नगर थाना पुलिस एवं औषधि निरीक्षक की संयुक्त टीम मौके पर पहुंची और छापेमारी की। छापेमारी के दौरान पुलिस को देखकर एक व्यक्ति भागने का प्रयास करने लगा। पुलिस बल के सहयोग से उसे पकड़ लिया गया। पूछताछ में उसकी पहचान संजय कुमार सिन्हा (41) पिता सुरेंद्र प्रसाद सिन्हा, साकिन विजयनगर, दुर्गास्थान थाना नगर कटिहार के रूप में हुई।

# डीएस कॉलेज ओपी का शुभारंभ, मजबूत होगी सुरक्षा व्यवस्था : एसपी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार।** नगर थाना क्षेत्र में पुलिसिंग व्यवस्था को और मजबूत करने की दिशा में डीएस कॉलेज ओपी का उद्घाटन किया गया। पुलिस अधीक्षक परिचय कुमार ने विधिवत रूप से ओपी का उद्घाटन किया। ओपी की स्थापना से आसपास के क्षेत्र में कानून-व्यवस्था बनाए रखने, अपराध नियंत्रण और आम लोगों को त्वरित पुलिस सेवा उपलब्ध कराने में सुविधा होगी। एसपी ने बताया कि डीएस कॉलेज ओपी की स्थापना का मुख्य उद्देश्य क्षेत्र में विधि-व्यवस्था एवं सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करना है। इसके साथ ही अपराध की घटनाओं पर प्रभावी नियंत्रण,सूचना मिलने पर त्वरित पुलिस कार्रवाई तथा



आम जनता की समस्याओं का शीघ्र समाधान सुनिश्चित करना है। नए ओपी के कार्यरत होने से लोगों को पुलिस से संबंधित मामलों के लिए दूर नहीं जाना पड़ेगा। उद्घाटन के अवसर पर पुलिस अधीक्षक ने संबंधित पुलिस पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने क्षेत्र में शांति और सुरक्षा का वातावरण बनाए रखने के साथ अपराध की रोकथाम के लिए सक्रियता से काम करने को कहा। एसपी ने आम लोगों के साथ बेहतर समन्वय स्थापित करने और उनकी शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने पर भी जोर दिया। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि पुलिस और आम जनता के बीच विश्वास का माहौल मजबूत होना जरूरी है। इसके लिए पुलिस पदाधिकारी संवेदनशीलता के साथ लोगों की समस्याएं सुनें और नियमानुसार शीघ्र कार्रवाई करें। डीएस कॉलेज ओपी के शुरू होने से क्षेत्र में पुलिस की मौजूदगी और निगरानी व्यवस्था और प्रभावी होने की उम्मीद है। मौके पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी विशाल आनंद,नगर थानाध्यक्ष कुंदन कुमार सिंह, ओपी प्रभारी आर्यन कुमार, विद्यार्थी परिषद के प्रान्त सह मंत्री विनय सिंह, विभाग संजोयक विक्रांत सिंह, कॉलेज के प्राचार्य, ए ए ओंकार सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# युवक की गला रेतकर हत्या, खेत में मिला शव

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**समेली (कटिहार)।** समेली प्रखण्ड के मुरादपुर पंचायत अंतर्गत कुसेर्ला थाना क्षेत्र के मोरसंडा दीरा चांदपुर नहर के समीप शनिवार की रात एक युवक की धारदार हथियार से गला रेतकर हत्या कर दी गयी। रविवार की सुबह खेत में खून से लथपथ शव मिलने के बाद क्षेत्र में सनसनी फैल गयी। मृतक की पहचान राजेन्द्र पार्क डुमरिया वार्ड संख्या छह निवासी मो. तबारक (22) के रूप में हुई है। घटना के पीछे प्रेम प्रसंग और रुपये के लेनदेन को लेकर विवाद की बात सामने आ रही है। हालांकि पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी है। जानकारी के



अनुसार मो. तबारक का मोरसंडा गांव की एक महिला से पिछले कई वर्षों से प्रेम प्रसंग चल रहा था। महिला का पति मृतक का दोस्त बताया जा रहा है। परिजनों के मुताबिक करीब चार माह पूर्व भी महिला के पति ने तबारक के साथ मारपीट की थी और उसे अपने घर ले जाकर दिनभर बंधक बनाकर रखा था। परिजनों ने रुपये के लेनदेन को लेकर विवाद की भी बात कही है। परिजनों के अनुसार शनिवार रात करीब आठ बजे तबारक घर से निकला था। इसके बाद वह वापस नहीं लौटा। रविवार सुबह कदम के पेड़ के नीचे बने मचान के पास तबारक का शव पड़ा था। उसका गला रेता हुआ था और चेहरा व गला खून से सना था। मचान पर भी कई स्थानों पर खून के निशान मिले। इससे घटनास्थल पर संघर्ष होने की आशंका जतायी जा रही है। परिजनों ने बताया कि घटना से कुछ समय पहले तबारक दिल्ली कमाने गया था। करीब एक माह पूर्व लौटने के बाद महिला के पति ने उससे रुपये की मांग की थी।

# भू-विवादों के त्वरित निष्पादन को लेकर जिलाधिकारी ने दिए निर्देश

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**अररिया ।** जिला पदाधिकारी, विनोद दूहन की अध्यक्षता में जिले में लंबित भू-विवादों के त्वरित निष्पादन को लेकर सभी प्रखंडों के वरीय पदाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न अंचलों में लंबित भू-विवाद से संबंधित मामलों की समीक्षा की गई तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। जिला पदाधिकारी ने सभी वरीय पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि भू-विवाद से जुड़े मामलों का गंभीरता एवं संवेदनशीलता के साथ नियमानुसार एवं समयबद्ध निष्पादन सुनिश्चित करें। उन्होंने संबंधित अभिलेखों एवं दस्तावेजों की



जांच कर तथ्यों के आधार पर कार्रवाई करने तथा लंबित मामलों की नियमित समीक्षा करने का निर्देश दिया।

# राजकीय शिक्षक पुरस्कार से सम्मानित विप्लव कुमार को जिले भर से मिल रही बधाई

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**आजमनगर (कटिहार)।** प्रखंड क्षेत्र अवस्थित मध्य विद्यालय अरिहाना के विशिष्ट शिक्षक विप्लव कुमार को राजकीय शिक्षक पुरस्कार से सम्मानित किया गया है।उनको यह सम्मान शिक्षक दिवस पर श्रीकृष्ण मेमोरियल हाल पटना में आयोजित समारोह में उपमुख्यमंत्री, शिक्षा मंत्री सहित शिक्षा विभाग के वरिष्ठ पदाधिकारियों की उपस्थिति में मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के हाथों प्राप्त हुआ है। उनकी उपलब्धि पर जिले के शिक्षा जगत, परिजनों एवं ग्रामीणों में हर्ष का माहौल है।शिक्षा विभाग के अधिकारी, जनप्रतिनिधि, शिक्षकों सहित उनके सहयोगी एवं ग्रामीणों की ओर से उन्हें बधाई मिल रही है। विप्लव कुमार का राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार के अंतिम छठे स्थान में भी हुआ था। लेकिन अंतिम दौर में जाने से वंचित रह गये थे। अपने चहेते शिक्षक को पुरस्कार लेते




देख विद्यालय परिवार के चेहरे पर अजब सुखद अनुभूति देखी गई। पूर्व सांसद दुलाल चंद्र गोस्वामी, निखिल कुमार चौधरी, विधायक निशा सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष मनोज राय, राजद जिलाध्यक्ष इशरत परवीन,स्थानीय मुखिया विजय केवट ने उनकी उपलब्धि पर बधाई देते हुए कहा है कि यह सम्मान ग्रामीण क्षेत्र की शिक्षा में नवाचार का शत प्रतिशत प्रयोग एवं बच्चों के सर्वांगीण विकास को लेकर उनके समर्पण का परिणाम है। सामाजिक दायित्वों को लेकर जागरुकता बढाने में विप्लव कुमार ने नया कीर्तिमान गढा है। नवनीत कुंवर, मृत्युंजयम, वीरेंद्र सिंह, प्रेम परदेशी, रोहित कुमार, मो. सफीकुज्जमा, पंकज पिंकू, प्रदीप भट्टाचार्य, आलोक कुमार, हरिहर पांडेय, पंकज यादव,अरुण साह, मो.मुस्ताक, प्रशांत कुमार मिश्रा सहित जिले के सैकड़ों शिक्षकों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई दी है। सामाजिक तथा स्थानीय राजनीति क्षेत्र से जुड़े बमबम मंडल, प्रदीप घोष, अक्षय सिंह, नवीन मंडल, राजकुमार राय, नीरज कुमार नारायण दीवाना आदि ने हर्ष व्यक्त करते हुए विप्लव कुमार के उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

# किसानों को मिला वैज्ञानिक एवं वैदिक उन्नत खेती के टिप्स

## कीट-व्याधि नियंत्रण से लेकर प्राकृतिक खेती तक की दी जानकारी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार।** धान की खेती को अधिक लाभकारी, टिकाऊ और उत्पादनपरक बनाने के लिए किसानों को वैज्ञानिक तकनीक के साथ वैदिक एवं पारंपरिक कृषि ज्ञान से भी जोड़ा जा रहा है। इसको लेकर संयुक्त कृषि भवन के सभागार में शनिवार को कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंधन अभिकरण कटिहार के तत्वावधान में धान की उन्नत खेती एवं कीट-व्याधि नियंत्रणह्व विषय पर एक दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित किया गया।जिला कृषि पदाधिकारी-सह- परियोजना निदेशक आत्मा राजीव कुमार की अध्यक्षता में आयोजित इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में विभिन्न प्रखंडों से आत्मा की कृषक पाठशाला से जुड़े एवं संकर धान की खेती करने वाले 80 प्रगतिशील किसानों ने भाग लिया। प्रशिक्षण के दौरान डीएओ ने कृषि पंचांग और नक्षत्र आधारित ज्ञान से




लेकर प्राकृतिक खेती तक की जानकारी किसानों को दिया।उन्होंने कहा कि खेती को अधिक टिकाऊ और लाभकारी बनाने के लिए आधुनिक वैज्ञानिक तकनीकों के साथ पारंपरिक एवं वैदिक कृषि ज्ञान का समुचित समन्वय जरूरी है। उन्होंने कृषि पंचांग, नक्षत्र आधारित वैदिक कृषि ज्ञान, प्राकृतिक कृषि पद्धति तथा रासायनिक उर्वरकों के विवेकपूर्ण उपयोग पर विशेष जोर दिया। उन्होंने किसानों को खेत की तैयारी, उन्नत किस्मों का चयन, बीज उपचार, वैज्ञानिक बुआई, खरपतवार प्रबंधन सहित अन्य तकनीकों की जानकारी स्लाइड प्रस्तुतीकरण के माध्यम से सरल एवं व्यावहारिक तरीके से दी। कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक संजू कुमारी ने धान में लगने वाले प्रमुख कीट एवं रोगों की पहचान, लक्षण एवं नियंत्रण के उपायों की विस्तृत जानकारी देते हुए कहा कि कीट -व्याधि की समय पर पहचान से फसलों को नष्ट होने से बचाया जा सकता है। उन्होंने किसानों को फसलों की नियमित निगरानी तथा कीट - व्याधि की समय पर पहचान कर अनुशंसित प्रबंधन उपाय अपनाने की सलाह दी। वहीं उप परियोजना निदेशक दीक्षा कुमारी ने आत्मा की विभिन्न योजनाओं एवं प्रशिक्षण कार्यक्रमों की जानकारी देते हुए किसानों को प्रशिक्षण कार्यक्रमों में भाग लेने के लिए0 प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि नई तकनीकों का प्रयोग करने से उत्पादन लागत कम और आय बढ़ाने में किसानो को मदद मिल सकती है।उप परियोजना निदेशक शशि कान्त झा ने कृषक हितकारी समूह एवं एफपीओ के गठन, सामूहिक कृषि गतिविधियों तथा आत्मा द्वारा संचालित प्रदर्शन एवं कृषक पाठशाला कार्यक्रमों के प्रभावी क्रियान्वयन की जानकारी दी। कार्यक्रम में रश्मि कुमारी सहित कृषि विभाग एवं आत्मा के कई पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित रहे।

संक्षिप्त समाचार

## टाटा मोटर्स की जेएलआर यूनिट करेगी 4000 कर्मचारियों की छंटनी

**नईदिल्ली, एजेंसी।** टाटा मोटर्स के मालिकाना हक वाली लक्जरी कार कंपनी जगुआर लैंड



रोवर (जेएलआर) स्वैच्छिक छंटनी कार्यक्रम शुरू करने जा रही है। इसके तहत अगले दो वर्षों में करीब 4,000 नौकरियों में कटौती हो सकती है। ब्रिटेन के मीडिया ने शनिवार को एक खबर में यह जानकारी दी। 'द टाइम्स' के अनुसार, लक्जरी कार कंपनी सोमवार को इस कार्यक्रम की औपचारिक घोषणा कर सकती है। कंपनी ने कहा कि वैश्विक बाजार की बदलती परिस्थितियों के अनुरूप खुद को ढालने के लिए उसे अगले दो वर्षों में करीब 1.7 अरब पाउंड की बचत करने की जरूरत है। जेएलआर ने बयान में कहा, 'पिछले तीन वर्षों में हमने अपने ब्रांड को मजबूत किया है और अगली पीढ़ी के लिए अपने उत्पाद पोर्टफोलियो में बदलाव किया है।' कंपनी ने कहा, 'अपनी रणनीति के अगले चरण के लिए हमें बदलती वैश्विक बाजार परिस्थितियों के अनुरूप खुद को ढालना होगा। इसके तहत अगले दो वर्षों में करीब 1.7 अरब पाउंड की बचत करने और तीन लाख वाहनों की बिक्री करने का लक्ष्य है।' जेएलआर ने कहा कि उसने कर्मचारियों और कारोबारी संघों के प्रतिनिधियों को स्वैच्छिक छंटनी कार्यक्रम की जानकारी दे दी है। इसके तहत वेतनभोगी कर्मचारियों और मैनेजमेंट टीम के सदस्यों को कंपनी छोड़ने का अवसर दिया जाएगा। यूनाइट वर्कर्स यूनियन की महासचिव शेरोन ग्राहम ने कहा कि जेएलआर में नौकरियों में होने वाली कटौती के प्रभाव को कम करने के उपायों पर सप्ताहांत में सरकार के साथ गहन बातचीत हुई

## 45 साल में नौकरी छोड़नी है तो न करें गलती, वरना 40 साल बाद खत्म हो सकता है रिटायरमेंट फंड

**नईदिल्ली, एजेंसी।** 45 साल की उम्र में नौकरी छोड़कर रिटायर होना सुनने में बेहद आकर्षक लगता है, लेकिन असली चुनौती रिटायरमेंट के बाद शुरू होती है। सवाल सिर्फ इतना नहीं है कि आपके पास कितनी रकम जमा है, बल्कि यह भी है कि वह पैसा अगले 40-45 साल तक कैसे चलेगा भारत में महंगाई, टैक्स, बढ़ते मेडिकल खर्च और शेयर बाजार में उतार-चढ़ाव को देखते हुए जल्दी रिटायर होने वालों के लिए लोकप्रिय 4 प्रतिशत विड्रॉल रूल हमेशा सही साबित हो, यह जरूरी नहीं है। 4 प्रतिशत नियम का आधार अमेरिकी बाजार के आंकड़ों पर है। इसे 1994 में विलियम बेंगन के शोध से लोकप्रियता मिली थी और इसमें करीब 30 साल की रिटायरमेंट अवधि के लिए पोर्टफोलियो से शुरुआती साल में 4 प्रतिशत रकम निकालने का विचार दिया गया था। लेकिन, अगर कोई व्यक्ति 45 साल की उम्र में रिटायर होता है, तो उसे संभवत: 40-45 साल तक अपने खर्च चलाने पड़ सकते हैं। ऐसे में एक ही नियम हर व्यक्ति पर लागू करना जोखिम भरा हो सकता है। एक्सपर्ट के मुताबिक, जल्दी रिटायर होने वाला व्यक्ति शुरुआती विड्रॉल रेट को करीब 3-3.5 प्रतिशत रखने पर विचार कर सकता है। हालांकि, इसे भी कोई पक्का फॉर्मूला नहीं समझना चाहिए। सही दर इस बात पर निर्भर करेगी कि आपके सालाना खर्च कितने हैं, पोर्टफोलियो में इक्विटी और डेट का अनुपात क्या है, भविष्य में महंगाई कितनी रहती है, मेडिकल जरूरतें कितनी हो सकती हैं और आप अपने पीछे कितनी संपत्ति छोड़ना चाहते हैं। खासकर ज्यादा आय वाले परिवारों में जीवनशैली से जुड़े खर्च सामान्य महंगाई से भी तेज बढ़ सकते हैं। इसलिए रिटायरमेंट कॉर्पस बनाते समय सिर्फ आज के खर्च को नहीं, बल्कि आने वाले दशकों की वास्तविक जरूरतों को ध्यान में रखना चाहिए।

# बैंक में जमा किए 42 लाख कैश, न आईटीआर भरा और न इनकम टैक्स नोटिस का जवाब दिया

**नई दिल्ली, एजेंसी।** बेंगलुरु के एक व्यक्ति को इनकम टैक्स से जुड़े मामले में बड़ी राहत नहीं मिली। इनकम टैक्स अपीलेट ट्रिब्यूनल की बेंगलुरु बेंच ने करीब 4 साल की देरी से दायर अपील को स्वीकार करने से इनकार कर दिया। मामला 41.69 लाख रुपये (करीब 42 लाख रुपये) के कथित अघोषित नकद जमा और इनकम टैक्स रिटर्न दाखिल नहीं करने से जुड़ा है।

टैक्सपेयर ने दावा किया था कि उसे इनकम टैक्स विभाग की कार्रवाई की जानकारी तब हुई, जब वह विदेश जाने के लिए वीजा बनवा रहा था। उसने यह भी कहा कि उसकी सालाना आय 5 लाख रुपये से कम थी और उसके खर्च पत्नी और पिता उठाते थे। इसलिए वह नियमित रूप से आईटीआर दाखिल नहीं करता था और ईमेल या इनकम टैक्स पोर्टल भी चेक नहीं करता था।

41.69 लाख नकद जमा पर सवाल

यह मामला बेंगलुरु निवासी रेड्डी से जुड़ा है। उनका कहना था कि उनकी आय का मुख्य स्रोत किराया था और सालाना आमदनी 5 लाख रुपये से कम थी।

इनकम टैक्स अधिकारी ने हालांकि उनकी दलील स्वीकार नहीं की। अधिकारी ने 41.69 लाख रुपये को इनकम टैक्स एक्ट की धारा 69 के तहत अघोषित नकद माना। इसके अलावा 3.69 लाख रुपये की अघोषित क्रेडिट और 1.5 लाख रुपये की बिजनेस या प्रोफेशनल




इनकम भी जोड़ी गई। इस पर ब्याज लगाया गया और पेनल्टी की कार्रवाई भी शुरू की गई।

मामला जब बेंगलुरु पहुंचा तो अपील दाखिल करने में करीब 1480 दिन की देरी हो चुकी थी। वहीं दो पेनल्टी अपील भी लगभग 1298 दिन की देरी से दाखिल की गई थीं।पहले यानी देरी माफ करने से इनकार कर दिया था। उसका कहना था कि टैक्सपेयर की ओर से दिए गए कारण सामान्य थे और उनके समर्थन में पर्याप्त दस्तावेज नहीं दिए गए। बाद में आईटीएटी ने भी इसी फैसले को सही माना और अपीलों को समय-सीमा के बाहर मानते हुए खारिज कर दिया। टिप्पणी की कि रेड्डी ने पहले के वर्षों में फाइल किया था, इसलिए यह दावा करना गलत है कि उन्हें टैक्स नियमों की जानकारी नहीं थी।

### वीजा बनवाते समय पता चला टैक्स नोटिस

रेड्डी ने दावा किया कि उन्हें इनकम टैक्स की कार्रवाई के बारे में मार्च 2023 में पता चला, जब उन्हें विदेश यात्रा के लिए वीजा आवेदन में आईटीआर की जरूरत पड़ी। उनके मुताबिक, इससे पहले वह इनकम टैक्स से जुड़ी कार्यवाही की जानकारी नहीं रख पाए क्योंकि उन्हें टैक्स नियमों की ज्यादा समझ नहीं थी। उन्होंने यह भी कहा कि उनकी आय कम थी, इसलिए वह दाखिल करने के आदी नहीं थे। कोविड-19 महामारी के कारण भी स्थिति और मुश्किल हुई। इसके बाद उन्होंने टैक्स प्रोफेशनल से संपर्क किया और अपील दाखिल की। आईटीएटी ने सुप्रीम कोर्ट के एक निर्णय का हवाला देते हुए कहा कि केवल 'सहानुभूति' के आधार पर इतनी बड़ी देरी को माफ नहीं किया जा सकता। देरी तभी माफ हो सकती है जब याचिकाकर्ता ठोस और साक्ष्यों से युक्त कारण प्रस्तुत करे। लाख रुपये की धारा 69 के तहत की गई टैक्स बढ़ोतरी या पेनल्टी सही है या गलत, इस पर फैसला नहीं दिया। इसलिए आयकर विभाग का टैक्स, ब्याज और जुर्माने का आदेश लागू रहेगा। रेड्डी के पास अब केवल आयकर अधिनियम की धारा 260ए के तहत कर्नाटक हाईकोर्ट जाने का विकल्प है।

## आईसीआईसीआई बैंक पर एलआईसी का दांव! आरबीआई की इस मंजूरी के बाद हो जाएगा बड़ा बदलाव

**नई दिल्ली, एजेंसी।** एलआईसी को भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) से आईसीआईसीआई बैंक में अपनी हिस्सेदारी बढ़ाने की मंजूरी मिल गई है। देश की सबसे बड़ी सरकारी बीमा कंपनी अब इसे बढ़ाकर 9.99 प्रतिशत तक कर पाएगी। इसका




आसान सा मतलब यह है कि एलआईसी अब बैंक में अपनी हिस्सेदारी और बढ़ा सकेगी। आरबीआई ने एलआईसी को बैंक में पेड-अप शेयर कैपिटल या वोटिंग राइट्स का कुल 9.99 प्रतिशत तक हिस्सा खरीदने की मंजूरी दी है। बैंक ने शनिवार को एक रेगुलेटरी फाइलिंग में इसकी जानकारी दी। बैंक को मिला आरबीआई की मंजूरी का लेटर मंजूरी पत्र की एक कॉपी उसी दिन रात 9:09 बजे मिली, जिस पर 4 सितंबर, 2026 की तारीख थी। इस मंजूरी के तहत पत्र की तारीख से एक साल के भीतर यह हिस्सेदारी खरीदनी होगी। ऐसा न करने पर सेंट्रल बैंक की मंजूरी रद्द हो जाएगी। यह मंजूरी कुछ शर्तों के अधीन है। इसमें लागू कानूनी और रेगुलेटरी नियमों का पालन करना शामिल है। सिर्फ 35 दिनों में 21,000 करोड़ रुपये से ज्यादा का 'मार्क-टू-मार्केट' फायदा कमाने के लगभग एक महीने बाद आया है। यह मुनाफा एक ऐसे समय में लिए गए।

## घर जाने के लिए टिकट न मिलने की खीझ, 3 दोस्तों का वो रिस्क, जिसने रेड बस को बनाया बस बुकिंग का बॉस

**नई दिल्ली, एजेंसी।** ऑनलाइन बस टिकट बुकिंग में रेडबस आज भरोसमंद ब्रांड बन चुका है। साल 2006 में इसकी शुरुआत हुई थी। पिलानी के तीन युवा इंजीनियरों ने इसकी नींव रखी थी। इनके नाम हैं-फणींद्र समा, चरण पद्मा राजू और सुधाकर पासुपुनुरी। कभी



त्योहार पर घर जाने के लिए बस टिकट न मिल पाने की खीझ इसके जन्म की वजह बनी। इस आम समस्या से शुरू हुए ब्रांड ने पारंपरिक बस यात्रा उद्योग के असंगठित ढांचे को पूरी तरह डिजिटल और पारदर्शी बना दिया। आज का हिस्सा भारत के अलावा मलेशिया, सिंगापुर, इंडोनेशिया, पेरू और कोलंबिया जैसे देशों में 2,000 से अधिक बस ऑपरेटरों के विशाल नेटवर्क के साथ करोड़ों यात्रियों की पहली पसंद बन चुका है। 'कंपनी की कहानी' की इस कड़ी में आज पढ़िए रेड बस की स्टोरी।

### ऐसे आया आइडिया

साल 2005 की बात है। दिवाली पर फणींद्र समा को बेंगलुरु से हैदराबाद जाना था। इसके लिए उन्हें बस टिकट नहीं मिला। उन्हें दर-दर भटकना पड़ा। तब उन्हें बस उद्योग की अव्यवस्था और यात्रियों को होने वाली भारी परेशानी का अहसास हुआ। बस ऑपरेटरों और यात्रियों के बीच पारदर्शिता की भारी कमी थी। बहुराष्ट्रीय कंपनियों की अपनी आरामदायक नौकरियां छोड़कर तीनों संस्थापकों ने इस समस्या को टेक्नोलॉजी से हल करने का फैसला किया। रिचर्ड ब्रैनसन के 'वर्जिन' ब्रांड से प्रेरित होकर और आम जनता के लिए बेहद आसान व कैची नाम चुनते हुए उन्होंने अपने इस डिजिटल प्लेटफॉर्म का नाम रखा। इस तरह एक नए ट्रैवल-टेक ब्रांड का जन्म हुआ।

### सिर्फ 5 लाख से शुरुआत

अगस्त 2006 में सिर्फ 5 लाख रुपये के निवेश, 1 बस ऑपरेटर और 5 सीटों के साथ रेडबस ब्रांड ने अपनी व्यावसायिक यात्रा शुरू की। शुरुआती दौर में सॉफ्टवेयर बेचने की असफलता के बाद (बेंगलुरु) के मेंटर्स के मार्गदर्शन में पूरे बस उद्योग का विस्तृत सर्वे किया। सीधे टिकट बुकिंग सेवा देने का मॉडल अपनाया।बस ऑपरेटरों के लिए (बस ऑपरेटर सॉफ्टवेयर सिस्टम) जैसा इन्वेंट्री सॉफ्टवेयर विकसित किया। इसने बस ट्रैवल इंडस्ट्री को डिजिटल बनाया। इस तकनीकी इनोवेशन ने न केवल ऑपरेटरों के लिए सीटें अलॉट करना आसान बनाया, बल्कि यात्रियों को भी घर बैठे रीयल-टाइम सीट सेलेक्शन और टिकट बुकिंग का सहज अनुभव दिया। अपनी बेहतरीन सुविधाओं, पारदर्शी प्राइसिंग, टिकट/ई-टिकट और 24/7 कस्टमर सपोर्ट के बल पर रेडबस तेजी से भारत का बड़ा ट्रैवल ब्रांड बन गया।

# ब्याज दर घटाओ वरना...', ट्रंप की एफईडी को धमकी भारत के लिए कितनी फायदेमंद जेब पर भी पड़ेगा असर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और अमेरिकी केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व के बीच विवाद खत्म होने का नाम नहीं ले रहा है। फेड रिजर्व के नए चेयरमैन के आने के बाद भी ब्याज दरों को लेकर ट्रंप खासे नाराज नजर आ रहे हैं। उन्होंने हाल ही में एक बार फिर फेडरल रिजर्व पर ब्याज दरें घटाने का दबाव बनाया है।

ट्रंप ने चेतावनी दी कि अगर अमेरिकी केंद्रीय बैंक ब्याज दरों में कटौती नहीं करता है, तो वह उन देशों के साथ व्यापार रोकने की कार्रवाई कर सकते हैं, जिनके साथ अमेरिका का व्यापार घाटा है। ट्रंप के इस बयान से भारत समेत अमेरिका के प्रमुख व्यापारिक साझेदारों पर भी नजरें टिक गई हैं। अगर फेड रिजर्व ब्याज दरें घटता है, तो भारत पर इसका मिलाजुला असर दिखाई दे सकता है।

ट्रंप ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर अमेरिकी रोजगार के आंकड़ों का हवाला देते हुए ब्याज दरों में कटौती की मांग की। अगस्त में अमेरिकी कंपनियों ने 1.62 लाख नई नौकरियां जोड़ीं। ट्रंप ने कहा कि यह आंकड़ा बाजार के अनुमान से काफी बेहतर है और इससे साबित होता है कि अमेरिकी अर्थव्यवस्था मजबूत है।

ट्रंप का तर्क है कि मजबूत अर्थव्यवस्था और बेहतर क्रेडिट स्थिति के बावजूद अमेरिका में ब्याज दरें बहुत ज्यादा हैं। उन्होंने कहा कि अमेरिका को दुनिया में सबसे कम ब्याज दरों वाले देशों में शामिल होना चाहिए। ट्रंप ने फेडरल रिजर्व पर दबाव बढ़ाते हुए कहा कि अगर ब्याज दरों में



कटौती नहीं की गई, तो अमेरिका उन देशों के साथ व्यापार रोक सकता है, जिनके साथ उसका व्यापार घाटा है।

उन्होंने कहा कि जिन देशों को अमेरिका के साथ बड़ा व्यापार सरप्लस मिल रहा है, उन्हें यह सुविधा अमेरिका की सहमति से मिल रही है और इसे तुरंत रोका जा सकता है।

ट्रंप ने कहा कि उच्च ब्याज दरों की वजह से अमेरिका को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नुकसान उठाना पड़ रहा है। फेड बोर्ड को थोड़ा समझदार बनना होगा और देशभक्ति दिखानी होगी

भारत और अमेरिका के बीच बड़ा व्यापारिक संबंध है और अमेरिका लंबे समय से भारत के साथ व्यापार घाटे में रहने वाले देशों में शामिल रहा है। ऐसे में ट्रंप की 'ट्रेड डेफिसिट वाले देशों के साथ व्यापार रोकने' की चेतावनी भारत के लिए भी महत्वपूर्ण है।

अगर अमेरिका व्यापार घाटे वाले देशों पर नए प्रतिबंध, टैरिफ या अन्य व्यापारिक कदम उठाता है, तो भारतीय कंपनियों के लिए अमेरिकी बाजार में कारोबार की लागत बढ़ सकती है। इसका सीधा असर भारत के सेक्टर, फार्मा, कपड़ा और जेम्स एंड ज्वेलरी निर्यात पर पड़ सकता है। अगर अमेरिकी फेडरल रिजर्व ब्याज दरों में कटौती करता है, तो अमेरिकी डॉलर और बॉन्ड यील्ड में गिरावट आती है।

विदेशी संस्थागत निवेशक भारतीय शेयर बाजार जैसे उभरते बाजारों में भारी निवेश करते हैं। ऐसे में विदेशी पूंजी का प्रवाह बढ़ने की संभावना रहती है। भारतीय रिजर्व बैंक भी वैश्विक परिस्थितियों पर नजर बनाए हुए है। यदि अमेरिका ब्याज दरें घटाता है, लिए भी भारत में ब्याज दरें घटाने और कर्ज सस्ता करने का रास्ता आसान हो जाएगा। ऐसे में आम लोगों के लिए बैंक से लोन लेना सस्ता हो सकता है। साथ ही कार, होम आदि की ईएमआई भी कम हो सकती है, जिससे आम आदमी को पैसों की बचत होगी।

## 7.8 प्रतिशत जीडीपी ग्रोथ का आंकड़ा मानना थोड़ा मुश्किल

**नई दिल्ली, एजेंसी।** पूर्व मुख्य सांख्यिकीविद् प्रणब सेन ने सरकारी अनुमानों में बार-बार ऊपर की ओर झुकाव (अपवर्ड बायस) की ओर इशारा किया है। उन्होंने रियल जीडीपी कैलकुलेशन के लिए इस्तेमाल किए गए तरीके और डेटा पर सवाल उठाए हैं। उनके मुताबिक, हो सकता है कि भारत लगातार अपनी जीडीपी ग्रोथ को बढ़ा-चढ़ाकर बता रहा हो। एक इंटरव्यू में सेन ने कहा कि उन्हें पहली तिमाही के लिए 7.8 प्रतिशत जीडीपी ग्रोथ का हालिया आंकड़ा मानना थोड़ा मुश्किल लगा। हालांकि, उनकी चिंताएं नॉमिनल जीडीपी के बारे में नहीं थीं। इसके बजाय इस बारे में थीं कि सरकार कीमतों में बदलाव के हिसाब से इसे रियल जीडीपी में कैसे बदलती है।

सेन ने कहा, 'अगर आप अतीत में जीडीपी सीरीज के बेस में हुए बदलावों को देखें तो हमने लगातार लगभग 2 से 3 प्रतिशत का ओवर-एस्टिमेशन देखा है।' उन्होंने कहा कि ऐसा लगता है कि यह गणनाओं में ही 'शामिल' (हार्डवायर्ड) है और जब जीडीपी बेस को संशोधित किया जाता है तो यह बढ़ा-चढ़ाकर बताया गया आंकड़ा



ठीक हो जाता है।

हालांकि, सेन ने बताया कि हालिया संशोधन काफी बड़ा था। इससे यह सवाल उठ गया है कि क्या भारत की पिछली ग्रोथ रेट को सही ढंग से मापा गया है।

सेन की चिंताएं नेशनल स्टैटिस्टिकल ऑफिस की ओर से वर्तमान में इस्तेमाल किए जा रहे तरीके को लेकर भी हैं। भारत 'डबल डिफ्लेशन' नाम के सिस्टम पर चला गया है। इसमें जीडीपी निकालने से पहले आउटपुट और इनपुट मूल्यों को कीमतों के हिसाब से अलग-अलग एडजस्ट किया जाता है। सेन ने कहा कि यह तरीका सैद्धांतिक रूप से तो सही है। लेकिन, उन्होंने सवाल उठाया कि क्या देश के पास इसे ठीक से लागू करने के लिए पर्याप्त विस्तृत डेटा है। सेन बोले, 'पहले हमारे सामने समस्या यह थी कि हमारे पास डेटा ही नहीं था।' उन्होंने साथ ही कहा कि यह स्पष्ट नहीं है कि डेटा जुटाने की प्रक्रिया में पर्याप्त सुधार हुआ है या नहीं। उन्होंने इनपुट के लिए प्रॉक्सी (वैकल्पिक आंकड़ों) के इस्तेमाल पर भी चिंता जताई। डेटा और अपनाई जा रही प्रक्रियाओं में पारदर्शिता की कमी की आलोचना की। 7.8 प्रतिशत ग्रोथ के आंकड़े पर विवाद के बारे में सेन ने पूर्व वित्त सचिव सुभाष चंद्र गर्ग की गणना को खारिज कर दिया। इसमें कहा गया था कि पिछले साल के मूल अनुमान की तुलना में ग्रोथ केवल 2.6 प्रतिशत थी।

# जब सब पीयूबीजी खेलने में थे बिजी तब दौड़ाया दिमाग, 5 लाख से शुरू किया काम, अब 25 करोड़ पर नजर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** यह कहानी है आमिर मलिक की। वह आगरा के एक साधारण परिवार से ताल्लुक रखते हैं। उन्होंने एक सफल बिजनेस खड़ा कर दिया है। भारतीय बाजार में मोबाइल गेमर्स की खास जरूरतों को समझकर मलिक ने 2019 में इसकी नींव रखी थी। इसका नाम स्पिनबॉट है। अपनी 5 लाख रुपये की सेविंग से नोएडा में उन्होंने इसकी शुरुआत की थी। 2018 में गेम भारत आने के बाद इसे शुरू करने का आइडिया आया। यह स्टार्टअप आज प्रमुख मोबाइल गेमिंग एक्सेसरीज ब्रांड बन चुका है। वित्त वर्ष 2026-27 में ब्रांड 25 करोड़ रुपये के रेवेन्यू का टारगेट लेकर आगे बढ़ रहा है। आइए, यहां आमिर मलिक की सफलता के सफर के बारे में जानते हैं।

आमिर मलिक आगरा के सेंट कॉनराड्स इंटर कॉलेज से पढ़े हैं। 2012 में बीटेक करने के बाद उनका सपना सरकारी नौकरी का था। परीक्षा पास करने के बावजूद पेपर लीक और भर्ती में देरी के कारण उन्होंने अनिश्चितता में समय गंवाने के बजाय



कॉर्पोरेट राह चुनी। उन्होंने एमबीए किया। फिर टाटा टेलीसर्विसेज के बाद एक कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स कंपनी में प्रोडक्ट मैनेजर के रूप में काम किया। वहां उन्हें प्रोडक्ट डेवलपमेंट, सोर्सिंग और ई-कॉमर्स का अनुभव मिला। जब गेमर्स मोबाइल एक्सेसरीज की मांग करने लगे तो आमिर ने 2019 में नौकरी छोड़कर अपने घर के एक कमरे से स्टार्टअप लॉन्च किया।

आमिर ने रैंडम प्रोडक्ट्स बेचने के बजाय गेमर्स की वास्तविक दिक्कतों को सुलझाने वाले प्रोडक्ट्स बनाए। उनका पहला प्रोडक्ट था- कैपेसिटिव गेमिंग ट्रिगर। इसने जैसे गेम्स में बिना ब्लूटूथ या किसी ऐप के टचस्क्रीन पर एक्स्ट्रा कंट्रोल दिए। इस प्रोडक्ट को गेमर्स ने खूब पसंद किया। जैसे प्रमुख टेक यूट्यूबर्स ने इसका बिना किसी पेड प्रमोशन के रिव्यू किया। इसके बाद उनके स्टार्टअप ने फोन को ठंडा रखने के लिए सेमीकंडक्टर तकनीक वाले मोबाइल कूलर्स' और टच सेंसिटिविटी बढ़ाने के लिए अल्ट्रा-थिन 'फिंगर स्लीव्स' जैसे करीब 45 से अधिक इनोवेटिव प्रोडक्ट्स बाजार में उतारे। बाद में ब्रांड ने पीसी गेमिंग और कंसोल एक्सेसरीज के क्षेत्र में भी विस्तार किया। सफलता के सफर में स्टार्टअप को दो बड़े झटकों का सामना करना पड़ा। सबसे पहले कोरोना लॉकडाउन के कारण चीन और वियतनाम से सप्लाई चेन रुक गई। तब गेमिंग एक्सेसरीज की मांग चरम पर थी। जैसे ही लॉकडाउन खुला 2020 में भारत सरकार ने बैन लगा दिया। इससे कंपनी का रेवेन्यू अचानक गिर गया। इस संकट ने आमिर को सिखाया कि किसी एक गेम पर निर्भर नहीं रहा जा सकता। गेम के रूप में वापस आने पर आमिर के स्टार्टअप ने तेजी से अपने पोर्टफोलियो को डायवर्सिफाई किया।

## उनके लिए ये पचाना मुश्किल', 7.8 प्रतिशत जीडीपी ग्रोथ का जिक्र कर पीएम मोदी ने लगा दी आलोचकों की क्लास

**नई दिल्ली, एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हालिया जीडीपी आंकड़ों का जिक्र कर आलोचकों को आड़े हाथ लिया है। उन्होंने शनिवार को कहा कि पश्चिम एशिया में जारी युद्ध और ग्लोबल ट्रेड में रुकावटों के बावजूद भारत की 7.8 फीसदी जीडीपी ग्रोथ देश की अर्थव्यवस्था की मजबूती को दिखाती है। श्री राम कॉलेज ऑफ कॉमर्स में पीएम मोदी ने कहा कि भारत 'पॉलिसी पैरालिसिस' से 'पॉलिसी डायनामिज्म' की ओर बढ़ा है और काफी आगे आ चुका है। प्रधानमंत्री ने कहा, '7.8 फीसदी की तिमाही ग्रोथ ने देश का आत्मविश्वास बढ़ाया है। जो लोग भारत को 'फ्रैजाइल फाइव' (कमजोर पांच अर्थव्यवस्थाओं) में धकेलने के लिए बदनाम हुए थे, उन्हें ये आंकड़े पचाने में मुश्किल हो रही है। दुनिया भारत को 'फ्रैजाइल फाइव' में से एक कहती थी। आज, दुनिया भारत को सबसे तेजी से बढ़ती बड़ी अर्थव्यवस्था बनते हुए देख रही है।'मोदी ने 2013 में गुजरात के मुख्यमंत्री के तौर पर भी एसआरसीसी में भाषण दिया था। उन्होंने आगे कहा, 'सिर्फ पिछले हफ्ते ही भारत की अर्थव्यवस्था को लेकर कई सकारात्मक घटनाएं हुई हैं। 7.8 फीसदी की तिमाही ग्रोथ ने देश का आत्मविश्वास बढ़ाया है। साथ ही, जापान की एक क्रेडिट रेटिंग एजेंसी ने भारत की रेटिंग बढ़ाई है। यह 7.8 फीसदी की ग्रोथ ऐसे समय में हुई है जब पश्चिम एशिया में युद्ध चल रहा है और व्यापार से जुड़ी कई चुनौतियां भी हैं।'

**भारत की क्षमता को दिखाती है यह ग्रोथ:** वह बोले, 'ऐसे हालात में इतनी ग्रोथ हासिल करना भारत की ताकत और क्षमता को दिखाता है। मैं जानता हूं, और आप भी जानते हैं कि जो लोग भारत



को 'फ्रैजाइल फाइव' में धकेलने के लिए बदनाम हुए थे, उन्हें ये आंकड़े पचाने में मुश्किल हो रही है। लेकिन आप सभी इन आंकड़ों को गंभीरता से समझते हैं... दूसरे शब्दों में, भारत न केवल बढ़ रहा है बल्कि रोजगार के नए अवसर भी पैदा कर रहा है। इसके बावजूद जिन लोगों के लिए 2013 में गिलास आधा खाली था, वे आज भी वैसा ही सोचते हैं। उनके लिए गिलास हमेशा आधा खाली ही रहेगा। मैं गिलास की बात कर रहा हूं, मैं किसी चीज के खाली रहने की बात नहीं कर रहा हूं।'

# तेज धार में दो युवक बहे, एक की मिली लाश

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**हंसडीहा।** सोशल मीडिया पर रील बनाने और दोस्तों के साथ मौज-मस्ती का शौक रविवार को तीन दोस्तों पर भारी पड़ गया। धोबई नदी में बने चेकडैम पर तेज धार के बीच उतरने के दौरान दो किशोर गहरे पानी में डूब गए। इनमें 16 वर्षीय रमण मंडल का शव करीब चार घंटे की तलाश के बाद बरामद कर लिया गया, जबकि पांडव का अब तक कोई सुराग नहीं मिला है। अपने दोनों साथियों को डूबता देख तीसरे दोस्त ने शोर मचाकर आसपास के लोगों को घटना की जानकारी दी। इसके बाद चेकडैम के पास अफरा-तफरी मच गई। सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर जुट गए और नदी में उतरकर दोनों किशोरों की तलाश शुरू कर दी। पुलिस और प्रशासन को भी हादसे की जानकारी दी गई।

स्थानीय लोगों ने काफी देर तक नदी और चेकडैम के आसपास दोनों किशोरों की तलाश की। करीब चार घंटे की मशक्कत के बाद 16 वर्षीय रमण मंडल का शव बरामद हुआ। शव मिलते ही घटनास्थल पर मौजूद स्वजनों और ग्रामीणों में कोहराम मच गया।

बताया जाता है कि तीनों दोस्त धोबई नदी के चेकडैम पर घूमने और रील बनाने के उद्देश्य से पहुंचे थे। नदी में पानी का बहाव तेज था। इसके बावजूद तीनों पानी में उतर गए। इसी दौरान दो किशोर गहरे पानी और तेज धारा की चपेट में आ गए।

तीसरे दोस्त ने दोनों को बचाने का प्रयास किया, लेकिन तेज बहाव के कारण वह सफल नहीं हो सका। उसने शोर मचाकर आसपास के लोगों को बुलाया। इसके बाद ग्रामीणों ने तत्काल नदी में उतरकर दोनों की तलाश शुरू कर दी।

हादसे की जानकारी मिलने के बाद सरैयाहाट के बीडीओ राहुल कुमार शानू घटनास्थल पर पहुंचे। उन्होंने मौके पर चल रहे राहत एवं बचाव कार्य की जानकारी ली। पांडव की तलाश के लिए ग्रामीणों ने दोबारा नदी में उतरने की कोशिश की, लेकिन शाम होने और पानी का बहाव तेज रहने के कारण स्थानीय प्रशासन ने उन्हें रोक दिया।

स्थानीय स्तर पर काफी प्रयास के बावजूद पांडव का पता नहीं चल सका। प्रशासन ने उसकी तलाश के लिए एसडीआरएफ टीम को सूचना दी है। सोमवार को टीम के पहुंचने के बाद नदी में व्यापक स्तर पर सर्च अभियान चलाए जाने की उम्मीद है।

रविवार को तीनों दोस्त धोबई नदी के चेकडैम पर रील बनाने पहुंचे थे। मोबाइल कैमरे के लिए बनाया जा रहा वीडियो देखते ही देखते जिंदगी और मौत के मंजर में बदल गया। तेज धार में उतरने के बाद दो दोस्त पानी में समा गए।

लापता पांडव का घर हंसडीहा से करीब 10 किलोमीटर दूर तेतरिया गांव में है। दोस्तों के बुलाने पर वह हंसडीहा आया था। वहीं, रमण अपने घर का इकलौता बेटा था। उसकी मां सरैयाहाट स्थित इंटरनेशनल स्कूल ऑफ दुमका में शिक्षिका हैं। पांडव के पिता राजेंद्र सिंह टोटो चलाकर परिवार का भरण-पोषण करते हैं।

हादसे के बाद धोबई नदी के चेकडैम पर बड़ी संख्या में ग्रामीणों की भीड़ जुटी रही। घटना को लेकर इलाके में शोक का माहौल है। ग्रामीणों ने कहा कि नदी में पानी का बहाव तेज होने के बावजूद किशोर पानी में उतर गए, जिसके कारण यह दर्दनाक हादसा हुआ।

## बिहार में गाड़ियों का रजिस्ट्रेशन हुआ आसान

**पटना।** राज्य में वाहन निमार्ता कंपनियों को नए मॉडल के वाहनों के निबंधन के लिए अब परिवहन विभाग मुख्यालय से अलग से एकीकृत निबंधन की स्वीकृति लेने की जरूरत नहीं होगी। परिवहन विभाग ने इस व्यवस्था को तत्काल प्रभाव से समाप्त कर दिया है। इससे वाहन कंपनियों और डीलरों को नए मॉडल के वाहनों के निबंधन में सुविधा होगी।

परिवहन विभाग ने इस संबंध में एक आदेश जारी किया है। आदेश में कहा गया है कि नए मॉडल के वाहनों के लिए केंद्रीय मोटरयान नियमावली, 1989 के तहत अधिकृत केंद्रीय एजेंसियों से टाइप अप्रूवल प्रमाणपत्र जारी किया जाता है। अब इसी प्रमाणपत्र के आधार पर आगे की कार्रवाई की जा सकेगी।वाहन निमार्ता कंपनियों को केंद्रीय एजेंसी से जारी टाइप अप्रूवल प्रमाणपत्र और फॉर्म-22 जमा करना होगा। इसके बाद जिला परिवहन पदाधिकारी नियमानुसार ट्रेड सर्टिफिकेट जारी करने और वाहनों के निबंधन की कार्रवाई करेंगे।

# सड़क हादसे में बाइक सवार दो युवकों की मौत

## मुआवजे की मांग को ले आक्रोशित लोगों ने किया सड़क जाम



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गुमला।** सदर थाना क्षेत्र के अम्बोआ पंचायत अंतर्गत सुरसुरिया अम्बोआ के समीप रविवार शाम हुए सड़क हादसे में बाइक सवार दो युवकों की मौत हो गई।

मृतकों की पहचान गिंडरा महुआटोली निवासी 30 वर्षीय रोहित मुंडा और 25 वर्षीय सुदर मुंडा के रूप में हुई है। हादसे के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने अम्बोआ मुख्य मार्ग को करीब एक घंटे तक जाम कर दिया।

जानकारी के अनुसार दोनों युवक बाइक से टैसेरा की ओर से अपने गांव लौट रहे थे। इसी दौरान सुरसुरिया के समीप विपरीत दिशा से आ रहे बालू लदे ट्रैक्टर से बाइक की सीधी टक्कर हो गई।

टक्कर के बाद बाइक अनियंत्रित होकर एक टोटो से जा टकराई। हादसे में दोनों बाइक सवारों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। वहीं, टोटो चालक भी घायल हो गया।

दुर्घटना के बाद बालू लदा ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गया, जबकि चालक मौके से फरार हो गया। घटना के बाद ग्रामीणों ने ट्रैक्टर चालक को गिरफ्तार करने और मृतकों के परिजनों को मुआवजा देने की मांग को लेकर सड़क जाम कर दिया।


सूचना पर प्रशासन की टीम मौके पर पहुंची और ग्रामीणों को समझाने का प्रयास किया। प्रशासन की ओर से तत्काल मृतकों के स्वजन को 10-10 हजार रुपये की सहायता राशि दी गई, जिसके बाद ग्रामीणों ने जाम हटा लिया। मृतक रोहित मुंडा के पीछे चार पुत्रियां और एक पुत्र हैं।

## यंग डेमोक्रेट्स झारखण्ड कार्यसमिति की बैठक सम्पन्न

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पाकुड़।** पाकुड़ में यंग डेमोक्रेट्स झारखण्ड कार्यसमिति की बैठक सफलतापूर्वक सम्पन्न हुई।बैठक की अध्यक्षता झारखण्ड राज्य कन्वेनर उमर फारूक ने की।बैठक में मुख्य अतिथि के तौर पर यंग डेमोक्रेट्स के राष्ट्रीय सदस्य शेख साहब के प्रदेश अध्यक्ष हांजेला शेख और प्रदेश महासचिव तहमीदुर रहमान मौजूद रहे। स्वागत भाषण असिकुल शेख ने दिया। इसके बाद संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करने, आगामी कार्यक्रमों और युवाओं से जुड़े मुद्दों पर चर्चा हुई।बैठक में युवाओं की बेरोजगारी, शिक्षा और स्वास्थ्य पर विशेष बातचीत हुई। अंत में समापन भाषण मुदस्सर शेख ने दिया। इस मौके पर कार्यसमिति के सभी सदस्य उपस्थित थे।

## जिले के छात्रों को 15 तक मिलेगी पोशाक राशि




**जामताड़ा।** सरकारी एवं सहायता प्राप्त विद्यालयों में कक्षा नौवीं से 12वीं तक पढ़ने वाले विद्यार्थियों को पोशाक के लिए मिलने वाली राशि 15 सितंबर तक उनके बैंक खातों में भेजी जाएगी। वित्तीय वर्ष 2026-27 के तहत विद्यार्थियों को यह राशि प्रत्यक्ष लाभ अंतरण (डीबीटी) के माध्यम से उपलब्ध कराई जाएगी। झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद के राज्य निदेशक शशि रंजन ने सभी जिला शिक्षा पदाधिकारी और जिला शिक्षा अधीक्षक को इस संबंध में आवश्यक निर्देश जारी किया है। निर्देश में कहा है कि निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप विद्यार्थियों की सूची पीएफएमएस पोर्टल पर अपलोड कर राज्य कार्यालय के डीबीटी सेल से समन्वय स्थापित किया जाए।

इसके बाद 15 सितंबर तक विद्यार्थियों के बैंक खातों में पोशाक की राशि पहुंचाना सुनिश्चित किया जाए। डीबीटी के बाद विद्यार्थियों और उनके अभिभावकों को राशि से पोशाक खरीदने के लिए भी प्रोत्साहित करने का निर्देश दिया गया है। प्राप्त आंकड़ों के अनुसार, जामताड़ा जिले में कक्षा नौवीं के 10,887, कक्षा 10वीं के 9,276, कक्षा 11वीं के 4,987 और कक्षा 12वीं के 4,908 विद्यार्थी इस योजना के लिए निर्धारित हैं। इस तरह जिले के कुल 30,058 विद्यार्थियों को पोशाक राशि का लाभ मिलेगा।

## थानाध्यक्ष निलंबित

**मोतिहारी।** बिहार पुलिस की साख पर बट्टा लगाने वाले व शराब तस्करों से सांठगांठ रखने वाले पुलिस अधिकारियों के खिलाफ पूर्वी चंपारण पुलिस ने कड़ा रुख अख्तियार कर लिया है। कर्तव्य के प्रति घोर लापरवाही, अनुशासनहीनता और संदिग्ध आचरण के गंभीर आरोपों में पुलिस अधीक्षक स्वर्ण प्रभात ने पहाड़पुर के थानाध्यक्ष अजय कुमार को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। घटना दो से तीन सितंबर की रात के बीच का है। बताया गया है कि पहाड़पुर पुलिस ने कुछ संदिग्ध व्यक्तियों और गाड़ियों को हिरासत में लिया था। आरोप है कि थानाध्यक्ष अजय कुमार ने इस बड़ी कार्रवाई की सूचना अपने वरीय अधिकारियों को नहीं दी। कानून को ताक पर रखकर, बिना किसी उचित सत्यापन व कथित तौर पर मोटी रकम लेकर सभी को चुपके से छोड़ दिया। मामले की जांच थाना के पर्यवेक्षी पदाधिकारी ने की है तो सारी बात सामने आई है। हिरासत में लिए गए लोगों में तीन मामलों में फरार शराब तस्कर भी था। छोड़े गए लोगों में छोटन यादव नामक एक अपराधी भी शामिल था।

## रानीपुर चेक पोस्ट के पास स्टोन चिप्स लदा हाइवा जब्त



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पाकुड़।** जिले में अवैध खनन एवं खनिजों के अवैध परिवहन के विरुद्ध जिला प्रशासन द्वारा लगातार सघन जांच एवं कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में खनन निरीक्षक सुबोध कुमार सिंह और खनन निरीक्षक नवीन कुजूर ने हिरणपुर अंचल स्थित रानीपुर चेक पोस्ट का औचक निरीक्षण किया।निरीक्षण के दौरान रानीपुर चेक पोस्ट के समीप पेट्रोल पंप के सामने स्टोन चिप्स का अवैध परिवहन करते हुए एक हाईवा को पकड़ा गया। जांच के क्रम में आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किए जाने पर वाहन को जब्त कर लिया गया। जब्त हाईवा को आगे की कार्रवाई हेतु हिरणपुर थाना को सुपुर्द कर दिया गया।

जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि जिले में अवैध खनन, खनिजों के अवैध परिवहन एवं भंडारण के विरुद्ध अभियान लगातार जारी रहेगा। नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध नियमानुसार सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

# रिम्स में परिजनों और जूनियर डाक्टरों के बीच झड़प

## मरीज की मौत के बाद बढ़ा विवाद □पुलिस पहुंची, स्थिति को कराया नियंत्रित




नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रांची।** रिम्स के सर्जरी विभाग के सीटू वार्ड में रविवार दोपहर करीब 45 वर्षीय महिला मरीज की मौत के बाद जमकर हंगामा हुआ। मरीज का पेनक्रिएटाइटिस का इलाज चल रहा था। इलाज के दौरान उसकी मौत होने से आक्रोशित स्वजनों ने वहां मौजूद दो जूनियर डॉक्टरों के साथ मारपीट शुरू कर दी।

आरोप है कि स्वजनों ने सलाइन लगाने वाली रॉड निकालकर दोनों डॉक्टरों की पिटाई की और उन्हें एक कमरे में बंद कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही रिम्स के एमबीबीएस छात्र और अन्य मेडिकल छात्र मौके पर पहुंचे।

हालांकि, तब तक अधिकांश स्वजन वहां से निकल चुके थे। इस दौरान एक स्वजन को छात्रों ने पकड़ लिया। उसकी पिटाई करने के बाद उसे रिम्स के ऑडिटोरियम में ले जाकर बंद कर दिया गया।

घटना की सूचना पुलिस को दी गई। पुलिस टीम रिम्स पहुंची और मामले को नियंत्रित किया। इसके बाद अस्पताल परिसर में स्थिति सामान्य हुई। घटना के बाद सर्जरी विभाग में कुछ देर तक अफरातफरी की स्थिति बनी रही और भर्ती मरीजों का इलाज प्रभावित हुआ।

बताया गया कि महिला मरीज का पेनक्रिएटाइटिस के कारण सर्जरी विभाग में इलाज चल रहा था। रविवार दोपहर इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। इसके बाद स्वजनों ने इलाज में लापरवाही का आरोप लगाते हुए वहां मौजूद जूनियर डॉक्टरों को निशाना बनाया। हालांकि, मरीज की मौत पर लापरवाही के आरोप से डाक्टरों ने इनकार किया है। घटना के बाद रिम्स में डॉक्टरों की सुरक्षा को लेकर भी सवाल खड़े हो गए हैं। अस्पताल में पहले भी मरीज की मौत के बाद डॉक्टरों और स्वास्थ्यकर्मियों के साथ मारपीट की घटनाएं सामने आती रही हैं।

# पीएम के 25 वर्ष के सेवा कार्यकाल को लेकर कार्यशाला



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पाकुड़।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सार्वजनिक जीवन में 25 वर्ष के सेवा कार्यकाल को समर्पित सेवा संकल्प अभियान को लेकर जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन अपर्णा मार्केट, पाकुड़ में किया गया। कार्यशाला में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश महामंत्री गणेश मिश्रा उपस्थित रहे। बैठक में बताया गया कि प्रधानमंत्री के 25 वर्ष के सेवा कार्यकाल के उपलक्ष्य में 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक सेवा संकल्प अभियान चलाया जाएगा। इस अभियान का उद्देश्य प्रधानमंत्री के सेवा, सुशासन एवं जनकल्याण के कार्यों को जन-जन तक पहुंचाना तथा सेवा गतिविधियों के माध्यम से समाज के विभिन्न वर्गों के बीच सकारात्मक संदेश पहुंचाना है। प्रधानमंत्री के समर्पण सेवा त्याग के 25वर्ष में सेवा संकल्प समर्पण ना झुके ना रुके ना थके जनता की सेवा में दिन रात निछावर करते हुए, कोरोना जैसी महामारी में बड़े सरल संयमित होकर अपने देश की जनता को महामारी से निकालते हुए जनता की सेवा में लगे रहे, भूख से किसी की मौत ना हो इसके लिए करोड़ो लोगो को राशन देने का कार्य निरन्तर बढ़ाते रहे, लोगो को आयुष्मान योजना के तहत 5 लाख तक मुफ्त इलाज देने हेतु योजना चलाने का कार्य किए, प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत गरीब लाभुकों को पक्के आवास देने का कार्य किए, जल जीवन मिशन के तहत लोगो को स्वच्छ जल नल द्वारा देने का कार्य कर रहे है,महिलाओं के लिए शौचालय निर्माण योजना ,किसानों के लिए सम्मान निधी योजना जैसे अनेक केंद्रीय योजना गरीबो के उत्थान के लिए चलाए। कार्यशाला में अभियान की रूपरेखा, कार्यक्रमों एवं संगठनात्मक तैयारियों पर विस्तार से चर्चा की गई। कार्यकर्ताओं से अभियान को सफल बनाने के लिए सक्रिय रूप से भाग लेने तथा सेवा कार्यों को गांव, पंचायत एवं बूथ स्तर तक पहुंचाने का आह्वान किया गया। मौके पर जिला एवं मंडल स्तर के पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी ने अभियान को सफल बनाने का संकल्प लिया।इस कार्यक्रम में जिला प्रभारी निवास मंडल, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य बबलू भगत दुर्गा मरांडी सहित जिला पदाधिकारी ,पूर्व जिलाध्यक्ष प्रदेश मोर्चा पदाधिकारी मोर्चा अध्यक्ष कार्यक्रम के संयोजक सह संयोजक मंडल अध्यक्ष मंडल प्रभारी एवं दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित हुए। कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री रूपेश भगत एवं धन्यवाद ज्ञापन जिला महामंत्री सह कार्यक्रम संयोजक साधन ठाकुर ने किया।

# पाकुड़ पुलिस ने गांजा के साथ एक को किया गिरफ्तार

## घर से गांजा, तौलने की तीन मशीन, मोबाइल और नकदी बरामद



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पाकुड़।** नगर थाना क्षेत्र के कूड़ापाड़ा स्थित सामुदायिक भवन के समीप शिव मंदिर के पास एक घर में अवैध रूप से गांजा की खरीद-बिक्री किए जाने की सूचना पर पुलिस ने छापेमारी कर एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया। पुलिस ने उसके घर से 194.85 ग्राम गांजा समेत अन्य सामान बरामद किया है।

पुलिस के अनुसार, सूचना के सत्यापन और आरोपित की गिरफ्तारी के लिए एसपी अनुदीप सिंह के निर्देश पर एसडीपीओ कुमार गौरव के नेतृत्व में विशेष छापेमारी दल का गठन किया गया था। दंडाधिकारी की मौजूदगी में टीम ने संबंधित घर में छापेमारी की। पुलिस को देखते ही वहां मौजूद कुछ लोग भागने लगे। मौके से राजेश घोष (45), निवासी कूड़ापाड़ा को पकड़ा गया। तलाशी के दौरान घर से 194.85 ग्राम गांजा, गांजा तौलने की तीन मशीन, एक मोबाइल फोन, 1,090 रुपये नकद और गांजा भरने के लिए चार बंडल प्लास्टिक जिपर बरामद किए गए।

मामले में नगर थाना कांड संख्या 209/26, दिनांक 6 सितंबर 2026 को एनडीपीएस एक्ट की धारा 20 के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है। गिरफ्तार राजेश घोष को न्यायिक अभिरक्षा में भेजा जा रहा है।

छापेमारी टीम में एसडीपीओ कुमार गौरव, थाना प्रभारी अनिल कुमार गुप्ता, पुलिस अवर निरीक्षक सनी सुप्रभात, अनंत शाह, दिनेश सिंह, सहायक अवर निरीक्षक सविता कुमारी सहित नगर थाना के सशस्त्र बल शामिल थे।

# टॉवर पर चढ़ा युवक, उतरने को मिन्नतें करती रही पत्नी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**भरनो।** भरनो प्रखंड के गढ़ाटोली गांव में रविवार दोपहर उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब शराब के लिए पत्नी से पैसे नहीं मिलने से नाराज एक युवक बिजली के हाईटेंशन टावर पर चढ़ गया। युवक के टावर पर चढ़ने की सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंच गए।घटना की जानकारी मिलने पर भरनो थाना पुलिस भी मौके पर पहुंची और स्थिति पर नजर बनाए रखी। जानकारी के अनुसार गढ़ाटोली निवासी बुधनाथ उरांव (35) रविवार दोपहर शराब के नशे में पत्नी से विवाद करने लगा। इसी दौरान उसने शराब पीने के लिए पत्नी से पैसे मांगे।

पत्नी ने पैसे देने से इनकार कर दिया। इससे नाराज होकर बुधनाथ घर से निकलकर गांव के समीप स्थित हाईटेंशन टावर के पास पहुंचा और उस पर चढ़ने लगा। युवक को टावर पर चढ़ता देखकर ग्रामीणों में दहशत फैल गई।

लोग मौके पर जुट गए और उसे नीचे उतरने के लिए समझाने लगे। काफी देर तक ग्रामीणों और पुलिस ने उसे समझाने का प्रयास किया, लेकिन वह तत्काल नीचे उतरने को तैयार नहीं हुआ। इस दौरान परिजन भी चिंतित रहे। बाद में पत्नी ने टावर के नीचे से उसे समझाते हुए नीचे आने का आग्रह किया। पत्नी के बार-बार समझाने और मिन्नत करने के बाद बुधनाथ स्वयं टावर से नीचे उतर आया। उसके सुरक्षित नीचे उतरने के बाद परिजनों और ग्रामीणों ने राहत की सांस ली।

पुलिस ने भी युवक को समझाते हुए भविष्य में इस तरह जान जोखिम में डालने वाली हरकत नहीं करने की सलाह दी। युवक के नीचे उतरने के बाद गांव में स्थिति सामान्य है।

# योजनाओं के क्रियान्वयन में भ्रष्टाचार का आरोप

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**भवनाथपुर।** गढ़वा के भवनाथपुर प्रखंड में मनरेगा योजनाओं के क्रियान्वयन को लेकर कांग्रेस ने गंभीर वित्तीय अनियमितता और कथित भ्रष्टाचार का आरोप लगाया है।

कांग्रेस के गढ़वा जिला प्रवक्ता राहुल दुबे ने मुख्यमंत्री, ग्रामीण विकास मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग के सचिव एवं उपायुक्त गढ़वा को प्रखंड विकास पदाधिकारी के माध्यम से आवेदन देकर पिछले तीन वर्षों की मनरेगा योजनाओं की उच्चस्तरीय जांच की मांग की है।

आवेदन के अनुसार वित्तीय वर्ष 2023-24, 2024-25 और 2025-26 में संचालित करीब 400 तालाब, डोभा एवं कुआं निर्माण योजनाओं में कार्य पूर्ण किए बिना ही कागजों पर निर्माण दर्शाकर लगभग 16 करोड़ रुपये की कथित फर्जी निकासी किए जाने का आरोप है।

राहुल दुबे का दावा है कि क्षेत्र भ्रमण के दौरान कई ऐसी योजनाओं की जानकारी मिली, जिनका सरकारी अभिलेखों में उल्लेख है, लेकिन स्थल पर अपेक्षित निर्माण कार्य नहीं मिला।

उन्होंने भवनाथपुर के प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी आनंद रजक पर भी गंभीर आरोप लगाते हुए कथित रूप से बिचौलियों को संरक्षण देने और योजनाओं में कमीशन वसूली का आरोप लगाया है। हालांकि इन आरोपों की स्वतंत्र पुष्टि नहीं हुई है।

राहुल दुबे ने सभी योजनाओं की स्थल जांच, मस्टर रोल, मजदूरी व सामग्री भुगतान, जियो-टैगिंग और पूर्णता प्रमाणपत्र का सत्यापन कराने की मांग की है। साथ ही संबंधित पदाधिकारी की चल-अचल संपत्ति, बैंक खातों और वित्तीय लेन-देन की सक्षम एजेंसी से जांच कराने की मांग की है।

## बिहार पुलिस में हुआ फेर बदल

**पटना।** गृह विभाग ने व्यापक स्तर पर तबादले किए हैं। विभाग ने 37 पुलिस पदाधिकारियों को इधर से इधर किया है। तबादला किए गए अधिकारियों में कई अनुमंडल पुलिस अधिकारी, पुलिस उपाधीक्षक और अपर पुलिस अधीक्षक शामिल हैं। गृह विभाग ने तबादलों की अधिसूचना जारी कर दी है। सूत्रों के अनुसार एसडीपीओ सदर आरा रहे राकुमार साह को निगरानी ब्यूरो में एसपी बनाया गया है। सदर बेगूसराय एसडीपीओ आनंद कुमार पांडेय को ईओयू में एएसपी बनाया गया है। अशोक कुमार दास को दाउदनगर से एएसपी निगरानी ब्यूरो, सदर सिवान एसडीपीओ अजय कुमार सिंह को एएसपी विशेष शाखा, संजय कुमार झा को एएसपी सिवान से एएसपी विशेष शाखा भेजा गया है। सदर समस्तीपुर एसडीपीओ संजय कुमार पांडेय को एएसपी सैन्य पुलिस 1 पटना, एसडीपीओ सदर मधेपुरा प्रवेंद्र भारती को एएसपी ईओयू, त्रिवेणीगंज एसडीपीओ विभाष कुमार को एएसपी विशेष सशस्त्र सैन्य पुलिस 7 कटिहार, एसडीपीओ महुआ संजीव कुमार एएसपी विशेष सशस्त्र सैन्य पुलिस 15 भीमनगर सुपौल भेजा गया है।

# नहीं मिली एंबुलेंस, गोद में उठाया शव

नवबिहार आइम्स संवाददाता

**पटना।** दानापुर के अनुमंडलीय अस्पताल के पास स्वास्थ्य विभाग के दावों और प्रशासनिक लापरवाही की पोल खोलती एक झकझोर देने वाली तस्वीर सामने आई है, जहाँ बाढ़ में जान गंवाने वाली महिला के शव को परिजनों को खुद गोद में उठाकर अस्पताल ले जाना पड़ा। पटना जिला के दानापुर अनुमंडलीय अस्पताल के दावों की पोल खोलती एक तस्वीर सामने आई है। घटना का वीडियो और तस्वीर सामने आने के बाद स्वास्थ्य व्यवस्था पर सवाल उठ रहे हैं।

दानापुर में शनिवार को बाढ़ के पानी में डूबने से मृत महिला के शव को पोस्टमार्टम के लिए ले जाने के दौरान परिजनों को कथित तौर पर एंबुलेंस या शव वाहन नहीं मिला। परिजनों का कहना है कि उन्होंने आपातकालीन एंबुलेंस सेवा और अस्पताल प्रशासन से संपर्क किया, लेकिन काफी देर इंतजार के बाद भी वाहन मौके पर नहीं पहुंचा। बाढ़ प्रभावित क्षेत्र से लाई गई मृत महिला के शव को पोस्टमार्टम के लिए महज आधे किलोमीटर दूर ले जाने के वास्ते कोई वाहन उपलब्ध नहीं कराया गया। बार-बार गुहार लगाने के बावजूद जब आपातकालीन सेवा और अस्पताल प्रशासन की ओर से कोई एंबुलेंस या शव वाहन नहीं पहुंचा, तो परिजनों को मजबूरन शव को गोद में उठाकर पैदल अस्पताल जाना पड़ा। इस घटना ने दानापुर की आपातकालीन स्वास्थ्य सेवाओं और प्रशासनिक सतर्कता पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

मृतका की पहचान शाहपुर निवासी बंटी यादव की पत्नी संगीता देवी के रूप में हुई है। बताया गया कि वह अपनी दादी के श्राद्ध कार्य में शामिल होने के लिए दियारा क्षेत्र के हवासपुर गांव गई थी।

सीपीएल 2026

# सुनील नरेन का चला जादू

## त्रिनबागो नाइट राइडर्स ने बारबाडोस को 35 रन से हराया

बारबाडोस। कैरेबियन प्रीमियर लीग (सीपीएल) 2026 का 27वां मुकाबला किंग्सटन ओवल, ब्रिजटाउन में खेला गया। बारबाडोस ट्राइडेंट्स और त्रिनबागो नाइट राइडर्स के बीच खेला गया। त्रिनबागो ने 35 रन से मैच जीता। बारबाडोस ने टॉस जीतकर गेंदबाजी का फैसला किया था। पहले बल्लेबाजी करने उतरी त्रिनबागो नाइट राइडर्स ने 6 विकेट पर 147 रन बनाए थे। कप्तान निकोलस पूरन ने 37 गेंदों पर 7 छक्कों और 2 चौकों की मदद से 59 रन की पारी खेली। इसके अलावा,



सलामी बल्लेबाज कोलिन मुनरो ने 32 गेंदों पर 38 रन बनाए। किरोन पोलार्ड ने 15 और जोशुआ डा सिल्वा ने 10 रन बनाए थे। बारबाडोस के लिए गुडाकेस मोती ने 3, मुजीब उर रहमान ने 2 और जकीम पोलार्ड ने 1 विकेट लिए। 148 रन के सामान्य लक्ष्य का पीछा करने उतरी बारबाडोस की बल्लेबाजी पूरी तरह बिखर गई। बारबाडोस 18.3 ओवर में 112 रन पर सिमट गई और 35 रन से मैच हार गई। जैकरी कार्टर और शरफेन रदरफोर्ड ने 21–21 रन बनाए। इसके अलावा, डेनियल सैम्स ने 17, ब्रैंडन किंग्स और सैड्रैक डेसकार्टेस ने 16–16 रन बनाए। क्विंटन डि कॉक और रिवाल्डो क्लार्क जैसे बल्लेबाज शून्य पर आउट हुए। त्रिनबागो के लिए सुनील नरेन ने बेहतरीन और मैच विजयी स्पेल फेंका। नरेन ने 3.3 ओवर में 12 रन देकर 4 विकेट लिए। इसके अलावा, जेड गुली ने 4 ओवर में 20 रन देकर 3 विकेट लिए। लाहिरु कुमारा ने 2 और अकील हुसैन ने 1 विकेट लिया।

**सुनील नरेन को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया–** त्रिनबागो नाइट राइडर्स की सीजन के नौवें मैच में यह तीसरी जीत थी। 6 अंकों के साथ टीम छठे स्थान पर है। वहीं, बारबाडोस की सीजन के छठे मैच में यह चौथी हार थी। 4 अंक के साथ बारबाडोस आखिरी (सातवें) स्थान पर है। एंटिगुआ एंड बरबुडा फॉल्कंस 9 मैचों में 5 जीत के साथ 11 अंक लेकर पहले स्थान पर है।

# फुटबॉल: भारत-पनामा के बीच फ्रेंडली मैच में बदलाव

**नई दिल्ली।** भारत और पनामा के बीच पुरुषों के इंटरनेशनल फ्रेंडली मैच की तारीख में बदलाव हुआ है। यह मुकाबला पहले 26 सितंबर को होना था, लेकिन अब इसे 25 सितंबर को खेला जाएगा। ऑल इंडिया फुटबॉल फेडरेशन (एआईएफएफ) ने रविवार को इसकी घोषणा की। एक मजबूत टीम के खिलाफ यह बहुप्रतीक्षित मैच बेंगलुरु के श्री कांतिरावा स्टेडियम में आयोजित किया जाएगा, जो फीफा मेंस इंटरनेशनल मैच विंडो का हिस्सा है। 'ब्लू टाइगर्स' का सामना 44वीं रैंक वाली उस पनामा टीम से होगा, जिसने फीफा वर्ल्ड कप 2026 में हिस्सा



लिया था। फुटबॉल इतिहास में भारत और पनामा की टीमें पहली बार आमने–सामने होंगी। यह भारत के इतिहास में किसी कॉनकैफ (उत्तर, मध्य अमेरिका और कैरेबियाई फुटबॉल परिसंघ) टीम के खिलाफ 9वां मैच होगा। 'लॉस कैनालेरोस' (पनामा टीम) ने फीफा वर्ल्ड कप 2026 में हिस्सा लिया था। इस वजह से सितंबर का यह मैच उन चार मुकाबलों में पहला होगा जो भारत फीफा वर्ल्ड कप 2026 में हिस्सा लेने वाली टीमों के खिलाफ खेलेगा और फिर 3 अक्टूबर को ब्राजील के साथ मैच होगा।

इसके बाद, भारतीय पुरुष टीम अगली फीफा इंटरनेशनल मैच विंडो के दौरान न्यूजीलैंड का दौरा करेगी, जहां वह मेजबान टीम के विरुद्ध 12 और 15 नवंबर को दो फ्रेंडली मैच खेलेगी। पहला मैच ऑकलैंड के गो मीडिया स्टेडियम में होगा, जबकि दूसरे मुकाबले का आयोजन क्राइस्टचर्च के वन न्यूजीलैंड स्टेडियम में किया जाएगा। इन मुकाबलों की घोषणा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की न्यूजीलैंड यात्रा के दौरान की गई थी और ये दोनों देशों के बीच 'खेल के जरिए एकता के 100 साल' का जश्न मनाने के लिए आयोजित होने वाले खेल आयोजनों की सीरीज का हिस्सा होंगे।



# रुमेश पथिरगे ने रचा इतिहास

## डायमंड लीग खिताब जीतने वाले पहले श्रीलंकाई बने

**ब्रसेल्स।** श्रीलंका के जैवलिन थ्रोअर रुमेश थरंगा पथिरगे ने इतिहास रच दिया है। वह डायमंड लीग चैंपियन बनने वाले पहले श्रीलंकाई बन गए हैं। दुनिया के नंबर 1 जेवलिन थ्रोअर

रुमेश ने ब्रसेल्स के किंग बाउडौइन स्टेडियम में आयोजित डायमंड लीग फाइनल में खिताब जीत सीजन का अंत शानदार और यादगार अंदाज में किया। 23 साल के इस खिलाड़ी ने किंग बाउडौइन स्टेडियम में अपनी तीसरी कोशिश में 89.04 मीटर की बड़ी दूरी तय करके जीत पक्की की। पोलैंड के डेविड वेगनर 87.47 मीटर दूसरे स्थान पर रहे। पूर्व ओलंपिक चैंपियन त्रिनिदाद और टोबैगो के केशोर्न वालकॉट ने सीजन का सबसे अच्छा थ्रो फेंका और 83.99 मीटर के साथ तीसरा स्थान हासिल किया। ग्रेनेडा के दो बार के वर्ल्ड चैंपियन एंडरसन पीटर्स 83.70 मीटर के साथ चौथे स्थान पर रहे। जीत के बाद रुमेश ने कहा, 'मैं डायमंड लीग फाइनल जीतने वाला पहला श्रीलंकाई हूं और इससे मुझे बहुत गर्व है। मैं डायमंड लीग में मुकाबला करने के लिए बहुत उत्सुक था और मैं बहुत खुश हूं कि मुझे फाइनल में जीत मिली। मुझे पता है कि मैं आज 89.04 से कहीं बेहतर कर सकता था, लेकिन हालात मुश्किल थे। मुझे बहुत ज्यादा तापमान की आदत है। मैं अगले कुछ सालों में अटैक करने और मीटिंग रिकॉर्ड तोड़ने की कोशिश करूंगा।'

इस जीत ने श्रीलंकाई खिलाड़ी के लिए एक शानदार डायमंड लीग कैंपेन पूरा किया, जो सीजन के दौरान शानदार प्रदर्शन के बाद सर्किट लीडर के तौर पर फाइनल में पहुंचे थे।

### मोड्रिक ने संन्यास की अटकलों पर लगाया विराम

# नेशंस लीग में खेलेंगे

**मिलान।** लुका मोड्रिक ने क्रोएशिया के लिए अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल खेलना जारी रखने का फैसला किया है। इसी के साथ उन अटकलों पर विराम लग गया, जिनमें अनुभवी मिडफील्डर के नेशनल टीम से संन्यास लेने के कयास लगाए जा रहे थे। क्रोएशियाई फुटबॉल फेडरेशन (एचएनएस) ने शनिवार को पुष्टि की है कि मोड्रिक चेक रिपब्लिक, स्पेन और इंग्लैंड के खिलाफ होने वाले नेशंस लीग मुकाबलों के लिए टीम का हिस्सा होंगे।

यह फैसला मोड्रिक के हाल ही में फीफा वर्ल्ड कप में क्रोएशिया का प्रतिनिधित्व करने के बाद आया है, जहां उनकी टीम को राउंड ऑफ 32 में पुर्तगाल के हाथों 1-2 से हार का सामना करना पड़ा था। टूर्नामेंट के बाद उनके अंतरराष्ट्रीय भविष्य को लेकर संदेह पैदा हो गया था, खासकर इसलिए क्योंकि यह मिडफील्डर सितंबर में 41 साल का होने वाला है। हालांकि, नए नियुक्त हेड कोच स्लेवेन बिलिच और एचएनएस अध्यक्ष मारिजन कुस्टिक के साथ बातचीत के बाद मोड्रिक ने क्रोएशिया के आगामी आधिकारिक मुकाबलों के लिए खुद को उपलब्ध कराया है।



### विमेंस एशिया कप: श्री चरणी और प्रेमा रावत का चला जादू

# पाकिस्तान को दी करारी शिकस्त

**दुबई।** विमेंस एशिया कप 2026 के 9वें मुकाबले में भारतीय टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए पाकिस्तान को एकतरफा अंदाज में 7 विकेट से हराया। दुबई इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में पाकिस्तान से मिले 56 रनों के लक्ष्य को भारतीय टीम ने आसानी से 3 विकेट खोकर 8.4 ओवर में हासिल किया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी भारतीय टीम की शुरुआत अच्छी नहीं रही।

शेफाली वर्मा 6 गेंदों में 12 रन बनाने के बाद पवेलियन लौटीं। नंबर तीन पर प्रतिका रावल का फ्लॉप शो इस मैच में भी जारी रहा और वह 4 रन ही बना सकीं। स्मृति मंधाना भी बल्ले से कुछ खास कमाल नहीं दिखा सकीं और वह 9 रन बनाकर आउट हुईं। हालांकि, इसके बाद कप्तान हरमनप्रीत कौर और दीप्ति शर्मा ने भारत को कोई और झटका नहीं लगने दिया और टीम को जीत दिलाई।

हरमनप्रीत ने 18 गेंदों में नाबाद 18 रन बनाए, जबकि दीप्ति 14 गेंदों में 12 रन बनाकर नाबाद रहीं।

पाकिस्तान की तरफ से फातिमा सना ने सर्वाधिक 3



विकेट चटकाए। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी पाकिस्तान टीम की शुरुआत अच्छी नहीं रही।

मुनीबा अली और शवाल जुल्फिकार ने मिलकर पहले विकेट के लिए 27 रन जोड़े। मुनीबा 15 गेंदों में 13 रन बनाकर आउट हुईं। वहीं, जुल्फिकार 3 चौकों की मदद से 14 रन बनाने के बाद श्री चरणी का शिकार बनीं।

### हमारी बल्लेबाजी लड़खड़ा गई, पूरी पारी के दौरान संघर्ष किया: फातिमा सना

दुबई। पाकिस्तान को भारत के खिलाफ शनिवार को दुबई इंटरनेशनल स्टेडियम में खेले गए विमेंस एशिया कप 2026 के 9वें मुकाबले में 7 विकेट से करारी हार का सामना करना पड़ा। हार के बाद पाकिस्तानी कप्तान फातिमा सना ने स्वीकार किया है कि उनकी टीम की बल्लेबाजी खराब रही और पूरी पारी के दौरान टीम ने संघर्ष किया।



पाकिस्तानी कप्तान फातिमा सना ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला लिया, लेकिन ये निर्णय टीम पर भारी पड़ गया और पाकिस्तानी टीम 18.1 ओवरों में सिर्फ 55 रन पर सिमट गई। आलम ये रहा कि पाकिस्तान के सिर्फ 2 बल्लेबाज दहाई का आंकड़ा छू सकीं। चार खिलाड़ी अपना खाता तक नहीं खोल सकीं। पहले बल्लेबाजी करने के फैसले पर पाकिस्तानी कप्तान ने कहा, हमारी बल्लेबाजी लड़खड़ा गई पूरी पारी के दौरान हमने संघर्ष किया। हमें पता था कि विकेट ताजा है और हम अधिक से अधिक रन बनाना चाहते थे। हमें भरोसा था कि हमारी गेंदबाजी इकाई अच्छी है। आसान लक्ष्य का पीछा करने उतरी भारतीय टीम ने 29 के स्कोर तक अपने 3 विकेट गंवा दिए थे। हालांकि, इसके बाद टीम ने 8.4 ओवरों में 7 विकेट शेष रहते मैच अपने नाम कर लिया। पाकिस्तान के लिए तीनों विकेट फातिमा सना (3 ओवरों में 17 रन देकर 3 विकेट) हासिल किए। कप्तान सना निजी उपलब्धि से ज्यादा टीम की जीत को तरजीह देती हैं। उन्होंने कहा, मैंने तीन विकेट लिए, लेकिन फिर भी हम मैच हार गए, इसलिए इसका कोई मायने नहीं है। हमें जीत की जरूरत थी, इसलिए तीन विकेट लेने से कोई फर्क नहीं पड़ता। पाकिस्तानी टीम 2 में से 1 मैच गंवाने के बावजूद ग्रुप–ए की प्वाइंट्स टेबल में दूसरे स्थान पर मौजूद है।

# शैफाली ने पहली गेंद पर छक्का लगा बनाया महारिकॉर्ड

## पाक के खिलाफ T20I में ऐसा करने वाली पहली महिला बैटर बनीं

**नई दिल्ली।** भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने पाकिस्तान को महिला एशिया कप 2026 के अपने तीसरे लीग मैच में 7 विकेट से हरा दिया और सेमीफाइनल में जगह बना ली। इस मैच में श्रीचरणी ने शानदार गेंदबाजी करते हुए 4 ओवर में 7 रन देकर 3 विकेट झटके और वो प्लेयर ऑफ द मैच बनीं। पाकिस्तान के खिलाफ हुए इस मैच में भारतीय ओपनर शैफाली वर्मा ने अपनी पारी के दौरान एक ही छक्का लगाया और इसके दम पर उन्होंने एक ऐसा रिकॉर्ड बना दिया जो किसी भी महिला क्रिकेटर ने इससे पहले कभी नहीं किया था।



शैफाली ने पहली गेंद पर छक्का लगा बनाया महारिकॉर्ड- शैफाली वर्मा ने पाकिस्तान के खिलाफ हुए मुकाबले में 6 गेंदों पर 12 रन बनाए और इस दौरान उन्होंने एक छक्का और एक चौका भी लगाया। शैफाली का स्ट्राइक रेट इस दौरान 200.00 का रहा। शैफाली ने इस मुकाबले में दूसरी पारी की पहली ही गेंद पर छक्का लगा दिया और एक बड़ा रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया। शैफाली अब महिला टी20 इंटरनेशनल क्रिकेट में पाकिस्तान के खिलाफ सबसे ज्यादा बार पारी की पहली गेंद पर छक्का लगाने वाली बैटर बन गईं। शैफाली ने एशिया कप 2026 के भारत के तीसरे लीग मैच में पाकिस्तान के खिलाफ पहली गेंद पर छक्का लगाने का कमाल किया तो वहीं इससे पहले साल 2026 में ही एजबेस्टन में शैफाली ने पाकिस्तान के खिलाफ पारी की पहली ही गेंद पर छक्का लगाया था। यानी उन्होंने पाकिस्तान के खिलाफ महिला टी20आई में पारी की पहली ही गेंद पर छक्का लगाने का कमाल दो बार किया। वहीं पाकिस्तान के खिलाफ पारी की पहली गेंद पर एक बार छक्का लगाने का कमाल एमी हंटर ने साल 2025 में डबलिन में किया था।

# हरमनप्रीत कौर ने रचा इतिहास: 150 T20I मैचों में कप्तानी करने वालीं पहली क्रिकेटर बनीं

**नई दिल्ली।** महिला एशिया कप 2026 में शनिवार (5 सितंबर) को पाकिस्तान के खिलाफ मैच में भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर ने इतिहास रच दिया। वह 150 टी20 इंटरनेशनल मैच में कप्तान के तौर पर उतरीं। महिला या पुरुष क्रिकेट में वह यह उपलब्धि हासिल करने वालीं पहली क्रिकेटर बन गईं। दूसरे नंबर पर श्रीलंका की कप्तान चमारी अटापट्टू हैं। उन्होंने 121 मैच में कप्तानी की है। ऑस्ट्रेलिया की मेग लेनिंग ने 100 मैचों में कप्तानी की है। पुरुष क्रिकेट में किसी खिलाड़ी ने 100 मैचों में कप्तानी नहीं की है। नामीबिया के ग्रेहार्ड इरास्मस ने 91 मैचों में कप्तानी की है। आईसीसी के फुल मेंबर्स की बात करें तो पाकिस्तान के बाबर आजम ने 85 और ऑस्ट्रेलिया के एरोन फिंच ने 76 मैचों में कप्तानी की है। भारत के लिए महेंद्र सिंह धोनी ने 72 मैचों में कप्तानी की है।




### हरमनप्रीत कौर ने क्या कहा?

हरमनप्रीत कौर ने इस खास उपलब्धि पर कहा, 'बहुत बड़ी उपलब्धि। लेकिन जरूरी यह है कि आप मैदान पर आनंद लेते रहें और यही जरूरी है। मैं यही करने की कोशिश करती हूं।' भारत–पाकिस्तान मुकाबले की बात करें तो दोनों टीमों ने प्लेइंग 11 में कोई बदलाव नहीं किया। पाकिस्तान ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया।



# साई किशोर ने झटके 5 विकेट

## ग्लॉस्टरशायर की डर्बीशायर पर रोमांचक जीत

**ब्रिस्टल, एजेंसी।** आर साई किशोर (5 विकेट) की बेहतरीन गेंदबाजी की बदौलत ग्लॉस्टरशायर ने रॉथसे काउंटी चैंपियनशिप डिविजन दो मैच के बेहद रोमांचक अंत में डर्बीशायर को 213 रन से हरा दिया। सीट यूनिक स्टेडियम में खेले गये मुकाबले में ग्लॉस्टरशायर के इस विदेशी खिलाड़ी ने 18 ओवर में 20 रन देकर 5 विकेट लिए। 319 रन के लक्ष्य का पीछा कर रही बेबस डर्बीशायर की टीम आखिरी सत्र में 39 ओवर के अंदर केवल 105 रन पर सिमट गई। एड मिडलटन ने 17 रन देकर 2 विकेट और ओली प्राइस ने 59 रन देकर 3 विकेट लिए। डर्बीशायर के सभी 10 विकेट स्पिन गेंदबाजो ने झटके। यह घरेलू टीम के लिए किस्मत में शानदार बदलाव था, क्योंकि मैच के पहले दिन उसका स्कोर पांच विकेट पर मात्र 37 रन था।

इससे पहले ग्लॉस्टरशायर ने अपनी दूसरी पारी में 210 रन और जोड़े। माइल्स हैमंड ने 118 और जेम्स ब्रेसी ने नाबाद 104 रन बनाए। दोनों ने चौथे विकेट के लिए 165 रन की बड़ी साझेदारी की और ग्लॉस्टरशायर ने 5 विकेट पर 359 रन बनाकर पारी घोषित की। ब्रेसी 2007 में ग्लॉस्टर के आकर्डेकन मीडो में एलेक्स गिडमैन के बाद प्रथम श्रेणी मैच में दो शतक लगाने वाले ग्लॉस्टरशायर के पहले खिलाड़ी बने। तालिका में सबसे नीचे चल रही ग्लॉस्टरशायर ने 19 अंक हासिल किए और लगातार छह हार का सिलसिला समाप्त किया। इस सीजन में उसकी दोनों जीत डर्बीशायर के खिलाफ ही आई हैं। ब्रिस्टल से डर्बीशायर को सिर्फ़ चार अंक मिले और टीम को भारी निराशा के साथ लौटना पड़ा। जब ग्लॉस्टरशायर ने 3 विकेट पर 149 रन से आगे खेलना शुरू किया, तब डर्बीशायर को जल्दी विकेट लेने की ज़रूरत थी। लेकिन फील्डिंग में उससे कई गलतियां हुईं। शोएब बशीर ने अपनी ही गेंद पर ब्रेसी का कैच छोड़ दिया, तब उनका स्कोर सिर्फ 5 रन था।

# भारत ने पुरुष जूनियर एशिया कप में जापान से खेला ड्रॉ

**मोकी (चीन), एजेंसी।** भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम ने रविवार को यहां जूनियर एशिया कप के पूल ए के अपने दूसरे मुकाबले में शानदार जुझारूपन दिखाते हुए जापान के खिलाफ 3-3 से ड्रॉ खेला। इंडोनेशिया के खिलाफ पहले पूल मैच में 14-0 की बड़ी जीत दर्ज करने वाली भारतीय टीम ने चौथे मिनट में पेनल्टी स्ट्रोक के जरिए बढ़त हासिल की। फाउल के बाद मिले इस मौके को कप्तान अनमोल एक्का ने गोल में बदलकर भारत को 1-0 से आगे कर दिया। भारत ने दबाव बनाए रखा और 10वें मिनट में आशु मौर्य ने पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदलकर टीम की बढ़त 2-0 कर दी। जापान ने तुरंत जवाबी हमला करते हुए 11वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर हासिल किया। रयूशिन सासाकी ने इस मौके को गोल में बदलकर अंतर 2-1 कर दिया। दूसरे क्वार्टर में दोनों टीमों ने आक्रामक खेल जारी रखा। भारत बढ़त बढ़ाने की कोशिश कर रहा था जबकि जापान बराबरी की तलाश में था।



हाफटाइम तक भारत 2-1 से आगे था। तीसरे क्वार्टर में भी यही सिलसिला जारी रहा। दोनों टीमें नियंत्रण हासिल करने के लिए संघर्ष करती रहीं।

## संक्षिप्त समाचार

### सबनवा में हादसे के बाद सड़क जाम, ग्रामीणों का फूटा आक्रोश

**मोहम्मदगंज, पलामू/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** हैदरनगर-मोहम्मदगंज मुख्य पथ पर सबनवा गांव के समीप रविवार सुबह हुए सड़क हादसे में स्कूटी सवार डाली गांव निवासी शंभू राम की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। बताया जाता है कि शंभू राम स्कूटी से डाली पथ से मुख्य सड़क पर प्रवेश कर रहे थे। इसी दौरान मोहम्मदगंज की ओर से हैदरनगर जा रहे एक अज्ञात पिकअप वाहन ने स्कूटी में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे के बाद चालक वाहन लेकर फरार हो गया। घटना की सूचना मिलते ही ग्रामीण मौके पर जुट गए और आक्रोशित होकर हैदरनगर-मोहम्मदगंज मुख्य पथ को जाम कर दिया। सूचना पर मोहम्मदगंज व हैदरनगर थाना की पुलिस पहुंची और ग्रामीणों को समझा-बुझाकर जाम समाप्त कराया। मोहम्मदगंज बीडीओ सह सीओ रणवीर कुमार भी घटनास्थल पर पहुंचे। प्रशासन की ओर से तत्काल राहत के तहत मृतक के परिजनों को 10 हजार रुपये नकद उपलब्ध कराने तथा संबंधित डीलर को 50 किलो चावल देने का निर्देश दिया गया। वहीं, आपदा प्रबंधन के तहत नियमानुसार मुआवजा दिलाने की प्रक्रिया शुरू करने का आश्वासन दिया गया।ग्रामीणों ने सबनवा के समीप लगातार हो रही दुर्घटनाओं पर चिंता जताते हुए सीसीटीवी कैमरा, स्पीड ब्रेकर और सड़क किनारे मिरर लगाने की मांग की। सीओ एवं थाना प्रभारी ने आवश्यक पहल का भरोसा दिलाया। इसके बाद सड़क जाम हटा और यातायात सामान्य हो गया।

### जन्माष्टमी विसर्जन जुलूस में विवाद के बाद युवक की मौत, कुएं में मिला शव

**मेदिनीनगर, नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पलामू के तरहसी थाना क्षेत्र के छेचानी गांव में शनिवार रात कृष्ण जन्माष्टमी विसर्जन जुलूस के दौरान विवाद के बाद 25 वर्षीय चंदन साव की मौत हो गई। ग्रामीणों के अनुसार, डांस करने को लेकर युवकों के बीच विवाद हुआ और मारपीट के बाद चंदन जान बचाकर भागने लगा, इसी दौरान वह कुएं में गिर गया। देर रात तक घर नहीं लौटने पर परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की। घटनास्थल के पास चप्पल मिलने के बाद खोजबीन की गई, तो कुएं से चंदन का शव बरामद हुआ। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए एमएमसीएच, मेदिनीनगर भेज दिया है। बताया गया कि विवाद में शामिल युवक एक ही समाज और आपस में रिश्तेदार हैं। परिजनों की ओर से फिलहाल थाना में आवेदन नहीं दिया गया है। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है।

### पत्नी की गला दबाकर की हत्या, आरोपित गिरफ्तार

**लातेहार, नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** शहर के मुख्य पथ स्थित बिजली ऑफिस के समीप शनिवार रात एक होटल के कमरे से महिला का शव बरामद होने से सनसनी फैल गई। सूचना पर एसडीपीओ संदीप कुमार गुप्ता और थाना प्रभारी अशोक कुमार पासवान पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और जांच शुरू की। पुलिस के अनुसार, मृतका की पहचान हरखा गांव निवासी रविंद्र यादव की पत्नी के रूप में हुई है। प्रारंभिक जांच में पति-पत्नी के बीच विवाद की बात सामने आई है। आरोप है कि शराब के नशे में पति ने विवाद के दौरान पत्नी की गला दबाकर हत्या कर दी। पुलिस ने आरोपी पति को गिरफ्तार कर लिया है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

### जंगली हाथी के हमले में व्यक्ति घायल

**मांडू (रामगढ़)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मांडू प्रखंड की मांडूचट्टी पंचायत के बसौदी गांव स्थित डगडगीया जंगल में जंगली हाथियों की मौजूदगी से आसपास के क्षेत्र में भय का माहौल बना हुआ है। वन विभाग एवं स्थानीय लोगों के अनुसार क्षेत्र में पांच जंगली हाथियों के होने की सूचना है। रविवार की सुबह डगडगीया निवासी छोटेलाल किस्कू अपने खेत में दवा डालने गए थे। इसी दौरान जंगली हाथी ने उन पर हमला कर दिया, जिससे वह घायल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से किसी तरह उनकी जान बचाई गई। इसके बाद उन्हें तत्काल इलाज के लिए मांडू स्वास्थ्य केंद्र लाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए रामगढ़ सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। मामले की जानकारी मिलने पर मांडू विधायक प्रतिनिधि पंकज कुमार गुप्ता ने वन विभाग की टीम से बात कर घायल व्यक्ति को आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने की मांग की।उन्होंने स्थानीय लोगों से अपील करते हुए कहा कि जंगली हाथियों के पास न जाएं और जब तक हाथियों को क्षेत्र से नहीं हटाया जाता, तब तक लोग अपने पक्के घरों में ही रहें। उन्होंने लोगों से सतर्क एवं सावधान रहने की अपील की।

### अवैध हथियार के साथ दो गिरफ्तार

**दरभंगा, नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बिहार में दरभंगा जिले के कमतौल थाना क्षेत्र में पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी कर अवैध हथियार रखने के आरोप में दो लोगों को गिरफ्तार किया है। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी एस के सुमन ने रविवार को बताया कि कमतौल थाना पुलिस द्वारा गुप्त सूचना के आधार पर थाना अंतर्गत वाजितपुर गांव में छापेमारी कर एक देशी पिस्टल, पांच जिंदा कारतूस और एक कार बरामद किया है। इस मामले में मधुबनी जिले के जयनगर थाना क्षेत्र के यूनियन टोल वार्ड संख्या-03 निवासी राजा कुमार साह उर्फ राजा साह तथा दरभंगा जिले के केवटी थाना क्षेत्र के जलवारा वार्ड संख्या-08 निवासी मोहम्मद गुलाब को विधिवत गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने बताया कि दोनों के विरुद्ध आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

### पुनपुन का लक्ष्मण झूला सील, आवागमन पर रोक

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पुनपुन नदी के लगातार बढ़ते जलस्तर को देखते हुए जिला प्रशासन ने बड़ा फैसला लिया है। पुनपुन के प्रसिद्ध लक्ष्मण झूला को सील कर दिया गया है और बैरिकेडिंग लगाकर आवागमन पर पूरी तरह रोक लगा दी गई है। दरअसल नदी खतरे के निशान से ऊपर बह रही है और जलस्तर लगातार बढ़ रहा है। इसे देखने और सेल्फी लेने के लिए बड़ी संख्या में लोग लक्ष्मण झूला पर जुट रहे थे, जिससे किसी अनहोनी की आशंका बढ़ गई थी। भीड़ को नियंत्रित करने और सुरक्षा के मद्देनजर प्रशासन ने झूला पर आवाजाही पर पूर्ण पाबंदी लगा दी है।गौरतलब है कि बढ़ते जलस्तर के कारण रेलवे विभाग ने भी पटना-गया रेल खंड की 10 ट्रेनों को रद्द और 10 एक्सप्रेस ट्रेनों को डायवर्ट कर दिया है, जबकि डाउन लाइन को बंद कर दिया गया है। अनुमंडल प्रशासन ने आम लोगों से अपील की है कि बाढ़ के पानी को देखने के चक्कर में निचले इलाकों और नदी घाट की ओर न जाएं। सावधानी ही सुरक्षा है। नदी तट पर जाने से बचें।

# खेल प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं उचित मंच की जरूरत : ममता देवी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**चितरपुर(रामगढ़)।** चितरपुर क्षेत्र के कुंदरुकला गांव स्थित महथा बगीचा में आयोजित झारखंड प्रतिभा फुटबॉल टूनार्मेंट के उद्घाटन समारोह में इंडियन नेशनल कांग्रेस पार्टी की जिलाध्यक्ष सह रामगढ़ विधायक ममता देवी मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुईं।

इस अवसर पर उन्होंने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उनका उत्साहवर्धन किया तथा सभी खिलाड़ियों को बेहतर प्रदर्शन और उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। ममता देवी ने कहा कि खेल युवाओं में अनुशासन, आत्मविश्वास और नेतृत्व क्षमता विकसित करने का महत्वपूर्ण माध्यम है। क्षेत्र में खेल प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है। जरूरत है कि प्रतिभावान खिलाड़ियों को उचित मंच और बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं। उन्होंने कहा कि खेल गतिविधियों को बढ़ावा देने और युवाओं को सकारात्मक दिशा देने के लिए हरसंभव सहयोग किया जाएगा।

कार्यक्रम के दौरान रामगढ़ विधायक ममता देवी ने अपने विधायक मद से उक्त मैदान में *शेड एवं चेंजिंग रूम निर्माण कार्य का शुभ शिलान्यास* भी किया। खिलाड़ियों को आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध होने से उन्हें अभ्यास एवं प्रतियोगिताओं के दौरान सहूलियत मिलेगी। साथ ही क्षेत्र की खेल प्रतिभाओं को आगे बढ़ने का बेहतर अवसर प्राप्त होगा। मौके पर दिनेश मुंडा, जिला कार्यकारी अध्यक्ष पंकज प्रसाद तिवारी, मनोज पुझर, हीरालाल महतो, भरत महतो, दिगंबर गुप्ता, शंभू बेदिया, खेमन महतो, कुलदीप करमाली, शैलेंद्र महतो, रंजीत करमाली, छोटेलाल महतो, कमलेश बेदिया, लालदेव महतो, मिटकु रविदास, त्रिभुवन महतो एवं कालीचरण बेदिया सहित सैकड़ों लोग मौजूद थे।

## जपला में 10 सितंबर को होगा छठी महोत्सव, कान्हा-राधा के साथ श्रद्धालुओं को पहुंचने का न्योता



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**हुसैनाबाद, पलामू।** श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर जपला के छठ पोखरा स्थित बाबा विश्वनाथ भास्कर मंदिर परिसर में 10 सितंबर, गुरुवार को विशेष छठी महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। आयोजन दोपहर 1 बजे से शाम 6 बजे तक चलेगा। आयोजन समिति की ओर से इसकी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।

आयोजकों ने श्रद्धालुओं से महोत्सव में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है। आमंत्रण में विशेष रूप से श्रद्धालुओं से कान्हा-राधा को सजाकर साथ लाने का आग्रह किया गया है। इससे आयोजन में धार्मिक और सांस्कृतिक रंग और गहरा होगा।महोत्सव को लेकर आयोजकों ने कहा कि यह कार्यक्रम श्रद्धा, भक्ति और सामाजिक सहभागिता का संगम होगा। इसमें क्षेत्र के श्रद्धालुओं की भागीदारी के साथ भगवान श्रीकृष्ण के प्रति आस्था और भक्ति का उत्सव मनाया जाएगा। आयोजन समिति ने क्षेत्रवासियों से परिवार सहित कार्यक्रम में पहुंचकर कान्हा-राधा के साथ महोत्सव की शोभा बढ़ाने की अपील की है।

## जोहार खोरठा क्लासेस का हुआ उद्घाटन

**खोरठा भाषा का बेहतर अध्ययन करने से मंजिल मिलना सुनिश्चित : प्रो. निरंजन**



**चितरपुर(रामगढ़), नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** चितरपुर क्षेत्र में खोरठा विषय की प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए *जोहार खोरठा क्लासेस* का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रो. निरंजन महतो ने फीता काटकर संस्थान का उद्घाटन किया। इसके बाद डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के चित्र पर पुष्प अर्पित कर दीप प्रज्वलित किया गया। साथ ही केक काटकर उनकी जयंती मनाई गई। जानकारी के अनुसार, संस्थान में कक्षा 9वीं, 10वीं सहित विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कराई जाएगी। विशेष रूप से जेएसएससी, जेपीएससी, जेईटी, जेटीईटी, एनईटी एवं जेआरएफ परीक्षाओं के लिए खोरठा विषय के निर्धारित पाठ्यक्रम को तय समय-सीमा में पूरा कराने की व्यवस्था की गई है। इस अवसर पर मुख्य अतिथि प्रो. निरंजन महतो ने कहा कि खोरठा भाषा का बेहतर अध्ययन विद्यार्थियों को प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता की दिशा में आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। उन्होंने विद्यार्थियों को नियमित अध्ययन और सही मार्गदर्शन के साथ तैयारी करने की सलाह दी। संस्थान की संचालिका प्रो. मीना मुंडा, असिस्टेंट प्रोफेसर, चितरपुर कॉलेज, चितरपुर (खोरठा विभाग) ने कहा कि विद्यार्थियों को खोरठा विषय की बेहतर तैयारी के साथ प्रतियोगी परीक्षाओं के अनुरूप मार्गदर्शन दिया जाएगा।

## रोटरी क्लब ऑफ रामगढ़ ने हर्षोल्लास से मनाया शिक्षक दिवस



**रामगढ़, नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** सेवा, सामाजिक जिम्मेदारी और सामाजिक सरोकारों को केंद्र में रखते हुए रोटरी क्लब ऑफ रामगढ़ की ओर से शिक्षक दिवस समारोह का आयोजन रोटरी क्लब सभागार में गरिमापूर्ण माहौल में किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत रोटरी क्लब के अध्यक्ष राजेश मोदी, सचिव आशीष दास, पूर्व अध्यक्षों एवं वरिष्ठ शिक्षक-शिक्षिकाओं ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर तथा डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर की। कार्यक्रम की अध्यक्षता क्लब अध्यक्ष राजेश मोदी ने की, जबकि मंच संचालन अरुण कुमार राय ने किया। इस अवसर पर पूर्व अध्यक्ष सुरेश पी. अग्रवाल, अरुण कुमार राय एवं संजीव सिंह संजू ने शिक्षकों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन देश के पूर्व राष्ट्रपति होने के साथ-साथ महान दार्शनिक और कुशल प्रशासक थे। उनके जन्मदिन के उपलक्ष्य में प्रत्येक वर्ष 5 सितंबर को शिक्षक दिवस मनाया जाता है। भारतीय संस्कृति में गुरु को सदैव उच्च स्थान दिया गया है। क्लब अध्यक्ष राजेश मोदी, सचिव आशीष दास एवं पूर्व अध्यक्ष अमरेश गणक ने कहा कि शिक्षक राष्ट्र के भविष्य को आकार देने वाले कुशल कारीगर होते हैं। शिक्षक केवल किताबी ज्ञान तक सीमित नहीं रहते, बल्कि विद्यार्थियों को सही और गलत का फर्क समझाने के साथ उनके चरित्र का निर्माण करते हैं और सपनों को पूरा करने का हौसला देते हैं। शिक्षक उस दीपक के समान हैं, जो स्वयं जलकर दूसरों के जीवन को रोशन करते हैं। पूर्व अध्यक्ष राजेश कुमार एवं आलोक रतन चौधरी ने कहा कि माता-पिता हमें जन्म देकर पालन-पोषण करते हैं, लेकिन जीवन जीने की सही कला शिक्षक ही सिखाते हैं। शिक्षक की शिक्षा तभी सार्थक होती है, जब विद्यार्थी भी पूरी लगन और मनोयोग से उसे ग्रहण करने के लिए तत्पर रहें। समारोह में उपस्थित शिक्षक-शिक्षिकाओं ने भी अपने विचार साझा किए। इसके बाद रोटरी क्लब ऑफ रामगढ़ की ओर से पूर्व शिक्षक आशुतोष कुमार सिंह, शिक्षिका सीमा सिंह, डॉ. कंचनमाला, डॉ. प्रेरणा कुमार तिवारी, प्रोफेसर डॉ. संजय सिंह, शिक्षक अंजय अग्रवाल, शिक्षक डीके सिंह, राजेश सिंह, नेहा कुमारी, सुधा जैन, नम्रता श्रीवास्तव, रंजू सिंह, संजीव कुमार सिंह, डॉ. संध्या एवं शिक्षक सुधीर कुमार मिश्रा को रोटरी का प्रतीक चिन्ह एवं भगवत गीता भेंट कर सम्मानित किया गया। मौके पर रोटेरियन संजय शर्मा, मदन माहेश्वरी, विजय पोद्दार, संजय जैन, नरेश पासवान, मीनू मोदी, जयेता दास एवं मालती चौधरी सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।

## जरूरतमंदों के बीच नाश्ता व पेयजल वितरण, चेहरे पर दिखी खुशी



**रामगढ़, नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** गरीब समाजसेवी संघ की ओर से रविवार को भुरकुंडा साप्ताहिक बाजार में बड़े पैमाने पर उत्तम नाश्ता एवं शुद्ध पेयजल की व्यवस्था की गई। संघ के सदस्यों ने सैकड़ों जरूरतमंद लोगों के बीच निःशुल्क नाश्ता एवं शुद्ध पेयजल का वितरण किया। नाश्ता एवं पेयजल मिलने से जरूरतमंदों के चेहरे पर खुशी देखने को मिली। संघ के अध्यक्ष मनोज राम, सचिव पप्पू सिंह, कोषाध्यक्ष रमेश राम सहित सक्रिय सदस्य बिनोद साव, सुभाष करमाली एवं प्रदीप अग्रवाल ने अहम योगदान दिया। संघ के पदाधिकारी एवं सदस्यों ने अपने हाथों से जरूरतमंदों को नाश्ता एवं पेयजल वितरित किया। स्थानीय लोगों ने कहा कि गरीब समाजसेवी संघ लगातार नेक कार्य कर रहा है। भुरकुंडा का साप्ताहिक बाजार प्रत्येक रविवार को विशेष महत्व रखता है। छुट्टी का दिन होने के कारण आसपास के लोग सहित दूर-दराज से लोग ट्रेन के माध्यम से खरीदारी करने यहां पहुंचते हैं। किसान भी अपनी सब्जियां, दातून-पतर सहित अन्य सामान बेचने के लिए यहां आते हैं और दिनभर बिक्री करने के बाद अपने-अपने घर लौटते हैं। संघ के सचिव पप्पू सिंह ने कहा कि कोई भी भूखा न रहे, इसी उद्देश्य से छोटी सी कोशिश की जा रही है। जरूरतमंदों के लिए यह निःशुल्क सेवा आगे भी जारी रहेगी।

### धनरुआ में महिला और सास के साथ लाठी-डंडे से मारपीट, पति को जान से मारने की धमकी

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** धनरुआ थाना क्षेत्र के मखदुमपुर गांव में दरवाजे के सामने गली में रोककर एक महिला और उसकी सास के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर ली है।

पीड़िता प्रीति कुमारी (25 वर्ष), पति प्रमोद कुमार, ग्राम मखदुमपुर, पंचायत सोनमई ने थाने में दिए आवेदन में बताया कि सुबह 10 बजे वह घर से निकल रही थी, तभी गांव के ही राहुल कुमार (23 वर्ष), रोहित कुमार (19 वर्ष), विक्रम कुमार (25 वर्ष) और सुषमा देवी (50 वर्ष) ने उसे रोककर गाली-गलौज शुरू कर दी। मना करने पर चारों ने लात-घूंसे और लाठी से हमला कर दिया। रोहित कुमार ने सिर पर लाठी मार दी, जिससे सिर फट गया।

## कोडरमा सांसद अन्नपूर्णा देवी ने पूर्व विधायक निर्भय शाहाबादी से की मुलाकात, जताया शोक



नव बिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** कोडरमा सांसद अन्नपूर्णा देवी रविवार को गिरिडीह स्थित पूर्व विधायक निर्भय कुमार शाहाबादी के आवास पहुंचीं। उन्होंने पूर्व विधायक एवं उनके परिजनों से मुलाकात कर उनकी धर्मपत्नी स्व. श्रीमती प्रभा शाहाबादी के निधन पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की।

सांसद अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि इस दुःख की घड़ी में वह शोकाकुल परिवार के साथ हैं। उन्होंने ईश्वर से दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान देने तथा परिजनों को इस अपार दुःख को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की।

## गंगा में इस बार टूटा अब तक का उच्चतम जलस्तर का रिकार्ड : विजय कुमार चौधरी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**समस्तीपुर।** बिहार के उपमुख्यमंत्री सह जल संसाधन मंत्री विजय कुमार चौधरी ने कहा कि इस वर्ष गंगा में अप्रत्याशित रूप से अत्यधिक पानी आया है और जलस्तर ने अब तक के कई रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं। चौधरी रविवार को समस्तीपुर जिले के कल्याणपुर सर्मथा में पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि बाढ़ की स्थिति पर सरकार लगातार नजर बनाए हुए है। उन्होंने बताया कि राज्य के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में राहत एवं बचाव कार्य किये जा रहे। इसकी निगरानी के लिए प्रभावित क्षेत्रों के जिलाधिकारियों को आवश्यक निर्देश दियें गयें है। चौधरी ने कहा कि वर्ष 2016 में पटना के गांधी घाट पर गंगा का जलस्तर 50.52 मीटर दर्ज किया गया था, जो अब तक का उच्चतम रिकॉर्ड था। इस वर्ष गंगा का जलस्तर 50.58 मीटर तक पहुंच गया है, जिससे पिछले सभी रिकॉर्ड टूट गए हैं। उन्होंने बताया कि जलस्तर में वृद्धि के कारण भागलपुर में भी गंभीर स्थिति उत्पन्न हुई, जहां जल संसाधन विभाग के अधिकारी लगातार कैंप कर स्थिति को नियंत्रित करने में जुटे रहे।

उप मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार का प्रयास है कि बाढ़ का पानी रिहायशी इलाकों में प्रवेश नहीं कर सके। इसके लिए सभी संबंधित विभागों और अधिकारियों को पूरी तरह अलर्ट मूड में रखा गया है। यदि किसी रिहायशी क्षेत्र में बाढ़ का पानी प्रवेश करता है तो वहां तत्काल राहत शिविर शुरू करने का निर्देश दिया गया है।

श्री चौधरी ने बताया कि मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के साथ लगातार बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का हवाई सर्वेक्षण किया जा रहा है।

सर्वेक्षण के दौरान जिन-जिन इलाकों में बाढ़ का पानी प्रवेश करने की जानकारी मिली, वहां तत्काल राहत सामग्री उपलब्ध कराने का मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया है।

# बाढ़ प्रभावित पुनपुन-लोदीपुर पहुंचे सांसद पप्पू यादव पीड़ितों में बांटी राहत, सरकार पर साधा निशाना





**मसौढी, नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पूर्णिया सांसद राजेश रंजन उर्फ पप्पू यादव ने रविवार पुनपुन और लोदीपुर में बाढ़ प्रभावित इलाकों का जायजा लिया। कमर भर पानी में घुसकर उन्होंने पीड़ित परिवारों से मुलाकात की और यथासंभव मदद पहुंचाई।इस दौरान पप्पू यादव को एक बीमार बच्ची मिली जो तेज बुखार से तप रही थी। उसका परिवार उसे पटना में डॉक्टर को दिखाकर कमर भर पानी पार करते हुए घर लौट रहा था। इस दृश्य को देखकर सांसद भावुक हो गए।

ोई है क्या गर्भवती महिला को भी पानी में पैदल जाते देख उन्हें भी रोकर आर्थिक सहायता दी, मीडिया से बात करते हुए पप्पू यादव ने कहा, "जनता की सेवा मेरा प्रण है। सबसे बड़ा सवाल यह है कि जब मुख्यमंत्री और नेता प्रतिपक्ष के आवास से महज 5 किलोमीटर की दूरी पर जनता की यह हालत है, तो बिहार के दूर-दराज इलाकों का क्या हाल होगा?

जनता बाढ़ में डूबी है और सत्ता के जिम्मेदार लोग आत्ममुग्धता में डूबे हैं।उन्होंने सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि जनता के पैसे से सुख-सुविधा लेने वालों के लिए जनता की पीड़ा प्राथमिकता क्यों नहीं है? बाढ़ पीड़ितों को भाषण नहीं, राहत, इलाज, भोजन और सुरक्षित जीवन चाहिए।पप्पू यादव ने कहा, सत्ता में बैठे लोगों को याद रखना चाहिए, कुर्सी जनता देती है और जनता के संकट में उसके साथ खड़ा होना नेताओं का कर्तव्य है। मैं अपनी क्षमता के अनुसार जनता के बीच हूं और जब तक जरूरतमंदों तक राहत नहीं पहुंचती, सेवा का यह अभियान जारी रहेगा।

## नेपाल के गोरखा में थेरंग और बूढ़ी गंडक नदियों में अचानक बाढ़

**मोतिहारी, नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** नेपाल में भोटेकोशी के बाद अब उत्तरी गोरखा जिले में थेरंग खोला और बूढ़ीगंडकी नदी में रविवार को अचानक आई बाढ़ ने व्यापक तबाही मचाई। बाढ़ और भूस्खलन के मलबे की तेज धारा में चार निजी मकान, दो पुल और दो सूक्ष्म जलविद्युत परियोजनाएं बह गईं। हालांकि, समय रहते लोगों के सुरक्षित स्थानों पर चले जाने से अभी तक किसी जनहानि की सूचना नहीं है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, उत्तरी गोरखा के चुमानुवरी ग्रामीण नगरपालिका के वार्ड नंबर चार स्थित नामरुंग में थेरंग खोला में भूस्खलन के मलबे के साथ अचानक आई बाढ़ ने चार स्थानीय नागरिकों के मकानों को पूरी तरह नष्ट कर दिया। प्रभावित मकान नुर्वु ओङ्ग्याल (नुर्वु छिरिङ), उर्गेन छ्योदेन, लाक्पा भुटी और दोर्जे ग्याल्जेन/मिंगमार लामा के बताए गए हैं। बाढ़ के तेज बहाव में मनास्लू ट्रेकिंग मार्ग पर स्थित दो महत्वपूर्ण पुल भी बह गए। इनमें थेरंग नदी पर नामरुंग से मनास्लू क्षेत्र की ओर जाने वाला एक सस्पेंशन पुल तथा नामरुंग के निचले हिस्से में बूढ़ीगंडकी नदी पर बना पुल शामिल है। दोनों पुलों के क्षतिग्रस्त होने से क्षेत्र के ऊपरी और निचले हिस्से के बीच संपर्क बाधित हो गया है। जिला प्रशासन ने स्थिति को देखते हुए मनास्लू ट्रेकिंग मार्ग और लार्क पास की ओर आवागमन अगली सूचना तक रोक दिया है। सहायक मुख्य जिला अधिकारी नेत्र प्रसाद शर्मा ने बताया कि अब तक किसी मानवीय क्षति की सूचना नहीं मिली है। प्रशासन ने यात्रियों और पर्वतारोहियों से अगली सूचना तक इस मार्ग पर यात्रा की योजना नहीं बनाने की अपील की है।

बाढ़ से क्षेत्र की बिजली व्यवस्था को भी भारी नुकसान पहुंचा है। दो माइक्रो-हाइड्रोपावर परियोजनाएं पूरी तरह नष्ट हो गई हैं। इनमें 22 किलोवाट की पुरानी परियोजना और करीब सात करोड़ नेपाली रुपये की लागत से हाल में तैयार 100 किलोवाट की परियोजना शामिल है।

CMYK

## संक्षिप्त समाचार

### बोकारो स्टील सिटी में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी की धूम

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बोकारो स्टील सिटी के सेक्टर 4 जी स्थित हनुमान मंदिर परिसर में आयोजित श्रीकृष्ण जन्माष्टमी उत्सव बड़े ही भक्ति भाव के साथ मनाया जा रहा है। श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही है। श्रीकृष्ण के बाल रूप को देखकर श्रद्धालुओं को मंत्र मुग्ध हो रहे हैं। इस अवसर पर अरुण पाठक ने प्रसिद्ध गीतकार शिव कुमार झा ह्यटिल्लूह्व की रचना मैथिली कृष्ण जन्म सोहर सहित भगवान श्रीकृष्ण, राधा और मीरा की भक्ति से जुड़े कई लोकप्रिय भजनों की भावपूर्ण प्रस्तुति दी। उनकी प्रस्तुति पर उपस्थित श्रद्धालु भावविभोर हो उठे और मंदिर परिसर देर तक भक्ति संगीत की स्वर लहरियों से गूंजता रहा। इस अवसर पर जन्माष्टमी पूजा आयोजन समिति के स्वरूप शेखर पांडेय, राजेश चौधरी, अर्चना चौधरी सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे। समिति के स्वरूप शेखर पांडेय ने बताया कि जन्माष्टमी उत्सव के अवसर पर मंदिर परिसर में प्रतिदिन भजन-कीर्तन का आयोजन किया जा रहा है। भगवान श्रीकृष्ण की छठियारी तक जन्माष्टमी उत्सव का आयोजन जारी रहेगा।

### लोजपा (रा) कार्यकारिणी की बैठक

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** चतरा के विधायक सह लोक जनशक्ति पार्टी के नव नियुक्त प्रदेश अध्यक्ष जनार्दन पासवान के आवास में लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक की गई। बैठक शुरू होने के पूर्व सर्वप्रथम झारखंड के मंत्री तथा गिरिडीह के सदर विधायक सुदीप कुमार सोनू को 2 मिनट मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। बैठक में पार्टी की नीतियों, संगठन के विस्तार, आगामी कार्यक्रमों एवं विभिन्न राज्यों में होने वाले विधानसभा चुनावों की तैयारियों को लेकर पार्टी के पदाधिकारियों के साथ लोक जनशक्ति पार्टी के झारखंड प्रदेश के प्रधान महासचिव विकास रंजन उर्फ



पप्पू सिंह ने विस्तृत चर्चा की तथा बैठक में आए हुए सभी जिलों के जिला अध्यक्ष और कार्यकर्ताओं को मार्गदर्शन देते हुए संगठन की मजबूती, जनसेवा के संकल्प और पार्टी की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने के लिए कहा कि हम सभी पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य करेंगे। और झारखंड प्रदेश में लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास को नई ऊंचाइयों तक लेकर जाएंगे।

### भाजपा पेटरवार मंडल की मासिक बैठक संपन्न

**पेटरवार/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** पेटरवार भारतीय जनता पार्टी पेटरवार मंडल की मासिक बैठक रविवार को पेटरवार भाजपा कार्यालय आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष श्री लाल बहादुर शर्मा ने की। बैठक में मंडल एवं मंडल स्तर के पदाधिकारियों ने भाग लिया तथा संगठनात्मक विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में मुख्य रूप से प्रभारी राजेश पांडे एवं बोकारो के पूर्व जिला अध्यक्ष प्रहलाद महतो उपस्थित थे। बैठक को संबोधित करते वक्ताओं ने कहा



कि भारतीय जनता पार्टी एक कार्यकर्ता आधारित संगठन है और संगठन की मजबूती बूथ स्तर के कार्यकर्ताओं की सक्रियता पर निर्भर करती है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से प्रत्येक बूथ पर नियमित बैठक आयोजित करने, केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को आम जनता तक पहुंचाने तथा आगामी संगठनात्मक कार्यक्रमों को सफल बनाने का आह्वान किया। सभी जुड़े कार्यक्रमों में बढ़-चढ़कर भाग लेने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि पार्टी की नीतियों एवं उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाने का भी आग्रह किया। बैठक का संचालन अमर ज्योति बनर्जी ने की।अंत में मंडल के लालमोहन नायक ने सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर शालिग्राम प्रसाद,पंकज कुमार सिन्हा, लालमोहन नायक, रितु देवी साह, अमर ज्योति बनर्जी, राजेंद्र महतो, चंद्रशेखर महतो, प्रेम प्रकाश प्रसाद, राजेंद्र ठाकुर,चंदन सिन्हा , दिनेश महतो, दिलीप कुमार गुरु सहित काफी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### राजकीय शोक के कारण एसआइआर की सुनवाई स्थगित

अनमैप्ड एवं एनोमली वाले मतदाताओं की सोमवार को होने वाली सुनवाई अब नई तिथि पर

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** एसआईआर-2026 के तहत अनमैप्ड एवं एनोमली वाले मतदाताओं की सोमवार को निर्धारित सुनवाई राजकीय शोक घोषित होने के कारण स्थगित कर दी गई है। सुनवाई की नई तिथि बाद में निर्धारित की जाएगी। जिला उप निर्वाचन पदाधिकारी प्रेमचंद सिन्हा ने बताया कि नई हियरिंग डेट निर्धारित होने के बाद संबंधित बीएलओ मतदाताओं के घर जाकर व्यक्तिगत रूप से इसकी सूचना देंगे। उन्होंने स्पष्ट किया कि नई तिथि की जानकारी लेने के लिए मतदाताओं को किसी कार्यालय में आने की आवश्यकता नहीं है। उन्होंने संबंधित मतदाताओं से अपील की कि वे नई तिथि की जानकारी के लिए अनावश्यक रूप से विभिन्न कार्यालयों का चक्कर न लगाएं। नई सुनवाई की तिथि और समय की जानकारी बीएलओ के माध्यम से समय पर उपलब्ध करा दी जाएगी। जिला प्रशासन ने सभी संबंधित मतदाताओं से धैर्य बनाए रखने और बीएलओ द्वारा दी जाने वाली सूचना के अनुसार नई निर्धारित तिथि पर सुनवाई में उपस्थित होने की अपील की है।

### युवक पर सांसद के नाम का दुरुपयोग करने का आरोप

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** धनबाद परिसदन में रविवार को एक प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए सांसद प्रतिनिधि सुरेश दास ने बलियापुर निवासी आशिष महतो पर गंभीर आरोप लगाए हैं। सुरेश दास ने कहा कि कुछ लोग धनबाद के लोकप्रिय सांसद ढुल्लू महतो के नाम और उनके रसूख का गलत इस्तेमाल कर उनकी छवि को धूमिल करने का प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने इस मामले में सीधे तौर पर बलियापुर निवासी आशिष महतो को जिम्मेदार ठहराया है। सांसद प्रतिनिधि ने बताया कि कुछ दिन पहले आशिष महतो ने फेसबुक पर सांसद ढुल्लू महतो के खिलाफ भ्रामक, झूठी और आपत्तिजनक पोस्ट की थी। फेसबुक के माध्यम से लगातार सांसद और उनके परिवार के खिलाफ अमर्यादित भाषा का प्रयोग किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि फेसबुक पर लिख रहा है कि सांसद के कुत्ते हम पर भौंकना बंद करें और तो और सांसद की पत्नी के खिलाफ भी गाली-गलौज की गई है, जो बिल्कुल बर्दाश्त के बाहर है। सुरेश दास ने कहा कि सांसद ढुल्लू महतो एक जनप्रतिनिधि हैं, जो दिन-रात जनता की सेवा में लगे रहते हैं। कुछ लोग सुनियोजित साजिश के तहत उनका नाम खराब करने में लगे हैं। इस तरह के लोगों के कारण सांसद की छवि धूमिल हो रही है। उन्होंने स्पष्ट किया कि सांसद का इस तरह के किसी भी व्यक्ति या उसके कार्यों से कोई लेना-देना नहीं है। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि फेसबुक के माध्यम से आपत्तिजनक शब्दों का प्रयोग बंद करें। अगर हिम्मत है तो सामने आकर धनबाद के किसी भी क्षेत्र में बैठकर वार्ता करें। सोशल मीडिया पर छिपकर अनाप-शनाप बोलना बंद करें। सांसद प्रतिनिधि ने जिला प्रशासन से मांग की है कि इस पूरे मामले की निष्पक्ष जांच की जाए और जो लोग सांसद के नाम का दुरुपयोग कर रहे हैं, उन पर कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि अगर ऐसे लोगों पर समय रहते कार्रवाई नहीं हुई तो आम जनता में गलत संदेश जाएगा और लोगों का जनप्रतिनिधियों पर से विश्वास उठ जाएगा।

### गणेश मूर्ति की स्थापना, महाराष्ट्र की तर्ज पर निकलेगी विसर्जन यात्रा : रश्मि राज

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** श्री श्री सार्वजनिक गणेश पूजा समिति, बैंक मोड़ की ओर से आगामी गणेश पूजा को लेकर तैयारी जोर-शोर से शुरू कर दी गई है। इसको लेकर रविवार को विनायक भवन, बैंक मोड़ में प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। प्रेस वार्ता में समिति के संरक्षक एवं स्थानीय वार्ड पार्षद रश्मि राज उर्फ सेंकी ने कहा कि हर साल की भांति इस साल भी गणेश पूजा धूमधाम से मनाई जाएगी। 14 सितंबर 2026 को गणपति बप्पा की मूर्ति की स्थापना एवं पूजन होगा, 15 सितंबर को आरती एवं पूजन का आयोजन होगा,



वहीं 16 सितंबर को सुबह से महाप्रसाद के भोग का वितरण किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस बार महाराष्ट्र के तर्ज पर भव्य गणपति विसर्जन यात्रा निकाली जाएगी, जिसके लिए विशेष रूप से महाराष्ट्र से ताशा पार्टी को बुलाया जा रहा है। साथ ही डीजे, लाइट और साउंड की भी बेहतर व्यवस्था की गई है। समिति के अध्यक्ष आकाश रवानी ने कहा कि गणपति बप्पा का आगमन हो गया है और सभी कार्य पूर्ण होंगे।

# रोटरी क्लब चास ने शिक्षक दिवस पर शिक्षकों को किया सम्मानित

**शिक्षक राष्ट्र के भविष्य को दिशा प्रदान करते हैं : श्वेता सिंह**




**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** शिक्षक दिवस के अवसर पर रोटरी क्लब चास द्वारा शिक्षकों के सम्मान में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न निजी और सरकारी विद्यालयों के शिक्षकों को शिक्षा के क्षेत्र में उनके उल्लेखनीय योगदान एवं समाज निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका के लिए सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि बोकारो विधायक श्वेता सिंह थीं। दीप प्रज्वलन के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। श्वेता सिंह ने कहा कि शिक्षक केवल विद्यार्थियों को शिक्षा ही नहीं देते, बल्कि उनके व्यक्तित्व एवं चरित्र का निर्माण कर राष्ट्र के भविष्य को दिशा प्रदान करते हैं। समाज में शिक्षकों का स्थान सदैव सर्वोच्च एवं सम्माननीय रहेगा। रोटरी क्लब चास के अध्यक्ष मुकेश अग्रवाल ने कहा कि शिक्षक समाज के वास्तविक मार्गदर्शक हैं। उनका सम्मान करना पूरे समाज का दायित्व है। अमन मल्लिक ने कार्यक्रम के उद्देश्य पर प्रकाश डाला।कार्यक्रम के संयोजक कुमार अमरदीप ने बताया कि रोटरी क्लब ने शिक्षक दिवस के माध्यम से शिक्षकों के प्रति आभार एवं कृतज्ञता व्यक्त करते हुए नमन किया है। कार्यक्रम का संचालन पूजा बैद ने किया।क्लब के सचिव विनोद चोपड़ा ने कहा कि शिक्षक दिवस शिक्षा एवं समाज सेवा के क्षेत्र में आगे भी विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इस अवसर पर क्लब के संजय बैद,ललिता चोपड़ा, डॉ श्रवण,किरण कुमार,पूर्वी केजरीवाल, धनेश बंका,संजय रस्तोगी,बिनय सिंह, मनोज चौधरी, प्रेम शंकर सिंह, अर्चना सिंह, ऊषा सिंह,आनंद अग्रवाल,शैल रस्तोगी, कविता मल्लिक,ज्योति अग्रवाल , हरबंस सिंह शिक्षकगण एवं गणमान्य लोग उपस्थित थे। कार्यक्रम के अंत में सिद्धार्थ पारख ने सभी सम्मानित शिक्षकों के प्रति आभार व्यक्त किया गया। कार्यक्रम में लगभग दो दर्जन शिक्षकों को सम्मानित किया गया।

## वैज्ञानिक डॉ एम.पी. परमेश्वरन की स्मृति में श्रद्धांजलि सभा का किया गया आयोजन

**पेटरवार/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** पेटरवार प्रखंड के बुंडू पंचायत सभागार में रविवार को ज्ञान विज्ञान समिति झारखंड की बोकारो जिला इकाई के तत्वावधान में प्रख्यात परमाणु वैज्ञानिक एवं जन-विज्ञानी डॉ. एम.पी. परमेश्वरन की स्मृति में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। बैठक में ज्ञान विज्ञान समिति की कार्यों की हुई समीक्षा, बैठक की अध्यक्षता समिति के उपाध्यक्ष पंकज कुमार सिन्हा ने की। मौके पर ज्ञान विज्ञान समिति झारखंड के प्रांतीय कोषाध्यक्ष सुरेंद्र प्रसाद ठाकुर ने कहा कि डॉ. एम.पी. परमेश्वरन ने विज्ञान को केवल प्रयोगशालाओं तक सीमित नहीं रखा, बल्कि उसे सामाजिक बदलाव और तार्किक चेतना का मजबूत माध्यम बनाया। उन्होंने देश में साक्षरता आंदोलन और जन-विज्ञान अभियानों को जो दिशा दी, वह आने वाली पीढ़ियों के लिए सदैव मार्गदर्शक बनी रहेगी। प्रख्यात परमाणु वैज्ञानिक के रूप में प्रतिष्ठित करियर होने के बावजूद उन्होंने अपना पूरा जीवन आम जनता में वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित करने के लिए समर्पित कर दिया।समिति के उपाध्यक्ष पंकज कुमार सिन्हा ने डॉ. परमेश्वरन के विचारों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उनका सपना ऐसे समाज का निर्माण करना था, जहां समता और वैज्ञानिक चेतना प्रत्येक नागरिक के जीवन का हिस्सा बने। उन्होंने विज्ञान के विचारों को सामाजिक बदलाव के लिए धरातल पर उतारने का कार्य किया। इस अवसर पर चमेली देवी ने कहा कि ह्यभारत का भविष्य का भारतह्व अभियान के तहत पूरे जिले में 250 नागरिक शिक्षा केंद्र खोले जाएंगे। इन केंद्रों के माध्यम से गांव एवं पंचायत के लोग अपनी समस्याओं के साथ-साथ शिक्षा, स्वास्थ्य और आजीविका से जुड़े विषयों की जानकारी प्राप्त कर सकेंगे। प्रत्येक नागरिक शिक्षा केंद्र के संचालन की जिम्मेदारी दो स्वयंसेवकों को दी जाएगी। अभियान को सफल बनाने के लिए 19 से 21 सितंबर तक राज्य स्तरीय कार्यशाला आयोजित की जाएगी, जिसमें सभी जिलों से रिसोर्स पर्सन भाग लेंगे।श्रद्धांजलि सभा में राजेश कुमार, वीरेंद्र कुमार ठाकुर, कृष्णानंद महतो, प्रमिला देवी, सुनीता देवी, पार्वती देवी, रमेश कुमार मुंडा, सागर महतो, चमेली देवी, महेश्वर गोराई सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## संविधान बचाओ संघर्ष समिति की बैठक उत्सव भवन में आयोजित

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** संविधान बचाओ संघर्ष समिति के पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत रविवार को उत्सव भवन में एक दिवसीय बैठक का आयोजन किया गया। बैठक अध्यक्ष मंडली की देख-रेख में हुई, जिसका संचालन दिलीप राम ने किया। बैठक में वक्ताओं ने एक स्वर में निर्णय लिया कि 19 सितंबर को जिला परिषद मैदान से जिला मुख्यालय तक प्रदर्शन किया जाएगा। वक्ताओं ने कहा कि केंद्र सरकार जल्द से जल्द संपूर्ण रूप से यूजीसी कानून को सशक्त कर लागू करे। वक्ताओं ने कहा कि केंद्र सरकार एक आंख में सुरमा और दूसरी आंख में काजल लगाने का काम कर रही है। इस दोहरी नीति को बहुजन समाज अब बर्दाश्त नहीं करेगा। केंद्र सरकार संविधान के अनुच्छेद 341, 342 के तहत बहुजनों को मिलने वाली सभी सुविधाएं सुनिश्चित करे। बैठक में मुस्लिम समाज के लोगों ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और यूजीसी कानून लागू कराने की लड़ाई में कंधा से कंधा मिलाकर साथ चलने का संकल्प लिया। वक्ताओं ने कहा कि संविधान के हर आर्टिकल में बहुजनों के लिए अमृत रूपी अधिकार छिपे हैं। सरकार हमारी भागीदारी और हमारी हिस्सेदारी सुनिश्चित करे। समिति के सदस्य देबू महतो ने कहा कि केंद्र सरकार ने ईडब्ल्यूएस आरक्षण 24 घंटे के अंदर पूरे देश में लागू कर दिया, तब बहुजनों ने कोई विरोध नहीं किया। लेकिन जब हमारे हक की बात आती है तो लोग बिना समझे विरोध करने लगते हैं, जो न्यायसंगत नहीं है। बच्चों के बीच भेदभाव कर स्वस्थ समाज में गलत संदेश देना देशभक्ति नहीं है। बैठक में मुख्य रूप से देबू महतो, गणपत महतो, शशि भूषण कुमार, मुन्नीलाल रविदास, शंभू पासवान, अनूप साव, भोलानाथ मंडल, आजाद संथाल, अशोक कुमार चंद्रवंशी, शंकर महतो, हरेराम पंडित, लालधारी रजक, पिंटू तुरी, गोपाल यादव, वकील महतो, किशोर मुर्मू आदि ने अपने विचार रखे।

## भारतीय इस्पात मजदूर महासंघ की 82वीं कार्यसमिति बैठक संपन्न

**बोनस, वेज रिवीजन, एरियर और श्रमिक हितों से जुड़े मुद्दों पर हुई विस्तृत चर्चा**




**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** भारतीय इस्पात मजदूर महासंघ की 82वीं कार्य समिति की दो दिवसीय बैठक 5 एवं 6 सितंबर को सेक्टर-4 स्थित मंगलम भवन में संपन्न हुई। बोकारो स्टील राष्ट्रीय मजदूर संघ के सौजन्य से आयोजित बैठक में देश के विभिन्न इस्पात उद्योगों और खदान क्षेत्रों से आए प्रतिनिधियों ने भाग लिया। बैठक नौ सत्रों में आयोजित की गई, जिसमें कुल 20 एजेंडा बिंदुओं पर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। श्रमिक हित, वेतन संरचना, कार्यस्थल सुरक्षा, सामाजिक सुरक्षा और चिकित्सा सुविधाओं से संबंधित विषय प्रमुख रूप से चर्चा में रहे। बैठक में बोकारो, भिलाई, बर्नपुर, दुगार्पुर, राउरकेला, एनएमडीसी नगरनार, दल्ली राजहरा, किरिबुरु, मेघाहातुबुरु, गुआ, चिड़िया, टेंसा, बोलानी, कुद्रेमुख और सेलम सहित विभिन्न क्षेत्रों से प्रतिनिधि शामिल हुए। इस्पात उद्योग प्रभारी एम. जगदीश्वर राव, सह प्रभारी हिमांशु शेखर बल एवं इस्पात महासंघ के महामंत्री सह एनजेसीएस सदस्य सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे। श्रमिकों की समस्याओं के समाधान के लिए ठोस रणनीति बनाने पर सहमति बनी। बैठक में बोनस, आगामी वेज रिवीजन, 39 माह के एरियर तथा 58 माह के पर्क एरियर जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर विस्तृत चर्चा कर आगे की दिशा निर्धारित की गई। महासंघ ने मजदूरों के अधिकारों की रक्षा और उनके हितों को सर्वोपरि रखते हुए संगठन को और मजबूत बनाने का संकल्प लिया। बैठक की अध्यक्षता महासंघ के कार्यकारी अध्यक्ष अमर जायसवाल ने की, जबकि संचालन महासंघ के महामंत्री रंजय कुमार ने किया। महासंघ ने कहा कि श्रमिक हितों की रक्षा के लिए प्रबंधन और सरकार के साथ प्रभावी संवाद के साथ संघर्ष जारी रहेगा। कार्यक्रम के सफल आयोजन में बोकारो स्टील राष्ट्रीय मजदूर संघ के महामंत्री बिनोद कुमार एवं उनकी टीम की महत्वपूर्ण भूमिका रही। आयोजन में विशेश्वर महतो, शशि भूषण सिंह, अरविंद कुमार, मनोज कुमार, हराधन, हसनयन, अशोक कुमार, कृष्णा केवट और विवेक कुमार सिंह सहित अन्य कार्यकताओं का योगदान रहा।

## रक्तदान शिविर में 36 यूनिट रक्त संग्रह, युवाओं ने दिखाया उत्साह

**ह्यूमैनिटी सेवियर्स और रोटरी क्लब ऑफ बोकारो मिडटाउन कपल्स ने किया आयोजन**




**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** ह्यूमैनिटी सेवियर्स एवं रोटरी क्लब ऑफ बोकारो मिडटाउन कपल्स के संयुक्त तत्वावधान में नया मोड़ स्थित वेस्टर्न फॉर्म में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में कुल 36 यूनिट रक्त संग्रह किया गया। शिविर में युवाओं और महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। ह्यूमैनिटी सेवियर्स के संस्थापक अध्यक्ष एवं ब्लड मैन हरबंश सिंह सलूजा ने बताया कि चास निवासी कपिल परमार का मेदांता अस्पताल, रांची में इलाज चल रहा है। उन्हें प्रतिदिन तीन से चार यूनिट रक्त की आवश्यकता हो रही थी। उनकी रक्त आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए विशेष रूप से इस शिविर का आयोजन किया गया। शिविर की खास बात यह रही कि आशना अग्रवाल और आलोक कुमार राय ने अपने 18वें वर्ष में पहली बार रक्तदान किया। इसके अलावा आठ अन्य रक्तदाताओं ने भी जीवन में पहली बार रक्तदान कर समाजसेवा का संदेश दिया। रोटरी क्लब ऑफ बोकारो मिडटाउन कपल्स के अध्यक्ष रोटेरियन मोहित अग्रवाल ने कहा कि संस्था समय-समय पर रक्तदान शिविर आयोजित कर ब्लड बैंक में रक्त की उपलब्धता सुनिश्चित करने का प्रयास करती है। क्लब के सचिव रोटेरियन शिव अग्रवाल ने कहा कि रक्तदान किसी जरूरतमंद को नया जीवन देने का माध्यम है। शिविर में मनीष केजरीवाल, पुनीत जौहर, मोहित अग्रवाल, शिव अग्रवाल, चनप्रीत सिंह, तनवीर सिंह, कानू कुंडलिया, राजा आहूजा, रिचा आहूजा और अभिषेक अग्रवाल सहित अन्य लोगों ने रक्तदान किया। सभी रक्तदाताओं को मोमेंटो एवं कप देकर सम्मानित किया गया। शिविर के सफल आयोजन में कई सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं रोटरी क्लब के सदस्यों के साथ की मेमोरियल ब्लड बैंक की टीम का सहयोग रहा। अंत में हरबंश सिंह सलूजा ने सभी रक्तदाताओं के प्रति आभार व्यक्त किया।

### सेक्टर 6 मार्केट में भीषण आग, आठ दुकानें जलकर खाक

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बोकारो स्टील सिटी के सेक्टर-6 थाना क्षेत्र स्थित मार्केट में रविवार सुबह करीब छह बजे भीषण आग लगने से आठ झोपड़ीनुमा दुकानें जलकर पूरी तरह खाक हो गईं। आग की चपेट में मिठाई की दुकान, रिपेयरिंग सेंटर, गैस रिफिलिंग सेंटर समेत अन्य दुकानें आ गईं। हादसे में लाखों रुपये के नुकसान की आशंका जताई जा रही है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, सुबह एक दुकान से अचानक चिंगारी निकलती दिखाई दी। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और आसपास की दुकानों को भी अपनी चपेट में ले लिया। आग लगने के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। सूचना मिलने पर अग्निशमन विभाग की दो गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। प्रारंभिक जांच में दुकानों में बोकारो स्टील की बिजली लाइन से कथित रूप से अवैध हुकिंग कर कनेक्शन लेने की बात सामने आई है। इसी को आग लगने की संभावित वजह माना जा रहा है। हालांकि, आग लगने के वास्तविक कारण की पुष्टि जांच के बाद ही हो सकेगी। घटनास्थल पर कथित रूप से अवैध गैस रिफिलिंग सेंटर संचालित किए जाने की जानकारी भी सामने आई है।

## समाहरणालय में दिवंगत मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू को श्रद्धांजलि

**असामयिक निधन झारखंड और बोकारो के लिए अपूरणीय क्षति : उपायुक्त**



**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** झारखंड सरकार के उच्च एवं तकनीकी शिक्षा, नगर विकास एवं आवास तथा पर्यटन, कला-संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग के दिवंगत मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू के असामयिक निधन पर शनिवार को समाहरणालय परिसर में शोक सभा आयोजित कर उन्हें भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी गई। उपायुक्त अजय नाथ झा एवं पुलिस अधीक्षक नाथू सिंह मीणा सहित जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन के अधिकारियों एवं कर्मियों ने दिवंगत मंत्री के चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित किए। इस अवसर पर उपायुक्त अजय नाथ झा ने कहा कि मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू का असामयिक निधन पूरे झारखंड और विशेषकर बोकारो के लिए अपूरणीय क्षति है। उन्होंने कहा कि दिवंगत मंत्री झारखंडी चेतना के महत्वपूर्ण स्तंभ थे और राज्य के विकास तथा जनसेवा के लिए सदैव समर्पित भाव से कार्य करते रहे। उपायुक्त ने कहा कि जनकल्याण और समाज के प्रत्येक वर्ग के विकास के प्रति उनकी प्रतिबद्धता अनुकरणीय थी। उनके झारखंड के विकास के संकल्प को आगे बढ़ाना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। उन्होंने कहा कि जीवन और मृत्यु ईश्वर के हाथ में है, लेकिन वर्तमान और अपने कर्तव्यों के प्रति समर्पण हमारे हाथ में है। इसलिए प्रत्येक व्यक्ति को समाज, राज्य और राष्ट्र के प्रति अपने दायित्वों का ईमानदारी से निर्वहन करना चाहिए। शोक सभा में उपस्थित सभी लोगों ने दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत मंत्री की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। उपायुक्त ने जिला प्रशासन एवं बोकारोवासियों की ओर से शोकाकुल परिवार के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की।

## धनबाद जिला डेकोरेटर्स एसोसिएशन का वार्षिक अधिवेशन संपन्न, 20 शाखाओं के पदाधिकारी एवं सदस्य हुए शामिल

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** धनबाद जिला डेकोरेटर्स एसोसिएशन का 48वां वार्षिक अधिवेशन आज न्यू टाउन हॉल, धनबाद में गरिमापूर्ण एवं उत्साहपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। अधिवेशन में धनबाद जिले की सभी 20 शाखाओं के पदाधिकारी एवं सम्मानित सदस्य बड़ी संख्या में शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्वलित कर की गई। इस अवसर पर जिला के चेयरमैन राजीव कुमार साहू, अध्यक्ष पुरुषोत्तम कुमार रंजन, महासचिव नीरज साहा, सचिव बच्चू दत्ता, कोषाध्यक्ष नसीम अंजुम, उपचेयरमैन महेंद्र गोप, गौतम चक्रवर्ती, वरीय उपाध्यक्ष विश्वनाथ सिंह, मीडिया प्रभारी दिनेश मंडल,प्रवक्ता तम्मना दीवान सलाहकार प्रदीप कुमार सिंह, संजीव श्रीवास्तव, अमित कुमार सहित अन्य वरिष्ठ पदाधिकारी एवं शाखाओं के अध्यक्ष उपस्थित रहे। अधिवेशन में विभिन्न शाखाओं के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने संगठन की मजबूती, आपसी एकता, सदस्य हित, सामाजिक दायित्व तथा भविष्य की कार्ययोजना को लेकर अपने महत्वपूर्ण सुझाव रखे। वक्ताओं ने कहा कि संगठन की वास्तविक शक्ति उसके एक-एक सदस्य में निहित है और सभी शाखाओं को



आपसी भाईचारे एवं सहयोग के साथ आगे बढ़ना चाहिए।

**मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू के निधन पर रद्द की गई प्रोसेशन एवं ध्वजारोहण**

झारखंड सरकार के माननीय मंत्री एवं गिरिडीह विधायक सुदिव्य कुमार सोनू के आकस्मिक निधन पर एसोसिएशन ने गहरा शोक व्यक्त किया। उनके सम्मान में 48वें अधिवेशन के अवसर पर प्रस्तावित प्रोसेशन/रैली को रद्द कर दिया गया। साथ ही शोक एवं सम्मान के प्रतीक के रूप में एसोसिएशन का ध्वजारोहण भी नहीं किया गया। हालांकि, अधिवेशन के अन्य सभी निर्धारित कार्यक्रम पूर्व निर्धारित समय के अनुसार आयोजित किए गए।

**मेधावी छात्रों एवं सामाजिक कार्यों के लिए शाखाओं को सम्मान**

अधिवेशन के दौरान एसोसिएशन के सदस्यों के मेधावी बच्चों को सम्मानित एवं पुरस्कृत किया गया। इस पहल का उद्देश्य बच्चों को शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित करना तथा उनके माता-पिता के योगदान का सम्मान करना था। अध्यक्ष पुरुषोत्तम रंजन ने अस्पष्ट ये कहा कि कोई काम का एडवांस जिस किसी को मिलेगा वही काम करेगा। इसके अलावा सामाजिक एवं राष्ट्रहित के कार्यों के लिए शाखाओं को भी सम्मानित किया गया। धनबाद शाखा को तिरंगा यात्रा के आयोजन के लिए तथा सिंदरी शाखा को वृक्षारोपण अभियान के लिए पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि डेकोरेटर्स समाज केवल व्यवसाय तक सीमित नहीं है, बल्कि सामाजिक एवं राष्ट्रीय जिम्मेदारियों में भी अपनी सक्रिय भूमिका निभाता है। अधिवेशन के अंत में जिला एसोसिएशन ने कार्यक्रम को सफल बनाने में योगदान देने वाले सभी पदाधिकारियों, शाखा अध्यक्षों, सदस्यों, आयोजन समिति एवं सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त किया। पदाधिकारियों ने संकल्प लिया कि आने वाले समय में संगठन को और मजबूत करते हुए सदस्यों के हित एवं कल्याण के लिए अधिक प्रभावी योजनाओं पर कार्य किया जाएगा। धनबाद जिला डेकोरेटर्स एसोसिएशन का बीसों शाखाओं धनबाद, गोविंदपुर, झरिया, पाथरडीह, भूली, पुटकी, महुदा, गोमो, कतरास, बलियापुर, बरवाअड्डा, जोरापोखर, सिंदरी, निरसा, चिरकुंडा, सरायढेला, मलकेरा, बाघमारा, केलियासोल एवं राजगंज सभी उपस्थित थे ।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा नवबिहार टाइम्स प्रिंटिंग प्रेस बियाडा परिसर, जसोइया, औरंगाबाद से मुद्रित तथा प्लॉट नंबर-31, कॉपरेटिव कॉलोनी, बोकारो स्टील सिटी, जिला बोकारो (झारखंड) से प्रकाशित।
संपादक- कमल किशोर, नवबिहार टाइम्स (दैनिक), सत्येंद्र नगर, औरंगाबाद (बिहार), स्थानीय संपादक : मनोज विशाल
फोन नंबर- 9431145865 7295863300
आर.एन.आई. पंजीकरण संख्या : JHAHIN/2017/72655
E-mail- nbtimesbihar@gmail.com